23 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 183

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

वक्फ संपत्ति का सही उपयोग हो तो सऊदी अरब से भी ज्यादा धनी होंगे भारत के मुसलमान : दुष्यंत गौतम

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

आइए, निवेश के लिए तैयार है झारखंड: हेमंत सोरेन

- जीआइजीए ने फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव दिया
- फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण के लिए एमओयू का प्रस्ताव
- मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों और विशेषज्ञों से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

बार्सिलोना/रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पेन के निवेशकों से झारखंड आने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है। वह झारखंड में निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पेन और स्वीडन की यात्रा के चौथे दिन बुधवार को बार्सिलोना में प्रवासी उद्यमियों से मुलाकात के दौरान बोल रहे थे। इस क्रम में झारखंड सरकार को आरसीडी एसपेनियोल फुटबॉल क्लब ने खेल विकास और विशेषकर फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव दिया है। यह सहयोग बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम, झारखंड में खेल, खास कर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देगा। वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों एवं प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मुलाकात की।

इस क्रम में स्टार्टअप मेंटरशिप, क्लीन एनर्जी, पर्यावरणीय स्थिरता, सप्लाई चेन, बायो-फार्मास्यूटिकल्स, खेल विपणन, क्रिकेट टीम ओनरशिप, डीप-टेक बी2बी मार्केटिंग, लीगल, डेंटिस्ट्री और मेडटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिये और झारखंड में एक जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जतायी। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को झारखंड आने और राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

निवेश का मिला प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने टेस्ला ग्रुप एएस (चेकोस्लोवाकिया) के सीइओ एवं सह-संस्थापक डुशान लिचार्डस से भी भेंट की। उन्होंने झारखंड में एक जीआइजीए फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगी। यह संयंत्र नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में कंपनी के रोमानिया के ब्रेइला में किये गये निवेश के समान होगा।

सरकार ने रखा प्रस्ताव

प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि झारखंड में स्टार्टअप और उनके मेंटरों की मैपिंग की जाये। उन्हें वैश्विक इंक्यूबेटरों से जोड़ा जाये। खाद्य प्रसंस्करण, विशेष रूप से झारखंड के कटहल और टमाटर जैसे उत्पादों के मूल्यवर्धित प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त पारंपरिक चिकित्सा (होड़ोपैथी), अनुसंधान एवं विकास, फार्मास्युटिकल, मेडटेक तथा बायोटेक में अनुसंधान जैसे विषय शामिल रहे।

मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद, बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, ताकि सहयोग की दिशा में ठोस प्रगति हो सके। राज्य सरकार प्राप्त सुझावों को नीतियों के मूल्यांकन एवं अद्यतन करते समय ध्यान में रखेगी। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड ने इज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय प्रगति की है और निवेश को शीघ्र एवं सहज रूप से धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

न्यूज रील्स

अमेरिका-भारत ने ट्रेड डील के लिए शर्तें फाइनल की

जयपुर । अमेरिका और भारत ने ट्रेड डील के लिए शर्तों को फाइनल कर दिया है। इसे टर्म्स ऑफ रेफरेंस कहते हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने मंगलवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एक इवेंट में ये जानकारी दी। जेडी वेंस ने कहा मेरा मानना है कि यह राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह फाइनल डील का एक रोडमैप तैयार करेगा। वेंस चार दिन के भारत दौरे पर हैं। सोमवार 21 अप्रैल को वे दिल्ली पहुंचे थे। वे सुबह अक्षरधाम मंदिर गये, शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद रात में ही जयपुर पहुंच गये।

गोल्ड का नया रिकॉर्ड एक लाख पर पहुंचा

नयी दिल्ली । 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम मंगलवार को सराफा बाजार में पहली बार एक लाख रुपये पर पहुंच गया। इधर, चांदी की कीमत 342 रुपये गिरकर 95,900 रुपये प्रति किलो हो गयी है। सोमवार को चांदी का भाव 96,242 रुपये प्रति किलो था। चांदी ने 28 मार्च को 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल जनवरी से अब तक 112 दिन में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 23,838 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव 86,017 रुपये प्रति किलो से 9,883 रुपये बढ़कर 95,900 रुपये पर पहुंच गया है।

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला, 26 पर्यटकों की मौत

- पहलगाम में नाम-धर्म पूछकर गोली मारी, 20 लोग घायल, सुरक्षाबलों ने इलाका घेरा
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से की बात, शाह पहुंचे श्रीनगर

आजाद सिपाही संवाददाता

पहलगाम। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोली चलायी, जिसमें दो विदेशी समेत कम से कम 26 पर्यटकों की मौत हो गयी और 20 घायल हो गये। चश्मदीदों ने दावा किया है कि आंतकियों ने पहले पर्यटकों का नाम-धर्म पूछा और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पर्यटककों का यह समूह पहलगाम की बैसरन घाटी में घुड़सवारी कर रहा था। घायलों की संख्या 20 तक बतायी जा रही है। अभी तक 26 पर्यटक की मौत की पुष्टि हुई है। पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लश्कर समर्थित आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। यह आतंकी संगठन पहले भी दूसरे राज्य के लोगों पर हमला कर चुका है। आतंकवादियों की तलाशा के लिए इलाके की घेरेबंदी के साथ हेलीकॉप्टर से खोजबीन की ज रही है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर गृह मंत्री अमित शाह से बात कर घटना की जानकारी ली। शाह मंगलवार देर शाम श्रीनगर पहुंचे।

पुलिस की वर्दी में थे हमलावर : पर्यटकों को निशाना बनाने वाले कुछ आतंकी पुलिस की वर्दी में थे। इसके चलते स्थानीय लोगों के साथ पर्यटक भी आतंकी होने का अनुमान नहीं लगा पाये। घटना के बाद आइजी और डीआइजी समेत तमाम बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।



हिंदू नाम सुनते ही दागी गोलियां

घायल हुए लोगों ने बताया कि आतंकवादियों के एक गुट ने सैर-सपाटा के दौरान मैगी खा रहे सैलानियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। आतंकवादियों ने पर्यटकों का नाम पूछकर अपनी हैवानियत दिखायी। घायलों और मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आतंकवादियों ने पहले सैलानियों से उनका नाम और धर्म पूछा और उसके बाद गोली मार दी। जम्मू-कश्मीर घूमने जाने वाले पर्यटक श्रीनगर के साथ पहलगाम जरूर जाते हैं।

मोदी के निर्देश पर अमित शाह पहुंचे पहलगाम

पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह और उच्चाधिकारियों को घटना स्थल पर जाने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री इस वक्त सउदी अरब में हैं। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और तत्काल पहलगाम जाने का निर्देश दिया। इस बीच शाह ने आइबी चीफ, जम्मू-कश्मीर के डीजी और सेना और सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी की। उन्होंने वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इसके बाद देर शाम पहलगाम पहुंचे।

संसद ही सुप्रीम, उससे ऊपर कुछ नहीं: धनखड़

- पांच दिन पहले कहा था, सुप्रीम कोर्ट सुपर संसद जैसा काम कर रहा
- दिल्ली विवविद्यालय में संविधान पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संसद सर्वोच्च है। उसके ऊपर कोई नहीं हो सकता। सांसद ही असली मालिक हैं। वही तय करते हैं कि संविधान कैसा होगा। उनके ऊपर कोई और सत्ता नहीं हो सकती। धनखड़ मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में संविधान पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट और संसद के कार्यक्षेत्र को लेकर बहस तमिलनाडु सरकार और वहां के राज्यपाल के बीच विवाद से शुरू हुई थी। राज्य सरकार के बिल रोके जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल को समय सीमा के भीतर एक्शन लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के बिलों को लेकर राष्ट्रपति के लिए भी एक महीने की टाइम लाइन तय कर दी थी। इस फैसले के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और सांसद निशिकांत दुबे के बयान चर्चा में रहे। धनखड़ ने 17 अप्रैल को कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का काम ऐसा है, जैसे वह सुपर संसद हो। वहीं, निशिकांत ने कहा था कि मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ऐसे में सीजेआइ किसी राष्ट्रपति को निर्देश कैसे दे सकते हैं।



संसद से ऊपर कोई और संस्था नहीं

कार्यक्रम में धनखड़ ने कहा कि एक प्रधानमंत्री ने आपातकाल लगाया था, उन्हें 1977 में जवाबदेह ठहराया गया था। इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि संविधान जनता के लिए है और यह उसे सुरक्षित रखता है। संविधान में कहीं नहीं कहा गया है कि संसद से ऊपर कोई और संस्था है। धनखड़ ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा कहे गये शब्द, देश के सर्वोच्च हित को ध्यान में रखकर ही बोले जाते हैं।

झारखंड-बिहार के 15 ठिकानों पर इडी की दबिश

बोकारो के डीसी और सीओ के कार्यालय भी पहुंची टीम

- कई कंस्ट्रक्शन कंपनियों पर शिकंजा
- वन भूमि घोटाले को लेकर कार्रवाई की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/पटना। बोकारो के बहुचर्चित वन भूमि घोटाले में मनी लांड्रिंग मामले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार की सुबह एक साथ झारखंड और बिहार के 15 ठिकानों पर छापेमारी की। सर्वाधिक ठिकाने कंस्ट्रक्शन कंपनियों के दफ्तर और संचालकों से जुड़े हैं। इनमें झारखंड के कारोबारी विमल अग्रवाल और पुनीत अग्रवाल की कंपनी राजवीर कंस्ट्रक्शन भी शामिल है। इसके अलावा बोकारो के जिला वन पदाधिकारी के कार्यालय में भी छापामारी हुई। वहीं, बोकारो में डीसी और सीओ के कार्यालय में भी इडी की टीम पहुंची। धनबाद में इडी ने दबिश दी।

रांची में कई जगहों पर छापामारी: प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी की टीम राजवीर कंस्ट्रक्शन के रांची स्थित हरिओम टावर स्थित कार्यालय और कंपनी के ठिकानों, कांके और हटिया के विभिन्न इलाकों में कंपनी के दफ्तरों और उससे जुड़े लोगों के आवास पर छापा मारा।

बोकारो-धनबाद में भी इडी की दबिश: इडी की टीम बोकारो में डीसी और सीओ के कार्यालय में भी पहुंची। वहीं, जिला वन पदाधिकारी के कार्यालय में भी इडी की छापामारी हुई। टीम ने यहां भी संबंधित मामले के दस्तावेजों को खंगाला। इसके अलावा बोकारो के रितुडीह और सेक्टर 3 स्थित आवास, उकरीद स्थित रैयत इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन के आवास पर भी इडी ने छापा मारा। उधर, इडी ने धनबाद में रजिस्ट्रार रामेश्वर प्रसाद सिंह के हीरापुर स्थित सरकारी आवास और डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी के झारूडीह स्थित देव बिहार अपार्टमेंट में स्थित निजी फ्लैट की तलाशी ली। जांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रजिस्ट्रार पहले बोकारो में तैनात थे। डीटीओ द्विवेदी राजधानी रांची के कांके में सीओ के पद पर कार्यरत रह चुके हैं।

बांका में भी इडी की छापामारी

बांका के बौंसी के डैम रोड में श्रीराम कंस्ट्रक्शन के आवास पर इडी की टीम पहुंची। दो वाहनों से पहुंची इडी टीम ने व्यवसायी के मेडिकल दुकान से लेकर पूरा आवास की सघन छापामारी की। कंपनी के मालिक वीर अग्रवाल एवं मेडिकल संचालक राम अग्रवाल से पूछताछ की जा रही है।

बोकारो वन भूमि का मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला बोकारो में वन विभाग की जमीन के घोटाले से जुड़ा है। इस मामले की जांच झारखंड पुलिस की सीआइडी (अपराध अनुसंधान विभाग) भी कर रही है। बता दें कि यह घोटाला 2022 में सामने आया था। आरोप है कि कुछ सरकारी अधिकारियों ने एक कंपनी को वन विभाग की 74.38 एकड़ जमीन दे दी थी। 2025 में बोकारो के वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने उत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त से इसकी शिकायत की थी।

बिलीवर्स चर्च के पादरी की सड़क दुर्घटना में मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला के सिसई रोड पर नेशनल हाइवे पर सोमवार की देर रात सड़क दुर्घटना में टुकूटोली दुंदुरिया के बिलीवर्स चर्च के 50 वर्षीय पादरी सोमनाथ होनहांगा और जतरा टाना भगत हाई स्कूल के 16 वर्षीय छात्र अनमोल लकड़ा की मौत हो गयी। हादसे में पादरी की पत्नी ज्योति होनहांगा और उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका हाइस्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा कंचन बाड़ा घायल हुई हैं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना उस समय हुई, जब पादरी दंपती रांची से एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान स्कूटी पर सवार अनमोल और कंचन से उनकी सीधी टक्कर हो गयी। स्कूटी की तेज रफ्तार के कारण टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों लोग सड़क पर जा गिरे। पादरी सोमनाथ की मौके पर ही मौत हो गयी। अनमोल की मौत रिम्स ले जाते समय रास्ते में हुई। मूल रूप से मनोहरपुर के रहने वाले पादरी सोमनाथ वर्तमान में गुमला के बिलीवर्स चर्च में सेवारत थे।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में कई झारखंडी सफल

दुमका के सौरभ, कुजू के वैभव और जमशेदपुर के ऋत्विक बनेंगे आइएएस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। देश की सबसे प्रतिष्ठित मानी जानेवाली संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। इसमें झारखंड के कई अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। दुमका के सौरभ सिन्हा को 49वां, सीसीएल कुजू के स्टाफ ऑफिसर (पीएंडपी) वीरेश कुमार के पुत्र वैभव कुमार को 90वां और जमशेदपुर के ऋत्विक को 115वां स्थान मिला है। ये तीनों आइएएस बनेंगे।

वैभव पिछली बार भी इस परीक्षा में सफल होकर आइआरएस बने थे, जबकि ऋत्विक आइपीएस के लिए चयनित हुए थे। वह स्पर्धा प्रकाशन की प्रियंका वर्मा और निदेशक सह पूर्व रेंजर अजय कुमार के पुत्र हैं। झारखंड के ही यश कुमार को 227वां स्थान हासिल हुआ है। बरही की आस्था शरण यादव को 354वां स्थान मिला है। वह जरहिया निवासी शिवशरण गोप की पुत्री हैं। लातेहार के महुआडांड़ निवासी विपुल गुप्ता को 368वां स्थान मिला है, जबकि गढ़वा के मेराल प्रखंड के अकलवानी गांव की छाया कुमारी को 530वां स्थान मिला है। बोकारो के राजकुमार महतो ने 557वां स्थान प्राप्त किया है। वह चास प्रखंड स्थित तियाड़ा गांव के अखबार विक्रेता रामपद महतो के पुत्र हैं। पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह के पुत्र दिव्यांशु शांडिल्य ने 1008वां स्थान हासिल किया है।

कुल 1009 अभ्यर्थी सफल प्रयागराज की शक्ति टॉपर

नयी दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में कुल 1009 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। प्रयागराज की शक्ति दुबे ने परीक्षा में पहला स्थान हासिल किया है। उनके पिता का नाम देवेंद्र दुबे है। दूसरे स्थान पर हरियाणा की हर्षिता गोयल हैं, जो गुजरात के बड़ोदरा में रहती हैं। तीसरे स्थान पर वीआइटी, वेल्लोर से बीटेक करने वाले अर्चित रहे, जबकि चौथे स्थान पर मार्गी हैं। आकाश गर्ग को पांचवां, सहारनपुर की कोमल को छठा, ग्वालियर की आयुषी को सातवां, सीतामढ़ी के राजकृष्ण झा को आठवां, बहादुरगढ़ (हरियाणा) के आदित्य को नौवां और कन्नौज के मयंक को 10वां स्थान मिला है।

टॉप 25 में 11 महिलाएं और 14 पुरुष : यूपीएससी सिविल सेवा के टॉप 5 में तीन लड़कियों ने जगह बनायी है। वहीं टॉप 10 में चार लड़कियां शामिल हैं। टॉप 25 में 11 महिलाएं और 14 पुरुष हैं।

5.8 लाख अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा

सिविल सेवा परीक्षा पिछले साल 16 जून को आयोजित की गयी थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाये गये जो सितंबर 2024 में आयोजित की गई थी। इनमें से 2,845 उम्मीदवार इंटरव्यू के लिए चुने गये। इनमें से 1,009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिलाएं) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग ने अनुशंसित किया है। इस साल आइएएस के लिए 180 रिक्तियां, आइएफएस के लिए 55, आइपीएस के लिए 147, केंद्रीय सेवा समूह ए के लिए 605 और समूह बी के लिए 142 रिक्तियां हैं।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
02

झारखंड पुलिस ने खत्म किया नक्सलियों का 'झुमरा चैप्टर'

■ लुगु पहाड़ में हुई मुठभेड़ के बाद पूरी तरह उखड़ गये हैं नक्सलियों के पैर

■ डीजीपी और दो आइपीएस की रणनीति ने लिखी कामयाबी की पटकथा

झारखंड में पहली बार सुरक्षा बलों ने इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया है। बोकारो के लुगु पहाड़ की तलहटी में सोमवार 21 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली समेत कुल आठ नक्सली मारे गये। इस मुठभेड़ के बाद माना जा रहा है कि नक्सलियों का 'झुमरा चैप्टर' हमेशा के लिए खत्म हो गया है। मुठभेड़ में विवेक, अरविंद और साहब राम मांझी समेत कुल आठ नक्सलियों के मारे जाने के साथ ही नक्सलियों के पैर पूरी तरह उखड़ गये हैं। इससे पहले झारखंड पुलिस ने गढ़वा-लातेहार के बूढ़ा पहाड़ इलाके से नक्सलियों को पूरी तरह खदेड़ दिया था। लुगु पहाड़ मुठभेड़ में मारे गये विवेक के दस्ते का गिरिडीह और बोकारो जिले में काफी प्रभाव था। विवेक का दस्ता पारसनाथ से झुमरा तक सक्रिय था। दरअसल इस मुठभेड़ की पटकथा

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में दो अन्य आइपीएस अधिकारियों ने लिखी, जो पिछले करीब तीन महीने से इस नक्सली दस्ते के मूवमेंट को मॉनिटर कर रहे थे। इस साल अब तक झारखंड पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान में कई बड़ी सफलताएं हासिल की हैं, जिनमें एक दर्जन से ज्यादा नक्सली मुठभेड़ों में मारे गये और कुछ बड़े नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है। लुगु पहाड़ मुठभेड़ के बाद अब ऐसा लगने लगा है कि झारखंड को वास्तव में नक्सल समस्या से हमेशा के लिए छुटकारा मिलनेवाला है। कैसे लिखी गयी लुगु पहाड़ मुठभेड़ की पटकथा और कौन था एक करोड़ का इनामी नक्सली विवेक, जिसने कभी बाबूलाल मरांडी के पुत्र की हत्या की थी, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

झारखंड के 25 साल के इतिहास में पहली बार सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक साथ आठ नक्सली मारे गये हैं। बोकारो के ललपनिया इलाके में 21 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में ये नक्सली मारे गये, जिनमें एक करोड़ का इनामी नक्सली विवेक भी शामिल है। इस मुठभेड़ को झारखंड पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय तक ने झारखंड पुलिस की तारीफ की है। इस मुठभेड़ के बाद नक्सलियों का गढ़ बना झुमरा अब नक्सल मुक्त हो गया है।

कैसे मिली यह कामयाबी

झारखंड पुलिस को यह कामयाबी अकस्मात नहीं मिली। इसके पीछे झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ दो वरिष्ठ आइपीएस की मेहनत और रणनीति है। इन दो आइपीएस अफसरों में आइजी अभियान अमोल वी होमकर और सीआरपीएफ के आइजी साकेत सिंह शामिल हैं। इन तीन पुलिस अफसरों ने मिल कर पिछले तीन महीने में ऐसी रणनीति तैयार की, जिससे शीर्ष नक्सली कमांडर विवेक और उसके दस्ते के सात सदस्य मारे गये। बताया जाता है कि पत्नी जया की मौत के बाद विवेक पारसनाथ और झुमरा में अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में लगा हुआ था। उसकी गतिविधियों पर दोनों अधिकारी नजर रख रहे थे। डीजीपी अनुराग गुप्ता को भी दस्ते के बारे में जानकारी मिल रही थी। इन सूचनाओं के आधार पर विवेक के दस्ते को घेरने की योजना तैयार की गयी। बाकायदा एक वार रूम तैयार किया गया, जिसमें इन तीन अधिकारियों की टीम लगातार रणनीति पर काम करती रही। इन अधिकारियों की रणनीति यह थी कि दस्ते को ऐसी जगह घेरा जाये, जो उसका गढ़ है, ताकि इलाके के लोगों के मन में नक्सलियों का खौफ कम हो सके। फिर डीजीपी को सूचना मिली कि विवेक अपने दस्ते के साथ लुगु पहाड़ की तलहटी में रुका हुआ है। तीनों अधिकारियों ने तत्काल रणनीति को अमल में लाने का फैसला किया और दस्ते को घेर लिया। 20 अप्रैल की देर रात शुरू हुआ यह अभियान 21 अप्रैल की दोपहर तक चला और दोनों ओर से हुई गोलीबारी में विवेक समेत आठ नक्सली मारे गये।

पुलिस नक्सलियों को पहले दबोचने की योजना पर काम कर रही थी, लेकिन जैसे ही सुरक्षाबल नक्सलियों के नजदीक पहुंचे, नक्सल प्रहरी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद बाद बाकी नक्सली भी सक्रिय हुए और पुलिस पर गोलियों की बौछार कर दी। सुरक्षा बलों की रणनीति हर पहलू को ध्यान में रख कर तैयार की गयी थी। इसलिए जवानों ने तत्काल पोजीशन लेकर जवाबी फायरिंग की। नक्सलियों को जल्दी ही पता चल गया कि वे घिर गये हैं। ऐसे में कुछ नक्सली भाग निकलने में कामयाब हो गये, लेकिन आठ को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। मारे गये नक्सलियों में विवेक उर्फ प्रयाग मांझी, स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य अरविंद यादव और जोनल मेंबर कमेटी सदस्य साहब राम मांझी शामिल हैं।

क्यों महत्वपूर्ण है विवेक का मारा जाना

मारा गया नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक दा, जिसे फुचना, नागो मांझी और करण दा जैसे कई नामों से जाना जाता था, भाकपा माओवादी की सेंट्रल कमेटी का सदस्य था। वह संगठन के लिए रणनीतिक और सैन्य मोर्चे पर काम करता था और हाल ही में झारखंड के पारसनाथ क्षेत्र की कमान उसे सौंपी गयी थी, ताकि नक्सली गतिविधियों को फिर से संगठित किया जा सके।

कौन था नक्सली कमांडर विवेक

विवेक दा धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के दलबुढ़ा गांव का रहने वाला था, लेकिन उसकी सक्रियता का क्षेत्र सीमित नहीं था। वह झारखंड के गिरिडीह, बोकारो, लातेहार से लेकर बिहार, बंगाल, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ तक फैले रेड कॉरिडोर में संगठन के लिए वर्षों तक सक्रिय रहा। उसके खिलाफ केवल गिरिडीह में ही 50 से अधिक मामले दर्ज थे।

बाबूलाल मरांडी के पुत्र की हत्या में शामिल था अरविंद यादव

लुगु पहाड़ मुठभेड़ में मारा गया दूसरा प्रमुख नक्सली अरविंद यादव था। वह बाबूलाल मरांडी के पुत्र समेत 20 लोगों की हत्या में शामिल था। उसके बारे में कहा जाता था कि पढ़ा-लिखा होने के साथ-साथ बोलने में भी माहिर था। इसलिए वह संगठन के लिए बेहद महत्वपूर्ण था। उसे अविनाश के नाम से भी जाना जाता था। उसने झारखंड के सबसे बड़े चिलखारी नरसंहार की पटकथा लिखी थी। झारखंड-बिहार की सीमा पर देवरी थाना क्षेत्र के चिलखारी में 2007 में हुए नरसंहार की इस घटना में झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के पुत्र अनूप मरांडी सहित 20 लोग मारे गये थे। अरविंद नये लोगों को संगठन में जोड़ने में माहिर था। सोनो प्रखंड के मोहनपुर में आठ कमरे वाला उसका एक तल्ला मकान आज भी मौजूद है। इसमें उसके माता-पिता रहते हैं। पूर्व में उसके घर पर इडी ने भी छापेमारी की थी। इसी वर्ष 22 जनवरी को बोकारो के ऊपरघाट में हुई मुठभेड़ में अरविंद यादव बाल-बाल बच गया था। वह भेलवाघाटी के रास्ते चकाई के बोगी बरमोरिया जंगल भाग गया था।

ललपनिया फायरिंग में जखमी नक्सली सहित दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

ललपनिया। झारखंड के बोकारो जिले के ललपनिया थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए एनकाउंटर में एक करोड़ के इनामी सहित आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद एक और बड़ी सफलता सुरक्षाबलों के हाथ लगी है। मंगलवार को सुरक्षाबलों ने एक महिला सहित दो नक्सलियों को धर दबोचा है। गिरफ्तार दो नक्सलियों में से एक घायल अवस्था में इलाज करवाते पकड़ा गया है।

सर्च अभियान के दौरान मिली कामयाबी

बोकारो के लुगु पहाड़ी पर सोमवार को हुए एनकाउंटर में एक करोड़ के इनामी विवेक सहित आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद मंगलवार को एक और बड़ी सफलता मिली है। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने महिला नक्सली अनीता और नक्सल कैडर दयानंद को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को हुए एनकाउंटर में कई नक्सलियों के घायल होने की बात सामने आयी थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल के आसपास कई किलोमीटर तक सघन सर्च अभियान चलाया।

सुरक्षा बलों के सर्च ऑपरेशन के दौरान एक व्यक्ति के गोली से घायल होने की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने उस घर को घेर लिया। जहां पर घायल व्यक्ति इलाज करवा रहा था। अंदर जाने पर नक्सली कैडर दयानंद घायल अवस्था में पकड़ा गया। दयानंद को दो गोलियां लगी थीं। उसके पास से दो हथियार भी बरामद किये गये हैं। दयानंद का इलाज अब पुलिस की सुरक्षा में करवाया जा रहा है।

पहले पकड़ी गयी अनिता

बोकारो में हुई मुठभेड़ में सोमवार को एक करोड़ के इनामी विवेक के साथ 5 से 6 महिला नक्सली भी मौजूद थीं। नक्सलियों और पुलिस के बीच जब मुठभेड़ शुरू हुई तो आगे की पंक्ति में गोली चला रही दो महिला नक्सली तालो और रंजू मांझी मौके पर ही मारी गयीं। पास ही मौजूद नक्सली अनीता किसी तरह पुलिस की गोलियों से बचते हुए जंगल की तरफ भाग गयी और जाकर छिप गयी। इसी बीच सुरक्षाबलों ने जब सर्च ऑपरेशन शुरू किया, तब वह पकड़ी गयी। अनिता झारखंड के दुमका जिले की रहने वाली है। उसका पति राजू मांझी भी एक हार्डकोर नक्सली है।

दयानंद को लगी हैं दो गोलियां

घायल अवस्था में पकड़ा गया नक्सली दयानंद बिहार के जमुई का रहने वाला है। दयानंद एनकाउंटर में मारे गये अरविंद यादव का खास सहयोगी था। एनकाउंटर के दौरान सुरक्षा बलों की दो गोली दयानंद को लगी थी। एनकाउंटर के दौरान ही वह किसी तरह जंगल के रास्ते का फायदा उठाकर एक गांव में पहुंचा था और वहां अपना इलाज करवा रहा था। लेकिन पुलिस को मिली सटीक सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

विवेक के दस्ते में अब कौन!

दो नक्सलियों के जिंदा पकड़े जाने की वजह से मारे गये एक करोड़ के इनामी विवेक के दस्ते से जुड़ी कई जानकारियां अब बाहर आ पायेंगी। सोमवार को विवेक सहित आठ नक्सली एनकाउंटर में मारे गये थे। ऐसे में अब और कितने नक्सली उस क्षेत्र में बचे हैं और कौन उन्हें लीड कर सकता है, इसकी सारी जानकारी दयानंद और अनिता से पुलिस इकट्ठा करेगी।

चंपाई सोरेन ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, कहा-

यह कायरता और मानवता पर कलंक है

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह बीजेपी नेता चंपाई सोरेन ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इस हमले को कायरतापूर्ण और मानवता पर सीधा प्रहार करार देते हुए शोक जताया है। एक्स (पूर्व ट्विटर) पर प्रतिक्रिया देते हुए चंपाई सोरेन ने लिखा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर हुआ कायरतापूर्ण आतंकी हमला

मानवता पर सीधा प्रहार है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं धायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद फैलाने वालों को यह समझना चाहिए कि यह नया भारत है, जो हर हमले के बाद और अधिक मजबूत होकर उभरता है। चंपाई सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मामले की मॉनिटरिंग की सराहना करते हुए यह भी कहा कि सरकार का संदेश साफ है– ना भूलेंगे, ना माफ करेंगे! हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश की लहर है, वहीं राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की तमाम हस्तियां इस घटना की निंदा कर रही हैं और केंद्र सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग कर रही हैं।

अंधविश्वास में 3 बहनों ने मिलकर की नानी की हत्या, तंत्र-मंत्र करने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। सरायकेला में अंधविश्वास में पड़कर तीन बहनों ने अपनी नानी की हत्या कर दी। घटना सोमवार की देर रात की है। मामला सरायकेला थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास का है। आरोपी लड़कियों में दो नाबालिग हैं। इनका आरोप है कि उनके भाइयों पर नानी तंत्र-मंत्र करती थीं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बहनों को हिरासत में ले लिया है।

मृतका की पहचान बेगनाडीह ठाटूपाड़ा निवासी 70 वर्षीय सुमित्रा नायक के रूप में हुई है। सुमित्रा को उसकी बेटी ने सोमवार को अपने घर पर बुलाया था। इसी बीच रात में तीनों नातिन के साथ सुमित्रा का विवाद हो गया। तीनों बहनों का आरोप है कि नानी डायन बनकर उनके भाइयों की तबीयत खराब करवा देती थी। तनिषा ने अपनी दो नाबालिग बहनों के साथ मिलकर धारदार हथियार से नानी पर हमला कर दिया। इससे सुमित्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	38.4 °c	23.4 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.12 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.22 बजे

वक्फ संपत्ति का सही उपयोग हो तो सऊदी अरब से भी ज्यादा धनी होंगे भारत के मुसलमान : दुष्यंत गौतम

कांग्रेस ने वक्फ कानून में संशोधन से जमीन लुटेरों को अधिकार दिया : बाबूलाल मरांडी

वक्फ संशोधन कानून को लेकर जनता के बीच संपर्क, संवाद को बढ़ायेगी भाजपा : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंगलवार को वक्फ (संशोधन) संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा द्वारा चलाये जाने वाले जागरण अभियान की प्रदेश टोली, प्रदेश पदाधिकारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी सहित विभिन्न मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के जिलाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक का संचालन जागरण अभियान के प्रदेश संयोजक कमाल खान ने, धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक अमर कुमार बाउरी ने किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी दुष्यंत गौतम ने वक्फ संशोधन अधिनियम की बारीकियों, संशोधन से होने वाले लाभ पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री गौतम ने कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है जिसे भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत मान्यता प्राप्त है। इसमें इस्लामी कानून के तहत पवित्र, धर्मार्थ कारणों से किये गये सभी दान शामिल हैं। कहा कि 2018 की केंद्रीय वक्फ बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 8 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति है। जिसकी कीमत 10 लाख करोड़ से अधिक है।

कहा कि बावजूद इसके आज 31% मुसलमान गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने को मजबूर हैं। वक्फ संपत्ति से गरीब मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया गया। धार्मिक नेताओं और राजनेताओं के बड़े गुट ने वक्फ संपत्तियों को लूटकर आम मुसलमानों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित कर दिया। इस प्रकार जन कल्याण के लिए बना वक्फ भारत का सबसे बड़ा घोटाला बन चुका है। कहा कि लगभग 70% वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा हो चुका है जबकि बाकी संपत्तियां मॉल, होटल और उद्योगों के लिए नाम मात्र किराये पर लीज दे दी गयी हैं।

कहा कि यदि वक्फ की संपत्ति का सदुपयोग होता तो आज भारत के मुस्लिम भाई-बहन सऊदी अरब के मुसलमानों से भी ज्यादा अमीर होते। कहा कि यह संशोधन कहीं से भी धार्मिक मान्यताओं पर अतिक्रमण नहीं है। यह संपत्ति से जुड़े मामलों को पारदर्शी बनाने की पहल है। यह विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने का प्रयास है। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वक्फ की जमीन को लुटेरों से बचाने के लिए वक्फ संशोधन अधिनियम लाया गया है। कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्वभाव है दुष्प्रचार करना। पहले सीएए के बारे में, तीन तलाक के बारे में दुष्प्रचार किया। संविधान के बारे में दुष्प्रचार किया। कहा कि कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी में आसमान जमीन का अंतर है।

कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 2013 में किया गया वक्फ बोर्ड संशोधन नैसर्गिक न्याय के खिलाफ था। जमीन लुटेरों को असीमित अधिकार दिये गये थे। मोदी सरकार ने वक्फ की जमीन दान दाताओं के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए और लुटेरों से जमीन को बचाने के लिए वक्फ संशोधन कानून बनाया है। यह गरीब मुसलमानों के हित में लाया गया संशोधन है। संशोधन कानून से वक्फ बोर्ड अमीर बनेगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी जनता के बीच संपर्क संवाद के माध्यम से वक्फ संशोधन कानून को लेकर जनता के बीच जायेगी। कार्यशाला में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, जागरण अभियान के प्रभारी प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, विकास प्रीतम, आरती कुजूर, गणेश मिश्र, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, सरोज सिंह, मनोज महतो, आरती सिंह, पवन साहू, अमरदीप यादव, किशुन दास, शशांक राज, अनवर हयात, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाह देव, रमाकांत महतो, अविनेश कुमार सिंह, विजय चौरसिया, राफिया नाज, अशोक बड़ाइक, सोना खान, सुधीर श्रीवास्तव, तारिक इमरान आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यकारिणी बैठक में 'संविधान बचाओ अभियान' को लेकर बनी रणनीति

पूरे राज्य में संविधान बचाओ रैली निकालेगी कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रेस क्लब में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के राजू उपस्थित थे। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में भाजपा की ओर से जनता के संवैधानिक अधिकारों पर किये जा रहे हमले और अन्य मुद्दों के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पारित मुख्य प्रस्ताव में केंद्र सरकार की ओर से किये जा रहे संघीय ढांचे पर हमले के खिलाफ पूरे राज्य में संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए जन सहभागिता को बढ़ाने का पर जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी सभी प्रमंडलों में रैलियां आयोजित करेगी और ओबीसी आरक्षण, सरना धर्म कोड, पेसा कानून, लैंड बैंक, नगर निकायों में आरक्षण, आउटसोर्सिंग से हो रही नियुक्तियों की जानकारी जनता को दी जायेगी।

संविधान बचाओ अभियान क्रियान्वयन का समन्वयक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचु को बनाया गया है। अभियान की सफलता के लिए केंद्रीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। केंद्रीय नियंत्रण कक्ष का प्रभारी सूर्यकांत शुक्ला और किशोर शाहदेव, एम तौसीफ, सुरेन राम, नरेंद्र लाल गोपी, सुंदरी तिर्की, अख्तर अली, जितेंद्र त्रिवेदी, प्रेमनाथ मुंडा, हिमांशु सदस्य के रूप में रहेंगे।

ये बने जिला नोडल प्रभारी

संविधान बचाओ अभियान के कार्यक्रमों को क्रियान्वयन के लिए जिला नोडल प्रभारी की नियुक्ति की गयी है। इनमें रामगढ़-प्रदीप तुलस्यान, हजारीबाग-जलेश्वर महतो, कोडरमा-अनवार अहमद अंसारी, गिरिडीह-जेपी पटेल, धनबाद-अशोक चौधरी, बोकारो केएन त्रिपाठी, चतरा- धीरज प्रसाद साहू, रांची ग्रामीण-शहजादा अनवर, रांची महानगर-बन्ना गुप्ता, गुमला-बंधु तिर्की, सिमडेगा-रमा खलखो, लोहरदगा-डॉ राजेश गुप्ता। खूंटी-योगेंद्र साहू, पलामू-विनय सिन्हा दीपू, गढ़वा-सत्यनारायण सिंह, लातेहार-धीरज प्रसाद साहू, पूर्वी सिंहभूम-बलजीत सिंह बेदी, पश्चिमी सिंहभूम-डॉक्टर प्रदीप कुमार बलमुचु सरायकेला खरसावां रामाश्रय प्रसाद, जामताड़ा-बादल पत्रलेख, दुमका-बृजेंद्र प्रसाद सिंह, पाकुड़-सुल्तान अहमद, साहिबगंज-मणिशंकर और देवघर के लिए अजय दुबे और गोड्डा के प्रभारी श्यामल किशोर सिंह को बनाया गया है।

रक्षा राज्यमंत्री ने कांके डैम की हालत पर जतायी नाराजगी

कांके डैम रांची की बड़ी आबादी को जीवन देता है : संजय सेठ

पर्यटन सचिव से की इसकी बेहतरी के लिए कदम उठाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को कांके डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान रांची नगर निगम के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डैम की नारकीय स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पूरे रांची के आधी आबादी को पानी पिलाने वाले डैम की स्थिति इतनी खराब है कि पानी से बदबू आ रही है। डैम के किनारे खड़ा रहना मुश्किल है और अधिकारी चुपचाप हाथ पैर हाथ धरे बैठे हैं। यही पानी मुख्यमंत्री आवास, राज्यपाल आवास जाता है, तब यह हाल है। पूरे डैम में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जलकुंभी चारों ओर भरी पड़ी हैं। वाटर फिल्टर प्लांट में गुणवत्तापूर्ण केमिकल नहीं डालने के कारण पानी की गुणवत्ता खराब हो चुकी है। पहले यहां सुबह-सुबह हजारों की संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक के लिए आते थे। पूरा पाथवे उखाड़ दिया गया है। इसके अंदर सैकड़ों पेड़ लगे थे उसे काट दिया गया। फव्वारा सहित बच्चों एवं बुजुर्गों के बैठने की व्यवस्था थी। सभी को हटा दिया गया है। सबसे बड़ी बात 5-6 महीने के बाद आस्था का महापर्व छठ आने वाला है। कांके डैम के आसपास के लाखों लोग यहां छठ मनाने के लिए आते हैं।

मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अधिकारियों से रातू रोड और कांके रोड की तरफ से आने वाले नाली के पानी को रोकने और वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की बात कही। साथ ही अधिकारियों से नगर निगम, जल संसाधन, मत्स्य पालन और पर्यटन विभाग साथ मिलकर कांके डैम के साफ सफाई के साथ समुचित रखरखाव की लॉन्ग टर्म प्लानिंग करें। यह डैम रांची की बड़ी आबादी को जीवन देता है। यह शासन की जिम्मेदारी है, इस डैम का संरक्षण करें ताकि यहां के जल स्रोत जिंदा रह सके। कांके डैम को बचाने के लिए श्री सेठ ने कहा इसके लिए मैं हर संभव मदद करने को तैयार हूं।

सरकार के प्रयास से महिलाएं हो रही हैं सबल : शिल्पी नेहा तिर्की

चान्हो और मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में सिलाई मशीन सहित आपदा राहत कोष के चेक का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

चान्हो/मांडर। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो और मांडर प्रखंड कार्यालय परिसर में महिलाओं के बीच सिलाई मशीन, आपदा राहत कोष, सड़क दुर्घटना के आश्रितों को मुआवजा, ओलावृष्टि से नुकसान का मुआवजा, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित दूसरी योजनाओं का वितरण किया। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के कथन को आज याद रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा था, 'समाज का विकास उस समाज में महिलाओं की स्थिति से परखा जाता है'। आज झारखंड में सरकार के प्रबल प्रयास से महिलाएं सबल हो रही हैं। राज्य सरकार की योजनाएं महिलाओं के लिए सम्मान के तौर पर हैं। कल्याण विभाग के सौजन्य से सिलाई मशीन के वितरण को गंभीरता से लेने की जरूरत है। अगर राज्य की महिलाएं सामूहिकता के साथ स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाती हैं तो ये रोजगार के क्षेत्र में उनकी स्वतंत्र पहचान स्थापित करेगा। महिलाएं बेहतर ट्रेनिंग के साथ सहकारी समिति से जुड़ कर अपना भविष्य खुद संवार सकती हैं। समाज में कई मौके ऐसे आते हैं जब महिलाएं सामूहिक रूप से काम करते हुए पैसे कमा सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार की जिन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलने जा रहा है वो इसको लेकर अनभिज्ञ हैं। लाभुकों को इस बात की जानकारी तक नहीं है कि उनके बैंक खातों में आपदा राहत कोष का लाभ जा रहा है। इसके लिए प्रखंड के अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वहन करना होगा। लाभुकों की सूची सूचना पर लगानी होगी, ताकि सरकारी योजना मिलने का इंतजार कर रहे ग्रामीणों को समय पर इसकी जानकारी मिल सके। चान्हो प्रखंड कार्यालय के जेएसएलपीएस सभागार में 36 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इसके अलावा आपदा राहत कोष, सड़क दुर्घटना के आश्रितों के बीच चेक का वितरण किया गया। वहीं मांडर में 40 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। वहीं बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

इस मौके पर दोनों ही प्रखंड के बीडीओ, सीओ के साथ-साथ अंचल अधिकारी मौजूद थे। वहीं कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, मुखिया शिव उरांव, अब्दुल्ला अंसारी, यास्मीन, सरिता देवी, अजीत सिंह, दिलीप सिंह, जमिल मल्लिक सहित अन्य नेता मौजूद थे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष	स्वास्थ्य में सुधार होगा व रोगों से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।
वृष	विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। लोकप्रियता का विस्तार।
मिथुन	कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।
कर्क	कारोबार में उन्नति व लाभ प्राप्त होगा,सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।
सिंह	सभी समस्याएं सुलझेंगी एवं अनुकूल वातावरण की सृष्टि होगी, हर क्षेत्र में सफलता।
कन्या	मित्रों व सहयोगियों से आशातीत सहयोग प्राप्त होगा, नई आशाओं का उदय होगा।
तुला	दूर की यात्रा भाग्योदय में सहायक होगी, विविध समस्याओं का समाधान।
वृश्चिक	राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।
धनु	आत्मविश्वास की वृद्धि,रूके कामों में प्रगति,सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
मकर	विद्यार्थियों के लिए यह समय प्रेरणास्पद रहेगा।आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी।
कुंभ	लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।
मीन	चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ रहेगा।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक

राष्ट्र की तरक्की में अपनी भागीदारी निभायें : रबींद्रनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में मंगलवार को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत अध्यक्ष झारखंड विधानसभा सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, झारखंड शाखा रबींद्रनाथ महतो ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य से शुरू की। साथ ही सीपीए झारखंड शाखा के पूर्व सदस्य कृष्णानंदन झा एवं बच्चा सिंह के निधन पर दो मिनट मौन धारण भी किया गया। अध्यक्ष ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की स्थापना एवं संगठन की भूमिका के संबंध में बताया। कहा कि वर्ष 1911 में गठित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ 56 देशों का भव्य संगठन बनकर उभरा है जो संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन है। सुशासन, लोकतंत्र एवं मानव अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए और कानून निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे बड़े संगठन में हम अपनी उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित न होकर यह देखें कि ऐसे सम्मेलन से राष्ट्र की तरक़्की में हम अपनी भागीदारी किस तरह निभा पायें। इस पर भी हमें सोचना चाहिए। आगामी सम्मेलन के संबंध में उन्होंने जानकारी दी कि 06 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक सीपीए का 68वां सम्मेलन बारबाडोस में आयोजित होगा। प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा सह सचिव राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, झारखंड शाखा माणिक लाल हेंब्रम ने बैठक में वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जानकारी दी कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के सदस्यों की संख्या वर्तमान में 137 है। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरूवा, सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिंह, सदस्य जनार्दन पासवान, सदस्य डॉक्टर नीरा यादव, सदस्य निरल पूर्ति, सदस्य उमाकांत रजक, सदस्य रामचंद्र सिंह, पूर्व सदस्य दिनेश उरांव, पूर्व सदस्य शशांक शेखर भोक्ता, पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह सहित सीपीए, झारखंड शाखा से जुड़े सदस्य भी उपस्थित रहे।

टेरर फंडिग मामला : महेश अग्रवाल की याचिका हाइकोर्ट ने की खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित आधुनिक पावर के तत्कालीन महाप्रबंधक महेश अग्रवाल की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को महेश अग्रवाल की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने मामले में नौ अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखा था। महेश अग्रवाल ने अपने खिलाफ किये गये चार्जफ्रेम और खारिज किये गये डिस्चार्ज पिटीशन को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआइए की विशेष अदालत में ट्रायल चल रहा है। एनआइए ने टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 2/2016 को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था।

चौकीदारों की बहाली बीट संख्या के आधार पर हो : देवेंद्रनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के गठन के 25 साल बाद पहली बार चौकीदार के रिक्त पदों पर बहाली प्रक्रिया शुरू की गयी है। लेकिन रांची जिले में इस प्रक्रिया को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगने लगे हैं। इन्हीं शिकायतों को लेकर झारखंड लोकराज्य कर्मचारी महासंघ (जेएलकेएम) के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो ने उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महतो ने यह ज्ञापन रांची के जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ सुदेश कुमार को सौंपा और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की। उन्होंने कहा कि विज्ञापन संख्या 01/2024 के तहत रांची जिले में चौकीदार के रिक्त पदों के लिए आवेदन मांगे गये थे। स्क्रूटनी के बाद 6564 आवेदकों को योग्य पाया गया, जिनकी लिखित परीक्षा 27 अप्रैल को आयोजित की जानी है। इसके लिए राजधानी रांची में 14 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।

हालांकि, कई आवेदकों के प्रवेश पत्र या तो डाउनलोड नहीं हो रहे हैं या उनमें त्रुटियां पायी जा रही हैं। महतो ने दावा किया कि परीक्षा प्रक्रिया में सेटिंग-गेटिंग की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चौकीदार बहाली में स्थानीयता का ध्यान रखते हुए बीट संख्या के आधार पर खतियानधारी मूल झारखंडियों को ही नियुक्त किया जाये।

यदि ऐसा नहीं हुआ, तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। महतो ने प्रशासन से मांग की है कि सभी योग्य आवेदकों का प्रवेश पत्र समय से निर्गत किया जाये और सभी तकनीकी त्रुटियों को परीक्षा से पहले ही सुधार लिया जाये।

तिलकधारी बाबू के निधन से कांग्रेस ने अपना एक सच्चा सिपाही खो दिया : शशि मोहन सिंह

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दारू प्रखंड 20 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति और जिला 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति ने कोडरमा लोकसभा से दो बार सांसद रहे तिलकधारी सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दारू प्रखंड 20 सुत्री के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि तिलकधारी बाबु के निधन से कांग्रेस ने अपना एक सच्चा सिपाही खो दिया है। उन्होंने कहा कि तिलकधारी बाबु मृदुभाषी, मिलनसार और अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे। जिला 15 सुत्री के सदस्य निसार खान ने अपने शोक संदेश में कहा कि तिलकधारी बाबु एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ एक प्रखर समाजसेवी थे। उनके निधन से कांग्रेस की एक बड़ी क्षति है जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नही। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में कैलाश पति देव, दिगम्बर प्रसाद मेहता, अनुरूद्ध सिंह, प्रदीप मंडल, लाल मोहन रविदास, लखन मेहता, नगीना सिंह, मो. मोइनुद्दीन आदि शामिल हैं।

पांडू में सड़क दुर्घटना के तीसरे दिन समझौते के बाद हटा जाम

केरेडारी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पांडू गांव में एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना से ट्रांसपोर्टिंग के दौरान सड़क दुर्घटना में रविवार को 30 वर्षीय युवक विकास कुमार राम की मौत हो गयी थी। घटना के बाद से ही मृतक के परिजन और स्थानीय ग्रामिणों ने शव के साथ सड़क को जाम कर दिया था और खनन कार्य भी बाधित था। इस घटना के तीसरे दिन मंगलवार को क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी व अन्य प्रतिनिधियों के प्रयास से आखिरकार समझौता हुआ व शव को उठा लिया गया। इस समझौते के तहत मृतक विकास के आश्रितों को दस लाख रुपये नकद व 46 लाख पचास हजार रुपये एनटीपीसी, बीजीआर और ओएसएल के द्वारा दिये जाने पर सहमति बनी तब जाकर मंगलवार को दोपहर करीब सवा तिन बजे शव को हटा लिया गया व जाम समाप्त हुआ। वही मृतक की पत्नी कविता देवी को नोकरी भत्ता दिया जायेगा और बच्चों को शिक्षा हेतु एनटीपीसी के द्वारा सारी सुविधा प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही इस बात पर भी सहमति बनी की दुर्घटना के बाद मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन में शामिल किसी भी व्यक्ति पर किसी तरह का कोई मुकदमा नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

कोडरमा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर उन्होने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने आम रास्ता को अतिक्रमण करने, मेरिट लिस्ट में नाम स्थगित कर देने, घर बनाने से रोकने और गाली गलौज करने, जंगली हाथियों द्वारा मकान और दुकान ध्वस्त करने, जमीन पर घर बनाने से रोकने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने, सरकारी नौकरी के संबंध में, सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरांत समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा एक विशेष सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल पृथ्वी के संरक्षण, सतत विकास और पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से की गयी। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से पृथ्वी के संसाधनों के संरक्षण, प्रदूषण को कम करने और वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी के कई वरिष्ठ अधिकारीगण वीरेंद्र कुमार (अपर महाप्रबंधक - पर्यावरण प्रबंधन), अमुदाला प्रताप (अपर महाप्रबंधक - कोयला प्रेषण), सदानंद चारि उबूरि (अपर महाप्रबंधक - माइनिंग) और पवन वसंतराव खांडवे (अपर महाप्रबंधक - माइनिंग) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे और इस पहल में सक्रिय भागीदारी दिखायी। इस अवसर पर यह भी साझा किया गया कि अब तक पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा लगभग 6 लाख वृक्षों का रोपण किया जा चुका है, जिससे अनुमानित 42 लाख किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। परियोजना भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में कार्य करती रहेगी।

लहंगा-चुन्नी का किया गया वितरण

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बेटियों के कन्यादान के निमित्त लहंगा चुन्नी वितरण करने का बीड़ा उठाया है। जो अब टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में भी बेटियों के लिए पहुंच रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड के मंगरपट्टा गांव में संजय यादव की बेटी सलोनी कुमारी की शादी के मौके पर सांसद द्वारा भेजवाए गये लहंगा चुन्नी को मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, सांसद प्रतिनिधि सह प्रमुख संतोष मंडल, रजनीकांत चौधरी, कृष्णा साव, सूरज यादव द्वारा बेटी सलोनी को दिया गया। इस मौके पर संजय यादव ने कहा कि संसद महोदय के इस परोपकारी कार्य के लिए हम सपरिवार उनके ऋणी हैं। हालांकि वे यहां सशरीर उपस्थित नहीं हो पाये, पर उन्होंने मुझ जैसे व्यक्ति को प्राथमिकता दिया यही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मौके पर प्रभु यादव, रामसेवक यादव, विनय यादव, पनवा देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

सेंट्रल मेडिकल टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णुगढ़ का किया निरीक्षण

प्रभारी ने अल्ट्रासाउंड और डेंटल चेयर शुरू करने की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

विष्णुगढ़। सेंट्रल मेडिकल टीम मंगलवार को पहुंची विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णुगढ़ में डॉ पंकज कुमार के नेतुत्व में सीएचसी में मरीजों को मिल रही सरकार की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सरकार की सभी सुविधाओं की समीक्षा कर जायजा लिया गया, साथ ही निरीक्षण के बाद सभी संतुष्ट दिखे। इस दौरान विष्णुगढ़ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं को उनके समक्ष रखते

हुए डेंटल चेयर और अल्ट्रासाउंड चालू करने की मांग की। जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इसके अलावे केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा निरीक्षण में आयुष्मान अरोग्य मंदिर उच्चाघाना पहुंच कर कई पहलुओं की जांच पड़ताल कर दिशा निर्देश दिया गया, इसके बाद निरीक्षण में केंद्रीय स्वास्थ्य की टीम टाटीझरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और जांच पड़ताल की। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ पंकज कुमार, डॉ विकास राठौर, डॉ अंजली, डॉ गौरव सिंह, डॉ नंदी दुबे, डॉ सेटा झा, डॉ नाजिया, डॉ कपिल मुनि प्रसाद, डॉ रवि शंकर, डॉ रंजन, डॉ राकेश पांडेय, डॉ सज्जन सिंह, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ अंकित जयपुरयार, डॉ साहबान, डॉ विनय कुमार पांडेय, डॉ योगेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, बीपीएम पुष्पा श्रीवास्तव, नीरज कुमार, सतीश कुमार, मनोज प्रजापति, हेमंती कुमारी, प्रतिमा कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। कोडरमा जिले का तापमान एक बार फिर से बढ़ गया है। लगातार तीन दिनों की छुट्टी के बाद स्कूल, कॉलेज खुले और बच्चे भीषण गर्मी में स्कूल से लौटते वक्त बच्चों का बुरा हाल हो गया। खासकर जो बच्चे वाहन से अपने घर पहुंचे उन्हें तो कुछ राहत मिली, लेकिन प्रतिदिन कार्य करने वाले मजदूर, ठेला चालक और आम आवाम सामान के खरीदारी करने के लिए भरी दोपहर में नजर आये। मंगलवार को झुमरीतिलैया का तापमान लगभग 38 डिग्री रहा। इस दौरान छात्र-छात्राओं के अलावा पुरुष, महिला, बच्चे छाता, दुपट्टा और

गमछा लेकर कार्यों को अंजाम देते देखे गये। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का प्रभाव और बढ़ेगा। तापमान 40 डिग्री के पार होने के बाद लोगों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इधर मनुष्य के साथ-साथ पशु, पक्षियों को भी गर्मी की वजह से परेशानी झेलनी पड़ रही है इधर शादी, विवाह वाले वर वधु परिवार की भी परेशानी बढ़ी हुई है। दिन में तेज धूप और शाम को उमस भरी हवा से शरीर पसीना से तर बतर हो जा रहा है। गर्मी की वजह से गन्ना का जूस, ककड़ी, तरबूज, सतू, कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, खीरा की बिक्री बढ़ गयी है। वही गर्मी से बचाव के लिए लोग कूलर, एसी में रहकर राहत की सांस ले रहे हैं ठीक हैं।

तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा पुलिस ने तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ब्लू रंग के न्यू हॉलेंड और पावर ट्रैक, एक लाल रंग के महिन्द्रा ट्रैक्टर पर अवैध बालू लदा पाया गया। यह ट्रैक्टर को गैंडा गांव में पकड़ा गया। जब्त ट्रैक्टरों को थाना लाया गया है। तीनों ट्रैक्टरों को माइनिंग विभाग में फाइन के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी गौतम उरांव ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू पर कार्रवाई की जायेगी।

सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

टाटीझरिया। थाना क्षेत्र के संकीर्ण बेनी पुल के पास मंगलवार को बोलेरो (डब्ल्यूबी 38 वी 0176) अनियंत्रित होकर पुल के क्षतिग्रस्त गार्डवाल से जाकर टकरा गयी। दुर्घटना में बोलेरो सवार पांच लोग घायल हो गये हैं। घटना एनएच-522 टाटीझरिया थाना क्षेत्र के हजारीबाग-बगोदर मुख्य मार्ग की है। बताया जाता है कि बोलेरो से परिवार के लोग सिमरिया चतरा से शादी समारोह से रूपनारायणपुर वर्द्धमान लौट रहे थे, मंगलवार की अहले सुबह 5 बजे जैसे ही बोलेरो चालक संकीर्ण बेनी पुल के पास

क्रॉस कर रहा था तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने चकमा दे दिया। उससे बचने के लिए चालक ने बोलेरो को पुल के क्षतिग्रस्त गार्डवाल में वाहन को चढ़ा दिया। गनीमत रहा कि बोलेरो पुल के नीचे नहीं गिरी अन्यथा बडी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार 5 लोग घायल हो गये हैं। इसमें रूपनारायणपुर वर्द्धमान निवासी एसके सिराज (42 वर्ष), डॉली प्रवीण (27 वर्ष), हीना खातून (18 वर्ष), गया बिहार निवासी मो. सकील अहमद (55 वर्ष) और सिमरिया चतरा निवासी चालक मो. अकील (32 वर्ष) शामिल हैं। सभी का ईलाज मां सती आरोग्य अस्पताल टाटीझरिया में किया जा रहा है। बोलेरो में बच्चे समेत कुल 11 लोग सवार थे। ज्ञात हो कि एनएच-522 मुख्य मार्ग का संकीर्ण बेनी पुल दुर्घटना संभावित स्थान है। यहां आएदिन सड़क हादसे होते हैं। जिससे कि इसका गार्डवाल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। एनएच विभाग की ओर से लंबे समय से गार्डवाल मरम्मति किये जाने की दिशा में पहल नहीं की गयी है।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव के पीएम श्री मध्य विद्यालय में एनटीपीसी के एनएमएल के तत्वावधान में निशुल्क के नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने किया। विद्यार्थियों का आंख जांच हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल के डॉक्टर अरविंद कुमार, पीआरओ मनीष कुमार द्वारा किया गया। निःशुल्क जांच शिविर में मो रागीब, विकास

कुमार आकांक्षा कुमारी, बासिता कुमारी, मोहम्मद तबरेज, ने आंख जांच में सहयोग किया। शिविर में 109 विद्यार्थियों का आंख जांच किया गया। आंख जांच करने के बाद दवा और चश्मा दिया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, चेतलाल राम, विनोद रजक, हेमेंद्र कुमार, दीपक राणा, नीलू कुमारी, निगार सुल्ताना, निधि कुमारी, मुनेश कुमार राम, रामवृक्ष राम, कमलेश श्रीवास्तव, कार्तिक सोनी, संजय सागर, चंद्रामती वर्मा, राजू कुमार, देवेंद्र कुमार, तुलसी कुमार, संतोषी कुमारी, पुष्पा कुमारी, रजनी कुमारी, बसंती कुमारी, देवनाथ कुमार, जमशेद अंसारी, नकुल महतो आदि मौजूद थे।

24 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद झील से निकाला गया आलेख गौरव का शव

चौपारण के गोताखोरो ने घंटों मेहनत कर शव निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग शहर के बाबू गांव, कोर्रा निवासी आलेख गौरव सोमवार सुबह झील में डूब गया था। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों और स्थानीय लोगों को मिला, सभी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सभी ने अपने स्तर पर खोजबीन का प्रयास किया, लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। सोमवार दिन भर शव को निकालने प्रशासन से लेकर पब्लिक तक परेशान दिखी। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए

तुरंत जिला प्रशासन से संपर्क स्थापित किया और एनडीआरएफ की टीम को बुलाने का आग्रह किया। श्री प्रसाद सोमवार की देर शाम स्वयं घटनास्थल पहुंचे और जिला प्रशासन व उच्च अधिकारियों से लगातार संवाद करते रहे। परंतु, बार-बार प्रयासों के बावजूद एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी। विधायक ने चौपारण के गोताखोर टीम को अपने निजी खर्च पर हजारीबाग बुलवाया। टीम सोमवार रात्रि करीब 11 बजे तक झील में खोजबीन करती रही, परंतु शव नहीं मिल सका। अगले दिन मंगलवार को सुबह 6 बजे से पुनः खोजबीन का कार्य शुरू किया गया। लगभग आधे घंटे के अथक प्रयास के बाद, सुबह 6:30 बजे आलेख गौरव का शव बरामद कर लिया गया। श्री प्रसाद ने कहा की हजारीबाग जैसे महत्वपूर्ण जिले के लिए यह अत्यंत दुखद बात है कि जब एक युवक की जान गयी और तत्काल राहत की आवश्यकता थी, तब एनडीआरएफ की टीम उपलब्ध नहीं हो सकी। चौपारण से आई टीम में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल थे, जिन्होंने शव निकालने में भूमिका निभाई।

विश्व पृथ्वी दिवस पर डीएवी के बच्चों ने ली धरती बचाने की शपथ

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। 22 अप्रैल को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने अपनी अनमोल धरोहर पृथ्वी को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए शपथ ली। 12वीं विज्ञान वर्ग के शिवांग आयुष ने सभी लोगों को शपथ दिलायी। 6 बी की अनुष्का ने सुंदर कविता प्रस्तुत की। 10 ए की अरात्रिका सिन्हा ने धरती को बचाना हमारा परम ध्येय है, इस पर अपना वक्तव्य दिया। शांभवी ने प्रश्नोत्तरी के द्वारा सभी बच्चों को नवीनतम जानकारियों से अवगत कराया। मंच संचालन 11वीं विज्ञान वर्ग की श्रेयशी ने किया। इको क्लब के शिक्षक -शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में पांचवी से 12वीं तक के बच्चों ने पोस्टर, बनाकर प्रकृति और पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए बच्चों को जागरूक किया। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों को 'धरती बचाओ जीवन बचाओ जीवन को खुशहाल बनाओ' का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने और बच्चों का दिशा-निर्देश करने में इको क्लब के शिक्षकों में मनोज सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, शुभाश्री रथ और लक्ष्मी कुमारी का योगदान रहा।

स्वामी विश्व देव और कौशल देव का कोडरमा जिला आगमन 26 को

कोडरमा (आजाद सिपाही)। योगाचार्य प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि हरिद्वार से चलकर स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य केंद्रीय प्रभारी युवा भारत स्वामी विश्व देव जी महाराज, केंद्रीय प्रभारी युवा भारत स्वामी कौशल देव जी महाराज का कोडरमा जिला में आगमन हो रहा है। 26 तारीख को स्वामी जी का कार्यक्रम 3 दिन सुबह उसके बाद स्कूल का कॉलेज का भ्रमण और शाम को कथा भी होगी। स्वामी जी के द्वारा योग से बीमारी कैसे ठीक कर सकते हैं, आयुर्वेद के माध्यम से कैसे बीमारी से मुक्त हो सकते हैं घरेलू खान-पान के बारे में विशेष जानकारी देंगे। शिविर का स्थल ग्रैंड सूर्या होटल परिसर होगा। शिविर का समय 5:00 बजे सुबह से 7:30 बजे तक होगी। योगाचार्य सुषमा सुमन ने बताया कि शिविर यह 27, 28, 29 अप्रैल को होगा। बैठक में गायत्री देवी, विनीत मोदी, डॉक्टर उपेंद्र भदानी, डॉक्टर मनोज भदानी, अविनाश सेठ, प्रदीप हिसारिया, संजय अग्रवाल, गोपाल शर्मा, पूनम बरनवाल, उपेंद्र दुबे, अनिल सिंह, सुरेश यादव, राजेंद्र यादव, प्रवीण बरनवाल, वीरेंद्र मोदी, सुरेश सिंह, संजय बरनवाल, राजेंद्र बरनवाल, राजेंद्र साव, सविता बरनवाल, बबीता देवी, संगीता देवी, रीना देवी, राजेश वर्मा, कैलाश राणा मौजूद थे।

घर में आग लगने से अनाज समेत सभी सामान जलकर राख

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के छोटकी भेलवारा में सोमवार को अचानक एक खपरैल मकान में आग लग गयी। आनन फानन में पड़ोसी और ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया परंतु घर के कोठे में रखी पुआल की वजह से आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पड़ोसियों ने मिलकर घर में खाट और कुछ सामानों को निकालने में सफल रहे। ऐसे में ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस-प्रशासन को इसकी सूचना दी, सूचना पाकर विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन हरकत में आयी हजारीबाग अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गयी, करीब एक घंटे के अंतराल में दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचकर आग को काबू पाने में सफल रही। इस मौके पर विष्णुगढ़ एसआई आशीष कुमार सिंह भी अपने दल-बल के साथ दमकल की गाड़ी आने से पूर्व मौजूद थे। आशीष कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टव्या में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट लग रहा है। घटना की जानकारी देते हुए चुरामन महतो ने बताया कि हम अपने घर मे सोए हुए थे, कि अचानक से आग लग गयी। आग लगते देखकर हो-हल्ला करने पर आसपास के लोग जुटे और कुछ सामान को निकाला बाकी सामान वही जलकर खाक हो गया। पूछे जाने पर बताया कि घर मे रखे नकदी सत्तर हजार रुपये, तीन क्विंटल चावल, ढाई क्विंटल आलू और डेढ़ क्विंटल समेत अन्य सामान वही जलकर खाक हो गये। मौके पर मौजूद भेलवारा मुखिया लक्ष्मी देवी ने कहा कि यह घर एक दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूर चुरामन महतो का था, जो अब पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। इसके पास अब सर छुपाने की जगह नहीं है, सरकार और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह होगा इस गरीब की शीघ्र मदद की जाये।

महिला पर डायन बिसाही का आरोप

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र में पिछले 15 दिनों में दूसरी बार महिला पर डायन बिसाही का आरोप लगाकर उसे गांव से बेदखल करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत मसनोडीह का है। जहां महिला ने गांव के ही रहने वाले बुधन हेम्ब्रम और उनके परिवार पर उन्हें व उनके बेटे को खाट से बांधकर मारने पीटने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर उक्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। मामले की जानकारी देते हुए महिला ने बताया कि उनके गांव के ही रहने वाले बुधन हेम्ब्रम पिता बुधुआ हेम्ब्रम के एक पुत्र दीपक कुमार उम्र 15 वर्ष की किसी बीमारी से मौत हो गयी। जिसके पश्चात बुधन हेम्ब्रम ने उनके बेटे की मौत के लिए इन्हें जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि तुम्हीं ने जादू टोना कर मेरे बेटे को मार दिया है। वे कुछ अन्य लोगों के साथ लाठी-डंडे हथियार से लैस होकर मेरे घर मुझे मारने पहुंचे और मेरे साथ मारपीट की। जिसके पश्चात मैं वहां से जान बचा कर भागी। इसके थोड़े देर के पस्चात मेरे बड़े बेटे अरविंद हेम्ब्रम द्वारा मुझे सूचना मिली की मेरे छोटे बेटे शिवा हेम्ब्रम को वे लोग जबरदस्ती अपने साथ ले गये हैं। जहां उन्होंने मेरे बेटे को अपने मृत बेटे के शव के साथ एक खटिए में बांधकर मारपीट की। मैने इसकी सूचना डोमचांच पुलिस को दी। जिसके बाद डोमचांच थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। किंतु बुधन हेम्ब्रम व उनके लोगों द्वारा डोमचांच पुलिस की गाड़ी को रास्ते में ही रोक कर उन्हें भी बंधक बना लिया गया। बाद में डोमचांच पुलिस के अतिरिक्त जवान वहां पहुंचे और मेरे परिवार को वहां से सकुशल बाहर निकाला। डोमचांच थाना क्षेत्र के पीपरो गांव में एक महिला ने डायन और भूत कहकर प्रताड़ित करने का कुछ ग्रामीणों पर आरोप लगाया है। 60 वर्षीय महिला ने डोमचांच थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए बताया अपने बेटे की कैंसर से मौत के बाद गांव के सुरेश पंडित, नरेश पंडित समेत उसके परिवार के अन्य लोग डायन का आरोप लगाकर गांव से बेदखल कर दिया है।

इचाक पुलिस ने एक को भेजा जेल

इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक थाना की पुलिस ने बिएनएस के प्राथमिकि अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कांड संख्या 54/25 धारा -309(6)103(1) बि एन एस के प्राथमिकि अभियुक्त सुनील कुमार पिता जगदेव प्रसाद मेहता ग्राम- दांगी, थाना- इचाक, जिला- हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जेएसपी परिसर में मंगलवार को विशेष पोधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 101 पौधे लगाये गये, जिनमें छायादार, औषधीय और फलदार वृक्ष शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड केबी सिंह ने पौधा लगाकर किया। मौके पर प्लांट हेड केबी सिंह ने कहा कि आज का दिन हमें हमारी उस धरती मां की याद दिलाता है, जो हमें जीवन, जल, वायु और अन्न प्रदान करती है। लेकिन आज उसी धरती पर ग्लोबल वार्मिंग के कारण संकट गहराता जा रहा है। यह समय है जब हम सबको मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर कदम उठाने होंगे। वृक्षारोपण केवल एक रस्म नहीं, बल्कि यह हमारे भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक संकल्प है। यह 101 पौधों का वृक्षारोपण केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हर पौधा धरती को सांस देने की एक नई कोशिश है। कार्यक्रम में प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी और श्रमिकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प भी किया। इस अवसर पर जिंदल फाउंडेशन के द्वारा भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक संतोष कुमार, आरडी शर्मा, रुपेश कुमार, सुभाष शरण, प्रवीण कुमार, डी साहु, शंभू दास, अभय सिंह, कुमार राहुल, डॉ संजीव, जयंत गोखले, अशोक सिंह, राजीव रंजन सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

स्कूल में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ

टंडवा (आजाद सिपाही)। दयानंद पब्लिक स्कूल गाड़ीलौंग टंडवा में मंगलवार से पोषण पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ किया गया। मौके पर स्कूली बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को पोषण से संबंधित जानकारियां दी, और बच्चों के बीच पोषण से संबंधित लेख प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक पवन कुमार चौरसिया ने अपने अभिभाषण से किया अभीभाषण में उन्होंने बताया कि बच्चों को जंक फूड से दूरी बनानी चाहिए और पारंपरिक भोजन पद्धति को अपनाना चाहिए, पैकेजिंग फूड से बचना चाहिए, भोजन में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए तभी स्वस्थ समाज और स्वस्थ देश का निर्माण संभव है। आगे उन्होंने बताया कि भारत सरकार के द्वारा पूरे देश में 25 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसका मकसद है, समाज और लोगों में भोजन व सफाई के प्रति जागरूकता फैलाना मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी और विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिका, सभी स्कूली बच्चे विद्यालय के अन्य कर्मचारियों और अभिभावकगण मौजूद रहे।

मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आक्रोश-प्रदर्शन

चतरा (आजाद सिपाही)। भाजपा के जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के नेतृत्व में झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान के विरोध में दिये गये बयानबाजी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन किया। आक्रोश प्रदर्शन रैली शहर के मुख्य मार्ग होते हुए समाहरणालय के मुख्य गेट पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा संविधान का सम्मान करती है और हमेशा करती रहेगी। कांग्रेस ने पहले बाबा साहेब को अपमानित करने का काम किया और अब कांग्रेस, झामुमो और राजद पार्टी संविधान को अपमानित करने का काम कर रही है जिसे भाजपा बर्दास्त नहीं करेगी। इस दौरान वक्ताओं ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से बरखास्त करने की भी मांग किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मंत्री को नहीं हटाया गया तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। सभा के बाद भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्यपाल के नाम उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम में अशोक शर्मा, प्रदीप सिंह, अक्षयवट पांडेय, डॉ मृत्युंजय, मिथलेश गुप्ता, सुजीत जायसवाल, विद्यासागर आर्य, कपिल पासवान, सुमन सौरव, सुनील चौरसिया, पोसन भारती सहित जिला भाजपा के अन्य पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

60 दिन में निष्पादित करें पोस्को एक्ट से संबंधित लंबित मामले : एसपी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले में पास्को एक्ट के तहत लंबित मामलों की समीक्षा एसपी अजय कुमार ने की। मंगलवार को एसपी कार्यालय में उन्होंने जिले के तमाम थाना प्रभारी के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की। इस दौरान महिला लैंगिक अपराध और पोक्सो एक्ट से संबंधित लंबित कांडो की विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा की गयी। साथ ही कांडों का अनुसंधान त्वरित गति से करते हुये ससमय निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। एसपी अजय कुमार के द्वारा लंबित कांडों को लेकर अनुसंधानकर्ता, थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी, इंस्पेक्टर और सीडीपीओ को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। एसपी अजय कुमार ने कहा कि पोस्को एक्ट के तहत दर्ज मामलों का निष्पादन 60 दिनों के अंदर करना है। साथ ही पीएसओ पोर्टल पर समय पर अपलोड भी किया जाना है। एसडीपीओ और इंस्पेक्टर को हर सप्ताह लैंगिक अपराध एवं पास्को एक्ट से जुड़े मामलों की समीक्षा करनी होगी।

भू-माफियाओं के खिलाफ आवेदन देना समाजसेवी को पड़ा भारी, मिली धमकी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर में भू-माफियाओं के खिलाफ आवेदन देना समाज से भी पंकज महतो को भारी पड़ गया। उसे जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में पंकज महतो के द्वारा रामगढ़ थाने में मंगलवार को आवेदन दिया गया है। पंकज महतो ने कहा कि मंगलवार को जब वह अपने एक दोस्त कौलेश्वर कुशवाहा के घर पर गए थे, उसी समय भू माफिया कृष्णा प्रसाद के द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी। उन्होंने यह भी कहा कि जान से मारने की नीयत से उन पर हमला भी किया गया। लेकिन वे बाल-बाल बच गए। कृष्णा प्रसाद ने कहा कि सिधू-कान्हू मैदान के पिछे वाले 8 एकड़ 35 डिसमिल जो माँ काली मसना के बारे उपायुक्त व अन्य जगह आवेदन दिए हो, जिसका अंजाम बुरा होगा। सारा जमीन 8 एकड़ 35 डी मैंने व राजबल्लभ अग्रवाल पिता जवाहर प्रसाद अग्रवाल, निवासी-रामगढ़ ने मिलकर बेचा है। राजबल्लभ अग्रवाल पर राधाकृष्ण मठ की 17 एकड़ 18 डी0 जमीन के फजीर्वाडे सीआईडी जांच कर रही है। पंकज महतो ने कहा कि रामगढ़ पुलिस इस पूरे मामले की जांच करें और आरोपियों पर कार्रवाई करें।

रामगढ़ में कोयला चोरों का आतंकः कोयला लदे ट्रेलर को जबरन छुड़ा ले जा रहे हैं तस्कर

पुलिस के सामने ही ग्रामीणों और तस्करों में हुई नोकझोंक

घंटों चला नयी सराय में हाई वोल्टेज ड्रामा, मूकदर्शक बनी पुलिस

एक बजे रात विनीत नामक तस्कर से हुई सौदेबाजी, मीडिया मैनेज के नाम पर वसूले गये लाखों रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ में कोयला चोरों का आतंक बढ़ गया है। कोयला लदे वाहनों को छुड़ाने के लिए मारने पर उतारू हो जा रहे है। जबरन वाहनों को छुड़ाकर ले जा रहे है। सबकुछ ग्रामीण और पुलिस के सामने हो रहा है। लेकिन कोई कुछ नहीं कर पा रहा है। तस्कर अपने वाहन को छुड़ाकर आराम से लेकर जा रहे है। जिससे स्पष्ट होता है कि तस्करों का मनोबल कितना बढ़ा हुआ है।

एक बजे रात फोन पर किससे बात किया तस्कर विनीत और बन गयी बात : इधर सूत्रों ने बताया कि अवैध कोयला लदा ट्रेलर विनीत नामक व्यक्ति का था। उसने ही बोकारो जिला से अवैध कोयला लदवाकर रामगढ़ के प्लांट भेज रहा था। लेकिन नई सराय में अवैध कोयला लदे ट्रेलर रुकने के बाद उसका पसीना छटकने लगा। जिसके बाद उसने उसी भीड़ में एक व्यक्ति से फोन पर बात किया और कहा कि आप मामले को मैनेज कर ले। कल आकर पैसा पहुंचा दूंगा। जिसके बाद उसके इशारे पर ट्रेलर लेकर तस्कर अपनी मंजिल की ओर निकल गये।

क्या है मामला

जानकारी के अनुसार सोमवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे अवैध कोयला लदा ट्रेलर बोकारो जिला से रामगढ़ के एक प्लांट जा रही थी। इसी बीच नई सराय के निकट कुछ युवकों ने मीडिया कर्मियों के साथ अवैध कोयला लदे ट्रेलर को रोक दिया। जिसके बाद युवकों और तस्करों के बीच नोकझोंक होने लगा। जिसकी सूचना रामगढ़ पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन नजारा देखकर किनारे खड़ी रही। जिसके बाद तस्करों ने जबरन ट्रेलर को छुड़ाकर प्लांट लेकर चला गया। बाद में काफी हो हंगामा हुआ।

घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा, भारी पड़े तस्कर

अवैध कोयला लदे ट्रेलर को रोकने के बाद घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चला। आखिरकार पूरे प्रकरण में कोयला तस्कर सब पर भारी पड़ा। तस्करों ने जबरन अवैध कोयला लदे ट्रेलर को छुड़ाकर चलता बना। हालांकि सूत्र बताते है कि पुलिस ट्रेलर को जब्त करने के बजाय उसे हटाने में ज्यादा ही माथापच्ची कर रही थी। बाद उन्हें कामयाबी भी मिला और ट्रेलर लेकर तस्कर चलते बने।

मीडिया मैनेज के नाम पर हुआ लाखों की वसूलीः सूत्र बताते है कि कोयला तस्कर विनीत से मीडिया मैनेज के नाम लाखों रुपये की डिमांड की गई। हालांकि विनीत ने सौदा मंजूर कर लिया। कुछ पैसा पहुंचा भी दिया। लेकिन मीडिया को किया मिला। इसका उजागर नहीं किया गया है। लेकिन मामले में लाखों रुपये के वसूली की चर्चा जमकर हो रही हैं।

पृथ्वी दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज/चतरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निदेर्शानुसार मंगलवार को लगभग 3 बजे पृथ्वी दिवस के अवसर पर हंटरगंज वन विभाग परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विधिक सहायता और सलाह केंद्र प्रखंड कार्यालय हंटरगंज के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हंटरगंज वन विभाग के वनपाल पवन कुमार सहित कई वनकर्मी और ग्रामीण शामिल हुए। जागरूकता कार्यक्रम में वनपाल पवन कुमार और पीएलबी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव ने पृथ्वी दिवस पर लोगों को जल जंगल और जमीन के संरक्षण पर विशेष रुप से प्रकाश डाला। लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए उत्प्रेरित किया। मानव के गलती के कारण पृथ्वी पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से भी लोगों को अवगत कराया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उक्त योजनाओं का लाभ लेने हेतु उत्प्रेरित किया गया। पृथ्वी दिवस का अवसर पर वन विभाग के द्वारा लोगों के बीच पौधा का वितरण भी किया गया । इसके अलावा पैनीकला पंचायत में जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर पीएलवी मनीष रजक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती केवल संसाधन ही नहीं अपितु जीवन का आधार भी है। पर्यावरण संरक्षण में पोलीथिन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने आगे बताया कि समस्त प्राणियों को प्रकृति के नियमों का पालन करना चाहिए। प्रकृति और मनुष्य के मध्य संतुलन होने पर ही पृथ्वी को सुरक्षित रखा जा सकता है। अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने वर्ष 1970 में पृथ्वी संरक्षण के लिए पृथ्वी दिवस की शुरूआत की थी। हमें फलों के बीजों को साफ करके अपने पास रखना चाहिए। जब भी कहीं जायें, उन बीजों को रास्ते में डालते हुए जायें, जिससे पेड़ उगाये जा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सीड बम का प्रयोग किया जा रहा है, जिसमें बीजों को सूखी मिट्टी में सुरक्षित रखकर जंगलों में फेंका जाता है, जिससे वन्य क्षेत्र का विस्तार हो सके। पृथ्वी को हम मां का दर्जा देते हैं, जीवित रहने के लिए यह पृथ्वी ही हमें भोजन, जल और वायु देती है, यदि हम प्रकृति का अत्यधिक दोहन करेंगे तो इससे प्राकृतिक आपदाएं आने का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। शिविर में पीएलवी मनीष रजक के अलावे दर्जनों ग्रामीण महिलाएं, आदि मौजूद रहे।

तोपा लोकल रोड सेल संचालन समिति ने समस्याओं को लेकर पीओ को सौंपा मांगपत्र

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल तोपा कोलियरी लोकल रोड सेल संचालन समिति ने रैयत विस्थापित के विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर पीओ को मांगपत्र सौंपा है। दिये गये मांगपत्र में समिति के अध्यक्ष राजेश्वर गंझु, सचिव मो इलियास, उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो समेत पदाधिकारियों ने आठ सूत्री मांगों में कहा है कि क्षेत्र के मंगरदाहा, बनवार, तोपा, दुधमटिया, ओरला, तोयरा गांव के रैयत और विस्थापितों को कोलियरी से विभिन्न समस्याएं है। जिसमें आरआर साइड में बोर होल बिजली, पानी, छूटे हुए रैयतों को 5 डिसमिल जमीन देने, रोड आदि समस्याओं का समाधान करने, रैयतों एवं विस्थापितों के सत्यापित जमीन के बदले नौकरी और मुआवजा देने, लोकल सेल में रैयतों और संचालन समिति द्वारा प्रबंधन के साथ एग्रीमेंट के आधार पर उत्पादन का 60प्रतिशत लोकल सेल में कोयला देने, रैयतों और विस्थापितों का जमीन जो सीसीएल द्वारा खनन कर-के क्षतिग्रस्त किया गया है, उसे जमीन को समतलीकरण कर रैयतों को पुनः देने, कोलियरी अंतर्गत बनवार, मंगरदाहा, तोपा, दूधमटिया, तोयरा का ग्राम देवता में चहारदिवारी और मंदिर, मदरसा में सुंदरीकरण करने, रैयती जमीन में छुटे हुए रैयतो को अतिशीघ्र नौकरी और मुआवजा देने, पूर्ण विस्थापित रैयतो को विस्थापन प्रमाण पत्र देने, कोयला डिपो में गुणवत्ता पूर्ण कोयला उपलब्ध कराने समेत अच्छी कोयला में मिट्टी पत्थर मिलाना बंद करने की मांग शामिल है। समिति ने प्रबंधन से सात दिनों के अंदर वार्ता कर सभी मांगों को पूरा करने की बात कही है। अन्यथा रैयत विस्थापित आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मांग पत्र सौंपने वालों में समिति के अध्यक्ष राजेश्वर गंझु, सचिव मो इलियास, उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो, सदस्य ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, युनुस परवेज, राजदीप सिंह, बिनोद कुमार, अहमद अली शामिल रहे।

कोयले की अवैध खदान में लगी आग का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल

वन विभाग और खनन विभाग के अधिकारियों को लगायी फटकार

अवैध उत्खनन सुरंगनुमा खदानों को दिया डोजरिंग कर बंद करने का निर्देश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रो में कोयला की तस्करी धड़ल्ले से जारी हैं। कोयला तस्करी पर रोक लगाने में जिला प्रशासन विफल साबित हो रहा हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण हैं भुचुंगडीह के अवैध खदान में आग लगना। उक्त बातें हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने भुचुंगड़ीह में कही, मंगलवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल अवैध खदान में लगी आग का निरीक्षण करने भूचुंगडीह गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भुचुंगडीह गांव में लगभग 5 हजार लोग निवास करते हैं। दो दिन पूर्व भुचुंगडीह के अवैध खदान में आग लग गयी हैं। जो दुःखद घटना हैं। आग आखिर लगा कैसे और कौन कौन अवैध खदान से कोयला की तस्करी कर रहे हैं। इसपर उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। ताकि ऐसे अवैध खदानों को बंद किया जा सके। साथ ही कोयला तस्करों पर कसे सिकंजा गैर कानूनी तरीका से संचालित करने वाले कोयला तस्करो पर शीघ्र कानूनी कार्रवाई हो सकें। उन्होंने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने यह भी कहा की जहां आग लगी है वह क्षेत्र वन भूमि के अंतर्गत आता है और वहां अवैध माइनिंग का कार्य में वन विभाग चुप्पी साधे हुए है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि राज्य की सरकार हर मोर्चे में फेल है। इस दौरान सांसद के आगमन पर जिला प्रशासन के और से जिला खनन पदाधिकारी निशांत सिंह, सीसीएल रजरप्पा महाप्रबंधक कल्याण प्रसाद, वन विभाग के रेंजर, और अंचल अधिकारी दीपक मिंज, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय वहां पहुंच चुके थे। जिला प्रशासन और सीसीएल के अधिकारियों द्वारा 5 अशवशक्ति का पंप से भैरवी नदी से पाइप लाइन द्वारा पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास जारी था सभी पदाधिकारियों को सांसद ने त्वरित कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि सभी अवैध मुहानों को अविलंब बंद कर सूचित करने को कहा 0। सांसद ने कहा कि रजरप्पा थाना क्षेत्र व गोला थाना क्षेत्र में संचालित खदानों को किसी भी हाल में अवैध माइनिंग चलने नहीं दिया जायेगा। इस मौके पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि भूचुंगडीह गांव में जो आग लगा है उसके लिए प्रत्यक्ष रूप से सरकार और स्थानीय प्रशासन दोषी है, अवैध खनन के कारण ही इस माइंस में आग लगा है,कोयला तस्करी धड़ल्ले से चल रहा है जिससे सरकार को कोयला तस्करों द्वारा करोड़ों का राजस्व नुकसान हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रस्त्रशेखर चौधरी, सरदार अनमोल सिंह, राजेंद्र कुशवाहा, संजय प्रभाकर, महेंद्र प्रजापति, छोटन सिंह, चितरपुर मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद, चितरपुर मंडल सांसद प्रतिनिधि अर्जुन वर्मा, रमेश वर्मा, गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा, रवि हजार, सूरज वर्मा, धनंजय पुटुस, दिलीप सिंह, अमित प्रजापति, बासुदेव प्रजापति, जीवन महतो, ठाकुर दास महतो सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

सीसीएल अधिकारी के पुत्र ने यूपीएससी परीक्षा में हासिल किया 90वां रैंक

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र में पदस्थापित स्टाफ ऑफिसर (पीएंडपी) वीरेश कुमार के सुपुत्र वैभव कुमार ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता का परचम लहराते हुए देशभर में 90वां रैंक हासिल किया है। उनकी शानदार सफलता से सीसीएल कुजू क्षेत्र में हर्ष की लहर है। दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री प्राप्त कर वैभव ने सिटी बैंक में कार्यरत रहते हुए अपने तीसरे प्रयास में शानदार उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व, पिछले वर्ष अपने दूसरे प्रयास में इन्हें यूपीएससी परीक्षा में 151वां स्थान मिला था। जिससे इन्हें आइआरएस कैडर प्राप्त हुआ था। सम्मानित परीक्षा मे शीर्ष स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर चल रहे वैभव ने अंततः सफलता का परचम लहराकर ही माना। वैभव सेंट विसेंट टेक्निकल हाई स्कूल, आसनसोल से 10वीं में 97 प्रतिशत लाया। जबकि 12वीं हॉप हॉल फाउंडेशन स्कूल दिल्ली से सीबीएसई 94 प्रतिशत हासिल किया था। वैभव मूलरूप से हरनौत, जिला नालन्दा (बिहार) का निवासी है। फिलहाल वैभव कुमार अपने सपरिवार के साथ नाना के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए पटना गया हुआ है। वह अपनी हॉबीज के बारे में बताया कि किताबें पढ़ना ओर फुटबॉल खेलना अच्छा लगता है।

फ्लैट स्टील आयात पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी लगाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदमः नवीन जिंदल

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की सुरक्षा के लिए फ्लैट स्टील उत्पादों के आयात पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी लगा दी है, जो 21 अप्रैल से अगले 200 दिनों तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य चीन, दक्षिण कोरिया और जापान से सस्ते स्टील आयात को नियंत्रित करना है, जिससे घरेलू इस्पात निर्माताओं को राहत मिले। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज द्वारा की गयी जांच में पाया गया कि उपरोक्त देशों से स्टील आयात से घरेलू उद्योग को गंभीर नुकसान हो रहा था। गौरतलब है कि भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक देश है, वित्त वर्ष 2024-25 में तैयार स्टील का शुद्ध आयातक देश बन गया और कुल आयात 95 लाख टन के साथ 9 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस फैसले का भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) और देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने स्वागत किया है। भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष और जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मील का पत्थर करार दिया है। लगातार दूसरे वर्ष स्टील का शुद्ध आयातक बन जाना, देश के इस्पात क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बन गया था। नवीन जिंदल लंबे समय से इस क्षेत्र के हितों की पुरजोर वकालत करते रहे हैं। इस दिशा में उन्होंने नीति-निमार्ताओं के साथ संवाद में निर्णायक भूमिका निभाई है। उनकी नेतृत्व क्षमता और प्रतिबद्धता ने यह सुनिश्चित किया कि देश के इस्पात उद्योग को नीतिगत समर्थन मिले। भारत को 5 ट्रिलियन (खरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में यह निर्णय एक मजबूत संकेत है कि सरकार घरेलू उद्योगों के साथ खड़ी है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : RP/ECR/DNR/EL/PMS/GHD-MHDA, दिनांक : 16.04.2025.
1. कार्य का नाम एवं स्थान : Request for proposal (RFP) appointment of project management services (PMS) for "Design, Supply, Erection, Testing & commissioning of 132/2x25 KV Traction sub-station along with SP/SSP's between GHD-MHDA Section in connection with raising loading capacity upto 3000MT under East Central Railway. 2. कार्य का अनुमानित लागत :₹7,28,69,340.53/-, 3. निविदा फार्म की कीमत : ₹0.00/-, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹5,14,400/-, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनाकं : 26.05.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय : दिनांक 09.06.2025 को 15:00 बजे। 6. बेवसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदडं एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट - खगौल जिला - पटना, पिन-801105,

उप मुख्य विद्युत अभियंता / पूमरे/दानापुर
पीआर/0125/डीएनआर/अभि./टी/25-26/44

दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए 'दो पैकेट प्रणाली' (पैकेट- I: तकनीकी बोली और पैकेट- II: वित्तीय बोली) में ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं: **ई-निविदा सूचना संख्याः आरएसओ-आरआर-एसआईएनआई-25-27-7; कार्य का नामः** 730 दिनों के लिए सिनी में रनिंग रूम का रख-रखाव; **निविदा मूल्यः** ₹ 72,41,630.84; **बयाना राशिः** ₹ 1,44,800.00; **निविदा फॉर्म की लागतः** 5,000.00; **ई-निविदा खोलने का स्थानः** वरिष्ठ डीईई (ओपी)/सीकेपी, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय; **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 13.05.2025 को 15:00 बजे; **निविदा खुलने की तिथि और समयः** 13.05.2025 को 15:30 बजे। निविदा को वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदाकर्ता/बोलीदाता के पास **क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र** होना चाहिए और **आईआरईपीएस पोर्टल** के तहत पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने के समय सभी प्रासंगिक कागजात अपलोड किए जाने चाहिए। (PR-69)

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या : 01-MC-OTWR-2025-26, दिनांक : 17.04.2025
वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-खुली निविदा (e-open tender) Two packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम : धनबाद मंडल के CPU, BRKA एवं DHN क्षेत्र के विभिन्न लोडिंग साइडिंग पर अनलोडेबल बॉक्सएन वैगनों की ट्रेन वेल्डिंग मरम्मत का कार्य। 2. संविदा की अवधि : 3 वर्ष/36 महीना, 3. कार्य - स्थान : धनबाद, बरकाकाना और चौपन क्षेत्र की संबंधित साइडिंग। 4. अनुमानित बोली मूल्य : ₹16,51,27,205.51 (सोलह करोड़ इक्यावन लाख सत्ताईस हजार दो सौ पांच रूपये और इक्यावन पैसा) मात्र, 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹10,000/- (दस हजार रूपये) मात्र। 6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार) : ₹9,75,700/- (नौ लाख पचहत्तर हजार सात सौ रूपये) मात्र। 7. ई-निविदा जमा करने की तारीख तथा समय : तारीख 24.04.2025 से 08.05.2025 को 12:00 बजे तक, 8. ई-निविदा खुलने का तारीख तथा समय : तारीख 24.04.2025 से 08.05.2025 को 12:00 बजे तक, 9. बेब साईट विवरण : http://www.ireps.gov.in (ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियन्ता (समाडि)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/0124/डीएचएन/या./टी/25-26/40

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. 07/ET/SBP/ENGG/2025-26 दिनांक: 15.04.2025

(1) ई-निविदा सं.: 04-eT-DENS-SBP-25
कार्य का नामः संबलपुर मंडल में अतिक्रमण और मवेशियों के कुचलने की घटनाओं को रोकने के लिए सहायक मंडल अभियंता/टिटिलागढ़ के अंतर्गत 130 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से ट्रेनें चलाने के लिए 78.095 TKM से अधिक ट्रैक पर सुरक्षा बाड़ (वेल्डेड मेश पैनल, मेटल बीम क्रैश बैरियर-डब्ल्यू-बीम और फिक्स्ड नॉट बाड़) का प्रावधान।
कार्य की अनुमानित लागतः ₹39,30,51,350.37
बोली सुरक्षा : ₹21,15,300/-

(2) ई-निविदा सं.: 05-eT-DENS-SBP-25
कार्य का नामः संबलपुर मंडल में अतिक्रमण और मवेशियों के कुचलने की घटनाओं को रोकने के लिए सहायक मंडल अभियंता/मुनिगुडा के अंतर्गत 130 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से ट्रेनें चलाने के लिए 90.979 TKM से अधिक लंबाई के ट्रैक पर सुरक्षा बाड़ (वेल्डेड मेश पैनल, मेटल बीम क्रैश बैरियर-डब्ल्यू-बीम और फिक्स्ड नट बाड़) का प्रावधान।
कार्य की अनुमानित लागतः ₹46,88,01,280.34
बोली सुरक्षा : ₹24,94,100/-

(3) ई-निविदा सं.: 09-eT-DENS-SBP-25
कार्य का नामः संबलपुर मंडल में अतिक्रमण और मवेशियों के कुचलने को रोकने के लिए 130 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से ट्रेनें चलाने के लिए सहायक मंडल अभियंता/बलांगीर के अधिकार क्षेत्र में बलांगीर- देवगाँव रोड के बीच 19.99 TKM से अधिक ट्रैक के साथ सुरक्षा बाड़ (वेल्डेड मेश पैनल, मेटल बीम क्रैश बैरियर-डब्ल्यू-बीम और फिक्स्ड नॉट बाड़) का प्रावधान।
कार्य की अनुमानित लागतः ₹9,94,59,975.88
बोली सुरक्षा : ₹6,47,300/-

पूर्णता अवधि : 12 (बारह) महीने (क्रमांक 1 और 2 के लिए), 6 (छह) माह (क्रमांक 3 के लिए)
निविदा समापन तिथि और समयः 08.05.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)
इन ई-निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक/कूरियर/फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।
उपरोक्त ई-निविदा के लिए ई-निविदा दस्तावेज सहित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
निविदादाता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए और वह आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।
नोटः भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के 15 दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। वेबसाइटः www.ireps.gov.in

मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग) संबलपुर
PR-57/Q/25-26

भेदभाव के खिलाफ

संघ प्रमुख मोहन भागवत का 'एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान' की अपील करना बताता है कि हिंदू समाज में जाति का दंश अब भी कितना गहरा है। जातीय पहचान को सम्मान से जोड़ कर देखा जाता है और इसकी वजह से बदलाव बहुत धीमा है। ऐसे में भागवत का बयान स्वागतयोग्य है।

दलितों पर अत्याचार : सामाजिक रूढ़ियों के अलावा राजनीतिक वजहों ने भी देश में जाति को कभी मरने नहीं दिया। यही वजह है कि आज भी दलित दूल्हे का घोड़ी चढ़ कर जाना कई लोगों को रास नहीं आता। आगरा की एक घटना सामने है, जहां आरोप है कि दलित दूल्हे को पीटा गया। पिछले साल एमपी के दमोह में बग्घी पर बैठने पर दलित दूल्हे के साथ मारपीट की गयी थी। यहां तक कि मंदिर भी भेदभाव से अछूते नहीं। पिछले ही महीने पश्चिम बंगाल के गिधाग्राम स्थित एक शिव मंदिर में दलित समुदाय को सदियों बाद प्रवेश मिला, तो तमाम लोग नाराज हो गये।

हजारों शिकायतें : सबसे बड़ी समस्या है कि देश में जाति से जुड़े भेदभावों को एक बड़ा तबका अब भी गलत नहीं मानता। उसकी नजर में यह स्वाभाविक व्यवहार है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पिछले साल अक्टूबर में एक आरटीआइ के तहत पूछे गये सवाल के जवाब में बताया था कि चार साल के भीतर उसके पास 47 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें दलितों के खिलाफ अत्याचार, भूमि विवाद और सरकारी नौकरियों से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे।

भागवत ने कहा है कि शांति और समृद्धि के मामले में दुनिया भारत की तरफ देख रही है। स्वयंसेवकों को हर घर में एकता और भाईचारे की भावना जगाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। समाज खुद नहीं बदल सकता।

सकारात्मक पहल : इस तरह की घटनाएं जाहिर करती हैं कि समरसता का सपना अभी दूर है। इन हालात में अगर संघ, समाज में गहरे पैठ बना चुके विभाजन को खत्म करने की अपील और सामूहिक पहचान पर जोर देता है तो इसे सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। संघ प्रमुख ने त्योहारों को साथ मिल कर मनाने और सभी को अपने घरों पर आमंत्रित करने के लिए कहा है। पर्व-त्योहार वैसे भी लोगों को करीब लाते हैं। इन मौकों का इस्तेमाल भेदभाव के खिलाफ किया जाये, तो परिवर्तन आ सकता है।

सामूहिक प्रयास की जरूरत : भागवत ने कहा है कि शांति और समृद्धि के मामले में दुनिया भारत की तरफ देख रही है। स्वयंसेवकों को हर घर में एकता और भाईचारे की भावना जगाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। समाज खुद नहीं बदल सकता। वाकई ऐसा ही है, जातियों के खांचों को तोड़ने और समाज को बदलने के लिए लगातार एवं सामूहिक प्रयास की जरूरत है। इसमें किसी तरह के राजनीतिक या वैचारिक मतभेद को आड़े नहीं आने देना चाहिए। भारत इस समय दुनिया में एक नया मुकाम हासिल करने की तरफ बढ़ रहा है, लेकिन यह तभी संभव है जब जातियों के नाम पर एक-दूसरे से लड़ने के बजाय मिल कर काम किया जाये।

अभिमत
आजाद सिपाही

दिल्ली में 30 हजारी अदालत में वर्षों से झूठे मामले में सजा काट रहे एक व्यक्ति को बरी करने का फैसला न्यायमूर्ति अतिरिक्त सेशन जज अग्रवाल ने हाल ही में दिया और कहा कि बलात्कार जैसा घिनौना आरोप लगाने वाली महिला के विरुद्ध कार्रवाई हो। यह महिला उस व्यक्ति को बहुत समय से ब्लैकमेल कर रही थी। उसने कई बार धमकी दी थी कि अगर उसकी मांगी रकम उसे नहीं दी गयी तो वह उसे रेप के मामले में फंसा कर उसकी जिंदगी तबाह कर देगी। जब उसकी धमकियों का असर होता दिखायी नहीं दिया, तो उसने झूठा आरोप लगा कर पुलिस थाने में शिकायत की और मिलीभगत से उसे गिरफ्तार कराया।

महिलाओं के पक्ष में बने कानूनों की समीक्षा आवश्यक

पूरन चंद सरीन

सबसे पहले विभिन्न प्रावधानों की स्पष्ट व्याख्या होनी चाहिए, ताकि उनका कोई भी पक्ष विपरीत अर्थ न निकाल सके। अभी जो कानून है, उसमें इतनी विसंगतियां हैं कि एक धारा के अनेक अर्थ निकाले जा सकते हैं, जैसे पीड़ित केवल महिला हो सकती है, पुरुष और ट्रांसजैंडर सिर्फ अपराधी हो सकते हैं।

कानून कोई भी हो, उसके उपयोग, सदुपयोग और दुरुपयोग की संभावनाएं बनी रहती हैं। समय-समय पर उनकी समीक्षा और आवश्यकतानुसार परिवर्तन आवश्यक है, क्योंकि हमारा विधि समाज, वकील से लेकर न्यायाधीश तक, कोई न कोई सुराख तलाश ही लेते हैं, जिससे अदालती प्रक्रिया प्रभावित हो जाती है। अपराधी बच जाता है और निर्दोष सजा भुगतता है। न्याय के प्रति अविश्वास पनपने लगता है जो पूरे ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने के लिए पर्याप्त है।

न्यायिक व्यवस्था में आस्था नहीं रहती : अदालतों द्वारा इस तरह के निर्णय, जिनमें जघन्य अपराध के लिए लंबी सजा काटने के बाद पाया जाता है कि अभियुक्त निर्दोष था, हमारी कानून व्यवस्था के दोषी होने का संकेत है। इस दौरान उसके साथ जो हुआ, जो उसने सहा, उसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति चाहे पुरुष हो या महिला अथवा सामाजिक संगठन, उसे सजा हुई हो, ऐसा देखने-सुनने में नहीं आता।

एक उदाहरण है; दिल्ली में 30 हजारी अदालत में वर्षों से झूठे मामले में सजा काट रहे एक व्यक्ति को बरी करने का फैसला न्यायमूर्ति अतिरिक्त सेशन जज अग्रवाल ने हाल ही में दिया और कहा कि बलात्कार जैसा घिनौना आरोप लगाने वाली महिला के विरुद्ध कार्रवाई हो। यह महिला उस व्यक्ति को बहुत समय से ब्लैकमेल कर रही थी। उसने कई बार धमकी दी थी कि अगर उसकी मांगी रकम उसे नहीं दी गयी तो वह उसे रेप के मामले में फंसा कर उसकी जिंदगी तबाह कर देगी। जब उसकी धमकियों का असर होता दिखायी नहीं दिया, तो उसने झूठा आरोप लगा कर पुलिस थाने में शिकायत की और मिलीभगत से उसे गिरफ्तार कराया।

पुरुष को अपनी बात कहने का कोई मौका नहीं, निर्दोष साबित करने के लिए बरसों तक अपमान झेलना पड़ता है।

अदालत में मुकदमा शुरू हुआ और जज साहब को मामले में सुनवाई के दौरान लगा कि मामला कुछ और ही है। यह सब 7 लाख रुपये वसूलने के लिए महिला ने किया था। बाद में अदालत ने यह भी पाया कि यह महिला इसी तरह कुछ और लोगों से भी पैसा वसूल करती रही है। वे अपने सम्मान को लेकर चिंतित थे, इसलिए उन्होंने इसे पैसा देकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने का काम किया। मामले का खुलासा यह हुआ कि यह महिला मनगढ़ंत कहानी बना कर लोगों को भ्रमित कर पैसे ऐंठती थी। लाचारी, बेरोजगारी का वास्ता देकर, नौकरी या कोई काम दिला कर मदद करने की बात करती थी।

होटल या निर्जन स्थान पर मुलाकात तय करती थी और वहां अश्लील हरकत करते हुए आज की डिजिटल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर ऐसे ऑडियो-वीडियो बना लेती थी, जिनमें वे उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते हुए दिखायी देते थे। उन लोगों को पता भी नहीं होता था कि उनके साथ ऐसा हो रहा है। अब वह अपनी मनचाही रकम मांगती और न दिये जाने पर पहले वह उस व्यक्ति के परिवार और रिश्तेदारों को यह सामग्री भेजने की बात करती और कहती कि वह यह सब जगह भेज देगी और फिर कहती कि बदनाम कर कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेगी। प्रश्न यह है कि क्या चोरी, हत्या, हिंसा और बलात्कार के झूठे आरोप में पुरुष को निर्दोष होकर बरी होने पर जो वर्षों का समय लगा, उसकी भरपाई हो सकती है? इसका उत्तर भारतीय न्याय संहिता में कहीं नहीं मिलता। क्या यह हमारे कानूनों की कमी नहीं है कि महिला द्वारा लगाये आरोप जो उसने अपने किसी स्वार्थ को पूरा करने के लिए लगाये हों, पहले ही मान लिया जाता है कि गलती पुरुष की ही होगी। पुरुष के निर्दोष सिद्ध होने पर भी महिला के प्रति कानून का रवैया हमदर्दी का रहता है। इसका असर पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों पर पड़ता है।

केवल महिला सुरक्षा के लिए कानून : हमारे देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई तरह के कानून हैं। दहेज मांगने का आरोप लगाना आम बात है और इसके तहत घर के सभी सदस्यों को कटघरे तक पहुंचाया जा सकता है। संपत्ति विवाद में महिलाओं की हिस्सेदारी को लेकर इन दिनों काफी तेजी आयी है। इसके बाद घरेलू हिंसा के मामले हैं। अब तलाक के मुकदमे से पहले इन मामलों का निपटारा होना जरूरी है। भारतीय न्याय संहिता में महिला द्वारा अपने साथ हुए अत्याचार की शिकायत करते ही यह गैर-जमानती हो जाता है। पहले गिरफ्तारी होगी, फिर अदालत तय करेगी कि जमानत पर रिहा हो या नहीं। यह प्रक्रिया इतनी लंबी हो सकती है कि पुरुष समझौता करने की बात कह कर अपना पीछा छुड़ाना चाहता है, लेकिन वह ऐसा भी नहीं कर सकता, क्योंकि कानून इसकी इजाजत नहीं देता। मजे की बात यह कि महिला गाली-गलौच करे तो कोई केस नहीं बनता और अगर पुरुष यह करे तो सीधी गिरफ्तारी हो सकती है।

समीक्षा के लिए क्या किया जाये : सबसे पहले विभिन्न प्रावधानों की स्पष्ट व्याख्या होनी चाहिए, ताकि उनका कोई भी पक्ष विपरीत अर्थ न निकाल सके। अभी जो कानून है, उसमें इतनी विसंगतियां हैं कि एक धारा के अनेक अर्थ निकाले जा सकते हैं, जैसे पीड़ित केवल महिला हो सकती है, पुरुष और ट्रांसजैंडर सिर्फ अपराधी हो सकते हैं। शिकायत की जांच के लिए कोई निश्चित प्रक्रिया नहीं है और महिला के उंगली उठाने मात्र से पुरुष अपराधी बन जाता है, चाहे वह कोई भी हो, समाज में उसकी छवि कैसी भी हो। बात सुनी और मानी जायेगी तो केवल महिला की। पुरुष को अपनी बात कहने का कोई मौका नहीं, निर्दोष साबित करने के लिए बरसों तक अपमान झेलना पड़ता है और उसके बाद भी कलंक हमेशा के लिए खत्म नहीं होता, वह जीवन भर रहता है।

कोल्हान की खबरें

पूर्णिमा साहू ने उपायुक्त से मुलाकात कर पीड़ित परिवारों के पुनर्वास और मुआवजे की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बाराद्वारी देव नगर गांधी आश्रम में बीते दिनों टाटा स्टील यूआईएसएल की वॉटर सप्लाई पाइप फटने से कई घर क्षतिग्रस्त हो गया था। मंगलवार को विधायक श्रीमती पूर्णिमा साहू ने डीसी अनन्य मित्तल से मुलाकात कर हादसे से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास व मुआवजे की मांग की। विधायक ने कहा गांधी आश्रम में रहने वाले लोग बेहद कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं। घटना में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए, घरेलू सामान, बच्चों की किताबें और राशन बर्बाद हो गया। जिससे दर्जनों परिवार का स्थिति दयनीय हैं। विधायक ने डीसी से इस मामले में प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की तत्काल व्यवस्था करने व नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा प्रदान करने की अपील की। ताकि पीड़ित परिवार सामान्य जीवन की ओर लौट सकें।मौके पर डीसी ने आश्वासन दिया इस मामले में राहत एवं सहायता के लिए पहल की जाएगी। इस अवसर पर गांधी आश्रम के संतोष सेठ, धान सिंह, मितरू प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

मंगल कालिंदी के प्रयास से टाटा मोटर्स के दिवंगत कर्मी की पत्नी को मिली नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने टाटा मोटर्स में कार्यरत बाई सिक्स कर्मी टीका राम मार्डी की ड्यूटी के दौरान हुई दुखद मृत्यु के बाद उनके परिजनों को मुआवजा और नौकरी दिलाने के लिए सक्रिय होकर हस्तक्षेप किया।मंगलवार देर शाम इसकी जानकारी मिलते ही विधायक ने तुरंत टाटा मोटर्स कंपनी परिसर पहुंचे। कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर परिजनों की पीड़ा से अवगत कराया और न्यायसंगत समाधान की मांग की।विधायक के प्रयास से कंपनी प्रबंधन ने मृतक की पत्नी को टाटा मोटर्स स्कूल में स्थायी नौकरी, चिकित्सा सुविधा, तथा लगभग 8 लाख रुपये का मुआवजा कंपनी की पॉलिसी के तहत प्रदान करने पर सहमति जताई।इस अवसर पर टाटा मोटर्स प्लांट हेड रजत शर्मा, यूनियन महासचिव आर.के. सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पलटन मुर्मू, मुखिया कालिदास टुडू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग शामिल रहे। विधायक ने कहा श्रमिकों का अधिकार और सम्मान सुरक्षित रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में उनके साथ अन्याय नहीं होने देंगे।

टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने अर्थ डे पर विशेष कार्यशाला आयोजित की

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क प्रबंधन ने पृथ्वी दिवस (2025)के अवसर पर पटमदा प्रखंड के पलाशबनी गांव में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। मंगलवार को घर पर जैव-कीटनाशक बनाने के विशेष कार्यशाला में बिदु चंदन ट्रस्ट फॉर ट्राइबल सेल्फ एम्पावरमेंट से जुड़े ग्रामीण युवा एवं महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम ह्लआवर पावर, हमारा प्लैनेटह्व को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण पर विशेष रूप से मिट्टी की उर्वरता व जैव विविधता को सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाया गया।कार्यक्रम का संचालन टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क की जीवविज्ञानी एवं शिक्षा अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को किचन गार्डन व घर के आसपास उपलब्ध साधारण सामग्री से जैव कीटनाशक तैयार करने की व्यावहारिक विधि प्रदर्शित की। उन्होंने कहा यह प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जो न केवल रासायनिक कीटनाशकों के विकल्प के रूप में उपयोगी है बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है। डॉ. रानी ने बताया असंतुलित कृषि पद्धतियों के कारण आज मिट्टी की गुणवत्ता और जैव विविधता पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में जैव-कीटनाशकों का उपयोग एक स्थायी विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क हमेशा से पर्यावरण शिक्षा और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रहा है। यह कार्यशाला भी उद्यान के शैक्षणिक और जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में एक प्रयास थी। जो विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

टाटा मोटर्स बाइसिक्स कर्मी की मौत

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा मोटर्स के बाइसिक्स कर्मी पी मार्डी कंपनी में कार्य के दौरान तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर बाई सिक्स कर्मी को टेल्को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान मौत होगया। घटना के बाद बाई सिक्स गर्मी के परिजनों के प्रबंधन के प्रति आक्रोश देखने को मिला। परिजनों ने एक आश्रित को नौकरी व 30 लाख मुआवजा की मांग की। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष पलटन मुर्मू ने बताया परसूडीह प्रधान टोला के रहने वाले पी मार्डी टाटा मोटर्स में बाइ सिक्स कर्मी थे। वह 19 अप्रैल को घर से काम करने के लिए टाटा मोटर्स गए जहा अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए टेल्को अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान निधन हो गया।

टाटा स्टील खेल सलाहकार समिति की बैठक

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के कॉन्फ्रेंस हॉल में टाटा स्टील खेल सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मंगलवार को टाटा स्टील के मुख्य खेल अधिकारी मुकुल विनायक चौधरी के नेतृत में आयोजिय बैठक में खेल से जुड़ी कई अहम पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही कर्मचारियों व समुदाय के समग्र विकास हेतु सुझाव दिए गए। बैठक में खेल सदस्यता शुल्क में पुनर्विचार,खेल सुविधाओं में सुधार,खेल आयोजन,स्वास्थ्य और समुदाय का उत्थान को सुलभ एवं प्रेरणादायक बनाने की दिशा में पहल करने का निर्णय लिया गया।

झामुमो ने आदित्यपुर नगर निगम को सौंपा छह सूत्री मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। झारखंड मूर्ति मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल आदित्यपुर नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नगर क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों में व्याप्त पेयजल संकट व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर छः सूत्री मांग पत्र सौंपा।मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, सरायकेला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली, जिला अध्यक्ष डॉ. सुवेंदु महतो, अमृत महतो, आदित्यपुर नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, नगर उपाध्यक्ष राजेश लाहा सहित कई कार्यकर्ता मौजुत रहे। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में चल रही वृहत जलापूर्ति योजना की गति अत्यंत धीमी होने से चिंता जाहिर की।उन्होंने कहा निकट भविष्य में इसके लाभ की कोई संभावना नहीं दिखती। ऐसे में तत्काल प्रभाव से डीप बोरिंग और टैंकर द्वारा जलापूर्ति की व्यवस्था की जाए। निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली झुग्गी बस्तियों में पेयजल हेतु विशेष प्रबंध किए जाएं। साथ ही जिन वार्डों की भौगोलिक स्थिति विशेष है, वहां स्थानीय लोगों के सहयोग से लघु जल योजनाएं लागू करने की मांग की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बोरिंग हेतु नगर निगम द्वारा प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने की मांग की। ताकि वे अनुमति लेकर योजना का लाभ ले सकें। ग्रामीण वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट्स की शीघ्र मरम्मत करने और आवश्यकता अनुसार हाई मास्ट लाइट्स की व्यवस्था करने की मांग की। ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी हेतु नाली और सुगम आवागमन के लिए सड़क निर्माण के लिए आग्रह किया। नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल संकट से निपटने हेतु हर संभव प्रयास की जारही है। उन्होंने बताया प्रत्येक जोन के लिए टैंकर से जलापूर्ति का समय निर्धारित किया गया। इस वर्ष 37 स्थानों पर डीप बोरिंग की गई। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में नगर निगम को भूमि उपलब्ध कराई जाती है तो वहां सौंदर्यीकरण भी कराया जायेगा।

विनय सिंह के परिजनों से मिले भाजपा नेता अभय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह के निधन पर शोक प्रकट करने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह मानगो स्थित आस्था सिटी पहुंचे। मंगलवार को उन्होंने स्वर्गीय विनय सिंह के परिजनों, बच्चों और परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर विनय सिंह के पिताजी, चार चाचा सहित अन्य रिश्तेदार और परिजन मौजूद रहे। अभय सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज आपके साथ है और हम सभी आपके परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।घटना की कड़ी निंदा करते हुए अभय सिंह ने जिला प्रशासन से इस घृणित हत्या कांड के दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही परिवार को समुचित सुरक्षा देने की मांग की। उन्होंने कहा समाज ऐसे कायराना कृत्य को कभी स्वीकार नहीं करेगा। प्रशासन की जिम्मेदारी है न्याय सुनिश्चित करना।

मेराल की छाया को सिविल सेवा परीक्षा में 530वां स्थान

इससे पहले जिले के हूर गांव की नम्रता चौबे ने सिविल सेवा परीक्षा 2021 में 73वां स्थान प्राप्त किया था, वहीं सहिजना के शिवेंदु शिवम ने यूपीएससी 2023 में 83वां स्थान हासिल किया था

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल/गढ़वा। गढ़वा जिला स्थित मेराल प्रखंड के अकलवानी गांव की बेटी छाया कुमारी ने यूपीएससी की मेन परीक्षा में 530वां स्थान लाकर गांव समाज के साथ जिले का नाम रोशन की है। सुनील दुबे की पुत्री छाया कुमारी पहले बीपीएससी और अब यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। बेटी की इस सफलता से परिवार समाज के साथ-साथ जिले के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। क्योंकि झारखंड का सबसे पिछड़ा जिला कहलाने वाला गढ़वा के गांव की एक और बेटी ने आइएएस बनने का सपना पूरा किया है। साधारण परिवार की छाया कुमारी ने बेसिक पढ़ाई गढ़वा के शांति निवास स्कूल से की है। फिलहाल वह दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। 2024 के यूपीएससी परीक्षा में छाया ने सफलता हासिल कर मिसाल कायम की है। उसके इस उपलब्धि पर उसके दादा-दादी, मम्मी-पापा के साथ-साथ गांव और पूरा गढ़वा जिलावासी काफी खुश हैं। उसकी इस सफलता पर सोशल मीडिया पर काफी लोग शुभकामनाएं दे रहे हैं। छाया अभी दिल्ली में है। बता दें कि इससे पहले जिले के हूर गांव की नम्रता चौबे सिविल सेवा परीक्षा 2021 में 73वां स्थान प्राप्त की थी। वहीं गढ़वा शहर के सहिजना मुहल्ला के शिवेंदु शिवम ने यूपीएससी 2023 में 83 वां रैंक हासिल किया था।

पिता सुनील दुबे एक मामुली किसान तथा गृहणी माता सीमा देवी का सीना जहां गर्व से भर गया है वहीं अपनी बेटी का दास्तान

सुनाते हुए मां सीमा की आंख से खुशी की आंसू छलक पड़ी। पिता सुनील दुबे भी छाया का बचपन और विद्यार्थी जीवन की संघर्ष को बताते हुए भाव विह्वल हो गये। सुनील दुबे ने बताया कि छाया बचपन से ही प्रतिभाशाली थी। पढ़ाई के प्रति समर्पित तथा हमेशा आगे बढ़कर कुछ करना चाहती थी। श्री दुबे के अनुसार गांव से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद छाया ने गढ़वा के शांति निवास स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा दी तथा गढ़वा जिला में तीसरा स्थान प्राप्त की थी। आईएससी नवोदय विद्यालय कोडरमा से तथा बीएससी और एमएससी भी नामधारी कॉलेज गढ़वा से की। एमएससी में छाया गोल्ड मेडल प्राप्त की थी। छाया की प्रतिभा तथा पढ़ाई के प्रति समर्पण को देखते हुए सुनील दुबे ने अपनी माली हालत अत्यंत खराब होने के बाद भी यूपीएससी की तैयारी के लिए उसे दिल्ली भेजा। सुनील दुबे ने बताया कि मेरी कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए मेरे भाई श्रवण दुबे ने छाया की पढ़ाई में काफी मदद की। छाया 2 साल तक दिल्ली में रहकर यूपीएससी की कोचिंग और तैयारी की। अथार्भाव के कारण 1 साल पहले वह दिल्ली छोड़कर अपना गांव अकलवाणी लौट आई तथा गांव में ही रहकर यूपीएससी की तैयारी करती रही। छाया के पिताजी के अनुसार अपने प्रथम प्रयास में ही छाया मात्र कुछ अंक से यूपीएससी क्वालीफाई करने से वंचित रह गई थी लेकिन उन्होंने अपना हौसला नहीं हारा तथा लगातार पढ़ाई करती रही। करीब छः माह पूर्व छाया का परिश्रम सफल हुआ और उन्होंने बीपीएससी की परीक्षा क्वालीफाई की। वर्तमान में वे बिहार के गया जिला में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। छाया की छोटी बहन कृति कुमारी पढ़ाई कर रही है जबकि छोटा भाई अंकित भी दिल्ली में रहकर यूपीएससी का तैयारी कर रहे हैं। छाया द्वारा यूपीएससी क्वालीफाई करने का खबर सुनते ही उनके घर पहुंच कर बधाई देने वालों की ताता लगी हुई है। बधाई देने वालों में छाया के चाचा जोधी दुबे, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, सुरेंद्र मिश्रा, विजय मिश्रा, ज्ञान रंजन मिश्रा, संदीप दुबे, नारायण मिश्रा प्रदीप सिंह, नसिंग पासवान, जयराम राम, गुड्डू राम आदि लोग शामिल हैं। वही सोशल मीडिया पर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के साथ-साथ भाजपा के कई शीर्ष नेताओं ने भी बधाई व शुभकामनाएं दी है।

कमांडर जीप की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत

मृतक प्रेमसागर सिंह और मृतक संजीव सिंह का फाइल फोटो।

रविकांत चंद्रवंशी

केतार/गढ़वा। लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप पंडा नदी पुल पर कमांडर जीप और बाइक की जोरदार टक्कर में दो की दर्दनाक मौत हो गया। दोनों मृतक का शव गांव में पहुंचते ही पूरे गांव में माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। देर रात दोनो का अंतिम संस्कार पंडा नदी के तट पर किया गया। मृतक संजीव सिंह का एक 9 माह का दुधमुहे पुत्र है। इस दर्दनाक घटना की जानकारी प्राप्त कर युवा समाजसेवी पंकज कुमार सिंह मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह मृतक के घर पहुंच कर शोक सांत्वना व्यक्त किए। बताते चलें कि मंगलवार करीब दस बजे लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप पंडा नदी पुल पर बाइक पर केतार से अपने घर मुकुंदपुर पंचायत के मायर आ रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही कमांडर जीप ने जोरदार टक्कर मारा। जिससे प्रेमसागर सिंह 45 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गया। दूसरा गंभीर रूप से घायल संजीव सिंह 19 वर्ष को तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र केतार में भर्ती कराया गया। उपस्थित चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भवनाथपुर भेजा। मुखिया प्रमोद कुमार ने अपना निजी खर्चे से गंभीर रूप से घायल युवक को भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने स्थिति को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया है। गढ़वा जाने के क्रम में बंशीधर नगर पहुंचते ही दम तोड़ दिया।

थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दुर्घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया।

इधर दोनों गाड़ी को केतार पुलिस हिरासत में ले लिया है। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, सचिव छोटन सिंह, श्रीराम सिंह,देवकुमार सिंह, महेंद्र सिंह, बिंदुराम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विधायक ने प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया पदाधिकारियों को शिकायत पेटी लगाने का दिया निर्देश

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। विधायक अनंत प्रताप देव ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बीडीओ नंदजी राम और सीओ शंभू राम से कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालय में दूर दराज क्षेत्रों से अपने कार्यों के निपटारे को लेकर पहुंचने वाले लोगों को बेवजह दौड़ाया नहीं जाये, उनकी समस्याओं की जांच कर उन्हें अविलंब समाधान किया जाये। कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनहित योजनाओं में अगर प्रखंड और अंचल कर्मी द्वारा पैसा लेने की शिकायत मिलती है, तो उनके ऊपर खुद कार्रवाई कराऊंगा। विधायक ने पदाधिकारियों को प्रखंड और अंचल कार्यालय में शिकायत पेटी लगाने का निर्देश दिया। इस मौके पर अमरनाथ पांडेय, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, गोपाल उरांव, मनोज यादव आदि उपस्थित थे।

समेकित बाल विकास परियोजना रंका के अनुसेवक ने की आत्महत्या, शोक

रंका (आजाद सिपाही)। रंका समेकित बाल विकास परियोजना रंका में अनुसेवक पद पर कार्यरत गोपाल ठाकुर ने सोमवार को संध्या बेला में किटनाशक जहरिला पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर ली। गोपाल ठाकुर रंका थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव के निवासी थे। आत्म हत्या करने के पीछे क्या कारण रहा है,उसका स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। शव का अंत्यपरीक्षण के पश्चात रंका-कंचनपुर घाट पर दाह संस्कार कर दिया गया। गोपाल ठाकुर एक व्यवहार कुशल व्यक्ति थे। परिवार जनों का रो - रो कर बुरा हाल है। पूरे गांव टोले में शोक व्याप्त है।

कौशल विकास मिशन की प्रदेश स्तरीय टीम ने कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की प्रदेश स्तरीय टीम द्वारा गढ़वा जिले में संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण अभियान के दौरान झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के प्रबंधक विश्वरूप ठाकुर और अमित प्रजापति ने विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंधक के द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों के समस्त अभिलेखों की जांच की गयी, साथ ही पंजीकृत लाभार्थियों तथा नये बैच के लाभार्थियों को अंतिम परिणाम अर्थात शत प्रतिशत सफल नियोजन दर को सुनिश्चित किए जाने हेतु सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कौशल पदाधिकारी और परियोजना सहायक सहित अन्य उपस्थित थे।

पृथ्वी दिवस पर बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल में पौधरोपण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा में पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एबिन बेनी अब्राहम, डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर, गढ़वा (दक्षिणी) थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अथिति डीएफओ, गढ़वा (दक्षिणी) एबीन बेनी अब्राहम , प्राचार्य आशीष कुमार मंडल एवं विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत 'मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मङ्गलं, स्वागतं स्वागतं स्वागतं' प्रस्तुत किया। जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसके बाद छात्रों ने पृथ्वी संरक्षण और पर्यावरण के महत्व पर एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने नृत्य की प्रस्तुति भी दी, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य आसिस कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मनित किया। मुख्य अतिथि डीएफओ , गढ़वा (साउथ) एबिन बेनी अब्राहम ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी हमारी मां है, और हमें इसकी सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हम सब मिलकर पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और इसके संरक्षण के लिए काम करें। हमारे छोटे-छोटे प्रयास जैसे कि ऊर्जा की बचत, जल संचयन, और वृक्षारोपण पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता

प्रथम स्थान
1. आर्या भारती (सातवीं 'अ')
2. सृष्टि रानी (सातवीं 'अ')
3. राखी कुमारी (आठवीं 'स')
4. कनक कृपाली (पांचवीं 'अ')
5. किशन कु कश्यप (दसवीं 'अ')

द्वितीय स्थान
1. आराध्या आनंद (आठवीं'अ')
2. करिश्मा कुमारी (नवीं 'ब')
3. अंजना वर्मा (सातवीं 'ब')
4. श्रेया कुमारी (चौथी 'ब')
5. आराध्या कुमारी (आठवीं 'अ')

तृतीय स्थान
1. अर्णव सोनी (आठवीं 'अ')
2. सान्वी सोनी (पांचवीं 'अ')
3. वैष्णवी मिश्रा (आठवीं 'स')
4. अश्विनी कुमारी (सातवीं 'ब')

अनंत प्रताप देव ने पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। विधायक अनंत प्रताप देव ने मंगलवार को मुख्य पथ स्थित ट्रांसफार्मर से लेकर बबलू यादव के घर तक बनने वाली पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। उक्त पथ का निर्माण जिला योजना अनाबद्ध के तहत करीब 37 लाख रुपए की लागत से कराई जायेगी। इसके बाद मंच पर झामुमो प्रखंड कमिटी द्वारा विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि इस सड़क का यहां के लोगों का वर्षों पुरानी मांग को मैने शिलान्यास कर उसे पूरा करने काम किया हूं। कहा कि शुरूआत मकरी पंचायत से हुई है, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे विस में सड़क, पुल पुलिया, शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास की गाथा लिखी जायेगी। उन्होंने कहा कि सदन के अंतिम दिन गैर संकल्प सभा में मैने भवनाथपुर में पावर प्लांट का मुद्दा उठाया था। मेरे पिता जी द्वारा लगाया गया एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट ऑक्शन के जरिए आज कट रहा है, लेकिन इसे रोकने के लिए पूर्व विधायक ने आवाज तक नहीं उठाई। कहा कि 20 वर्ष पूर्व बंद हो चुके घाघरा माइंस को चालू करवाने के लिए 15 वर्षों तक विधायक रहे भानु प्रताप शाही ने सदन में आवाज नहीं उठाया। कहा कि पूर्व विधायक भानु ने विधायकी कार्यकाल 2017 में पावर प्लांट के आवंटित मौर्या कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द करवाने के साथ ही पावर प्लांट निर्माण स्थल को माइनिंग क्षेत्र घोषित करवाने का काम किया है। कार्यक्रम को प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, शमशेर अंसारी, बिजेंद्र यादव, जमुना राम, राजमोहन यादव, दीपक वर्मा, गोपाल यादव, नवलेश पासवान, प्यारे मोहम्मद, अब्दुल्ला अंसारी, कबूतरी देवी, मनोज यादव, ब्रजेश सिंह आदि ने संबोधित किया। संचालन जेएमएम नेता लल्लू राम ने की। इस मौके पर प्रमुख शोभा देवी, जेएमएम नेता अनुज यादव उर्फ बबलू, अमरनाथ पांडेय, मुकेश चंद्रवंशी, राजीव राजन सिंह, बिनोद सिंह, लल्लू राम, प्रभा देवी, परमवीर राम, शैलेंद्र यादव, कुंदन ठाकुर, अजीमुद्दीन, दिलेश, कमलेश यादव आदि उपस्थित थे।

बीएनटी संत मेरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। स्थानीय बीएनटी संत मैरी स्कूल में 'हमारी शक्ति हमारा ग्रह' थीम के साथ विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के सीनियर वर्ग तथा जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के दौरान मदर टेरेसा हाउस की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा की शुरूआत कक्षा नवीं के छात्र मोहम्मद समीर आलम के भाषण से की गयी। जिसमें समीर ने अभिव्यक्त किया कि पृथ्वी दिवस पहली बार सन 1970 में एक छोटे से पर्यावरण आंदोलन के रूप में मनाया गया था और बाद में यह वैश्विक कार्रवाई के आवाहन के रूप में विकसित हुआ। तत्पश्चात कक्षा सातवीं की छात्रा अनुष्का के द्वारा पर्यावरण संरक्षण संदर्भ -कविता पाठ किया गया। वहीं इसी कड़ी के में कक्षा सातवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी तथा आसपास के पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु प्रश्नोत्तरी, पर्यावरण संरक्षण- शपथ, तथा संदेशात्मक नाटक की भी प्रस्तुति दी गयी। प्रार्थना सभा के अंत में विद्यालय प्राचार्य अमित कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, कि हमें ग्रहों की रक्षा बहुत ही सावधानी पूर्वक करने की आवश्यकता है, ताकि आने वाला कल हमसे दूर ना हो। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और इसी कड़ी में विद्यालय विद्यार्थियों एवं समाज के बीच जागरूकता पैदा करने का काम कर रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय सीसी इंचार्ज रूपम दुबे एवं शुभ्रा पांडे, अमित कुमार, तलत यासमीन, रुकमणी द्विवेदी, निधि ठाकुर और अन्य हाउस प्रतिनिधि तथा वर्ग शिक्षक शिक्षिकाओं का भी मुख्य योगदान रहा।

कांडी में ट्रेन से कट कर एक व्यक्ति की मौत

मृतक की फाइल फोटो।

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पतरिया गांव निवासी 68 वर्षीय नरेश राम की मृत्यु ट्रेन से कट कर हो गयी। घटना मंगलवार की अहले सुबह की है। परिजनों द्वारा उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि वे अपने पुत्र मनोज राम के साढ़ू के घर शादी समारोह में भाग लेने के लिए पलामू जिला के बंजारी गांव में गए हुए थे। वे सुबह में चार बजे शौच के लिए जा रहे थे कि अचानक एक रेलगाड़ी के चपेट में आ गये। उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। परिजनों व रिश्तेदारों को घटना की सूचना मिलने पर उनकी शव को उठाकर लाकर दाह संस्कार कर दिया गया। शरीर के कई टुकड़े हो गये थे।

एसडीओ ने महाविद्यालयों में स्नातक परीक्षाओं का किया निरीक्षण

परीक्षार्थियों को परेशान देख मौके पर बिजली आपूर्ति शुरू करवाई, छात्र बोले थैंक्यू

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय से संबद्ध गढ़वा के महाविद्यालयों में मंगलवार से आरंभ हुई बीए, बीएससी, बीकॉम की सेमेस्टर परीक्षाओं के क्रम में विधि व्यवस्था जांच हेतु गढ़वा सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने नामधारी कॉलेज, सूरत पांडे डिग्री कॉलेज और गोपीनाथ महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा की गयी तैयारियों, दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की मौजूदगी तथा अन्य एहतियाती मामलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी महाविद्यालयों के परिसरों और परीक्षा कक्षों का भ्रमण

कर चल रही शांतिपूर्ण परीक्षाओं, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था आदि का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रथम पाली में जबकि तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं द्वितीय पाली में हो रही हैं। प्रथम पाली में भूगोल, इतिहास, हिंदी तथा भौतिकी आदि विषयों की परीक्षाएं थी। उन्होंने सभी केंद्र अधीक्षकों को कदाचार मुक्त परीक्षायें संपन्न करवाने के लिए निदेश दिये।

परीक्षार्थी हुये खुश : नामधारी कॉलेज में भ्रमण के दौरान एसडीओ ने वहां देखा कि परीक्षा हाल में लगभग 500 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे किंतु बिजली न होने के कारण अंधेरे और गर्मी से छात्र काफी परेशान थे, जबकि महाविद्यालय का जनरेटर खराब था। उनकी परेशानी को देखते हुए एसडीओ ने मौके पर ही विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को बिजली आपूर्ति के लिए कहा, फलस्वरुप अगले दो से तीन मिनट में विद्युत आपूर्ति चालू हो गयी इससे छात्रों ने राहत की सांस ली। एसडीओ की इस तत्परता पर महाविद्यालय प्रबंधन और छात्रों ने उनको धन्यवाद दिया।

एसडीएम ने रजिस्ट्री ऑफिस का किया औचक निरीक्षण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मंगलवार को गढ़वा एसडीएम संजय कुमार ने उप निबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पहुंचे नागरिकों और कर्मियों से आवश्यक जानकारियां लीं। निबंधन कार्यालय में सरकारी कर्मचारियों के साथ प्राइवेट लोगों की संलिप्तता की जांच की, किंतु उन्हें वहां प्रथम दृष्टया कोई भी प्राइवेट मिडिल मैन नहीं मिला। इस दौरान उन्होंने रजिस्ट्री कराने आये लोगों से भी उनकी समस्याएं पूछीं। इस औचक निरीक्षण के दौरान सब रजिस्ट्रार श्री विवेक कुमार पांडेय के साथ संक्षिप्त समीक्षा बैठक की। एसडीएम में निबंधन विभाग द्वारा निबंधन के लिए निर्धारित चेकलिस्ट के अनुपालन की स्थिति के बारे में उनसे विस्तार से जाना। साथ ही उनसे कहा गया कि वे विभागीय चेक लिस्ट का शत प्रतिशत अनुपालन करें ताकि भूमि विवाद की स्थिति कम से कम उत्पन्न हो। इस क्रम में उन्होंने सदर अनुमंडल क्षेत्र के अंचल अधिकारियों के साथ रजिस्ट्री ऑफिस के साथ समन्वय को लेकर भी विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। रजिस्ट्री ऑफिस परिसर की साफ सफाई एवं नागरिक सुविधाओं के बारे में भी एसडीएम की ओर से कई सुझाव दिए गए जिस पर सब रजिस्ट्रार ने बताया कि इस दिशा में वे ज्यादा ध्यान इसलिए नहीं दे रहे हैं क्योंकि बहुत जल्द ही रजिस्ट्री ऑफिस अनुमंडल कार्यालय परिसर में शिफ्ट होने वाला है। एसडीएम ने राजस्व संग्रह के मामले में सब रजिस्ट्रार और उनके कार्यालय कर्मियों की प्रशंसा की।

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD.
CIN: U40108JH2013SGC001704
Office of the General Manager Transmission Zone -V, Hazaribag,
Office At- Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Mont Fort School,
Hazaribag, Pin- 825301, JH, eMail ID:- gmtzone5hzb@gmail.com

TENDER NOTICE

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part– II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

Sl. No.	N.I.T. No.	Description of Work	Earnest Money Deposit(Rs.)	Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.)
01	22/PR/JUSNL/ 202526	Work for Supply, Installation, Testing &Commissioning of complete 20 meter High Mask Lighting System along with the entire electrical supply network and other allied works needed for it inside the switch yard at 132/33KV GSS Sariya	Rs23,500.00/	Rs2500+18%GST = Rs2950/-
02	23/PR/JUSNL/ 202526	Procurement of emergency materials like CT and other electrical equipment for maintenance work at 220/132/33KV GSS, Itkhori.	Rs.18,100.00/	Rs.1250+18%GST = Rs.1475/-
03	24/PR/JUSNL/ 202526	Urgent procurement of lighting materials along with lighting spares at 220/132/33KV GSS Itkhori (Chatra)	Rs21,200.00/	Rs2500+18%GST = Rs2950/-
04	25/PR/JUSNL/ 202526	Urgent procurement of materials for 132/33KV GSS, Sariya under Transmission Sub -division, Sariya.	Rs22,900.00/	Rs2500+18%GST = Rs2950/-
05	26/PR/JUSNL/ 202526	Urgent procurement of Electrical consumable materials for routine and breakdown maintenance of 220/132/33KV S/Y PTPS.	Rs.19,300.00/	Rs.1250+18%GST = Rs.1475/-
06	27/PR/JUSNL/ 202526	Urgent procurement of Day to Day use maintenance materials for 220/132/33KV GSS, Itkhori.	Rs.23,500.00/	Rs2500+18%GST = Rs2950/-

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 25/04/2025 from 12:00PM
2) Last Date and Time forsale of Tender Documents - 15/05/2025 upto 1:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 16/05/2025 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part- I - 16/05/2025 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part– II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone-V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone -V,Hazaribag

PR 350826 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D

जन शिकायत निवारण में 15 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। जन शिकायत निवारण में कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, विधवा पेंशन से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

बीच सड़क पर मुखिया ने पंचायत सचिव को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। जिले के सदर प्रखंड कार्यालय के बगल में बीच सड़क पर परसही पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने पंचायत सचिव सर्वेश कुमार सिंह से उलझ गयी। पंचायत सचिव का आरोप है कि मुखिया ने इस दौरान पंचायत सचिव पर चप्पल से भी वार किया है। हालांकि स्थानीय लोगों के द्वारा किसी तरह बीच बचाव कर मामले को शांत किया गया। पूरी घटना का एक वीडियो सामने आमने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुखिया और पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण पूछा है।

मुखिया का आरोप है कि पंचायत सचिव पंचायत में नहीं आते हैं। जिससे काम प्रभावित होता है। वहीं पंचायत सचिव का कहना है कि मुखिया के द्वारा नियम के विरुद्ध काम करने का दबाव बनाया जाता है। नियम के विरुद्ध काम नहीं करने के कारण ही मुखिया ने उनके साथ सार्वजनिक स्थल पर मारपीट और दुर्व्यवहार किया है।

दरअसल, मंगलवार को सदर प्रखंड के परसही पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक के विवाद का एक वीडियो सामने आया। इस वीडियो में मुखिया और पंचायत सचिव के बीच हॉट टॉक हो रहा था। अचानक मुखिया किसी बात से नाराज होकर पंचायत सचिव को पीटने के लिए दौड़ती है। हालांकि वहां उपस्थित एक महिला ने मुखिया को रोक लिया। इसके बाद भी दोनों के बीच हॉट टॉक होता रहा। वीडियो में मुखिया के द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि पंचायत सचिव ने किसी से जेवर ले लिया है। जबकि पंचायत सचिव जेवर लेने की बात से पूरी तरह इनकार करते नजर आ रहे हैं। बाद में कुछ लोग पंचायत सचिव को वहां से दूर ले जाते हैं।

पंचायत सचिव ने कहा- मुखिया दबाव में कराना चाहती है कार्य

इस संबंध में पंचायत सचिव सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि मुखिया के द्वारा प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास योजना में मनमानी तरीके से लाभ का चयन करने और उन्हें भुगतान करने का दबाव बनाती है। पंचायत सेवक का आरोप है कि मुखिया स्पष्ट रूप से कहती हैं कि जिन लोगों ने उन्हें वोट दिया है या उनके वोटर हैं, सिर्फ उन्हें ही आवास योजना का लाभ देना है। मुखिया के द्वारा संपन्न लोगों को भी आवास योजना का लाभ देने के लिए दबाव बनाया जाता है। इसके अलावा फर्जी ग्राम सभा और फर्जी एमबी के माध्यम से योजनाओं का भुगतान भी करने के लिए दबाव बनाया जाता है।

इधर इस संबंध में पूछने पर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि पंचायत सेवक कभी भी पंचायत में आकर काम नहीं करना चाहते हैं. इसी कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है

युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रदेश चीफ कनवेनर बने अल्ताफ अंसारी

कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड से झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस ने ग्राम कैरो लोहरदगा के रहने वाले अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रदेश चीफ कन्वेनर बनाया गया। प्रदेश चीफ कन्वेनर बनाए जाने के बाद अल्ताफ अंसारी ने कहा कि मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं मैं युवाओं के साथ समन्वय स्थापित कर नये युवाओं को पार्टी में जोड़ने का प्रयास करूंगा पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ चलूंगा एवं पार्टी की और ज्यादा मजबूती के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। मैं विश्वास दिलाता हूं कि संगठन द्वारा सौंपी गयी इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाउंगा। अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रदेश चीफ कन्वेनर बनाये जाने पर लोहरदगा लोकसभा से सांसद सुखदेव भगत, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, यूथ राष्ट्रीय सचिव व उड़ीसा प्रभारी अभिनव सिदार्थ, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मनीष तिवारी, लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू , सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, यूथ कांग्रेस महासचिव फहद खान समेत कई लोगों ने बधाई दी।

जयनाथपुर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शहरी क्षेत्र के जयनाथपुर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम मनाया गया। मंदिर में पूजन हवन कार्यक्रम पुरोहित बसंत पाठक, संजीत पाठक की अगुवाई में किया गया। मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे से मंदिर में पूजन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ किया गया। दोपहर में हवन पूणार्हुति व महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालु दोपहर से ही जुटने लगे थे। देर रात तक भंडारा चलता रहा। लोग कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय गीत लहरियां बज रही थी। राम सियाराम सियाराम जय जय राम की आकर्षक व आनन्दमय धुन बज रही थी। इससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था गौरतलब है कि मंदिर की स्थापना 22 अप्रैल 2016 को हुई थी। मंदिर परिसर में रामदूत हनुमान के अलावे भगवान शिव, पार्वती और गणेश की मूर्ति स्थापित है। मंदिर के निर्माण के बाद से लगातार हर साल पूरे धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया जाता रहा है। मंदिर कमिटी के प्रवीण कुमार महतो, अभय कुमार महतो ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसके लिए आसपास के लोगो का हम सब सहृदय से धन्यवाद देते हैं। मौके पर श्वेता देवी,ममता कुमारी, सीता कुमारी, पूर्व वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, निशांत कुमार, मदन उरांव, संतोष उरांव, सरोज उरांव, विकास उरांव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

दुष्कर्मी को 20 साल कैद की सजा

युवक ने नाबालिग और उसकी बुआ से किया था दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

जानकारी देती लोक अभियोजक मिनी लकड़ा।

लोहरदगा। नाबालिक बुआ और बेटी का कथित योन शोषण करने का आरोपी भंडरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी महावीर उरांव (25 वर्ष) को मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा की अदालत ने दोषी मानते हुए 20 साल कारावास और 25 हजार का अर्थ दंड लगाने की सजा सुनाया है। पीड़िता द्वारा भंडरा थाना कांड संख्या 11/ 2023 में आरोपी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए सिक्स पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी महावीर उरांव को पीडीजे राजकमल मिश्रा की अदालत ने सजा सुनाया है। आरोपी महावीर उरांव को न्यायिक हिरासत में पहले पुलिस भेज चुकी है। न्यायालय में सुनवाई के दौरान आरोपी को सजा दिलाने में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा की सराहनीय भूमिका रही। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि विकृत और घटिया मानसिकता वाले दुष्कर्मियों के लिए न्यायालय की सजा सबक है। इससे समाज में सकारात्मक संदेश जायेगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है। न्यायालय का फैसला आने के बाद स्थानीय स्तर पर जन सामान्य इसकी सराहना कर रहे हैं।

क्या है मामला

दोनों नाबालिग पीड़िता और आरोपी महावीर उरांव भंडरा के रहने वाले हैं। लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि पहली घटना वर्ष 2017 की है पीड़िता गांव के स्कूल में आठवीं की छात्रा थी। स्कूल जाने के दौरान रास्ते में पीड़िता से आरोपी छेड़छाड़ करता था। इस दौरान पीड़िता और आरोपी में प्रगाढ़ दोस्ती हो गयी। आरोपी महावीर पीड़िता को झांसे में लेकर तिलसरी नदी किनारे स्थित मशीन घर ले गया। वहां वह पीड़िता के साथ कथित दुष्कर्म किया। इसके बाद वह पीड़िता को भगाकर अपने साथ सिकंदराबाद स्थित ईंट भट्ठा ले गया। इस दौरान अगस्त माह 2021 में उसे एक पुत्री हुई। 2 वर्ष बाद नाबालिक पीड़िता को लेकर वह भंडरा स्थित अपने गांव लौटा। ईंट भट्ठा में पीड़िता के साथ गंभीर मारपीट करता था। पीड़िता से विवाह करने की जगह उसे छोड़कर आरोपी महावीर पीड़िता की नाबालिग बुआ को अपने कथित झांसे में ले लिया। इस मामले पर नाबालिग पीड़िता की बुआ के भाई ने भंडरा थाना में आरोपी महावीर उरांव के विरुद्ध अलग से अपहरण और यौन शोषण का मामला दर्ज कराया है।

धान लदा ट्रक पलटा बचे चालक और खलासी

कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)। एनएच 75 कुडू-रांची मुख्य पथ में कुडू के नावाटोली में मंगलवार को प्रातः एक धान लोड ट्रक स्टेयरिंग का रड टूटने के कारण अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे का नाली को तोड़ते हुए पलट गयी। गनीमत रहा कि ट्रक का चालक और खलासी बाल बाल बच गयी। हालांकि ट्रक पलटने के बाद नावाटोली निवासी प्रवीण खाखा के घर से टकराई जिससे प्रवीण का घर क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि ट्रक नंबर बीआर 02 एक्स 9970 बिहार से धान लोड कर रांची की ओर जा रही थी। इसी क्रम में कुडू नावाटोली के नजदीक स्टेयरिंग का कुछ पार्ट्स टूटने से रोड का स्लैप को तोड़ते हुए पलट गयी।

लातेहार में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा नल जल योजना : रवि डे

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार के समाजसेवी रवि कुमार डे ने तपती हुई भीषण गर्मी को देखते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है। कि भारत सरकार की बहुत ही बेहतर और हर घर में पहुंचने वाले महत्वाकांक्षी योजना जो नल जल योजना के नाम से जाना जाता है। जब यह कार्य शुरू हुआ था तो खास करके ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब किसान भाइयों को चेहरे पर एक अलग तरह की खुशी देखने को मिली थी। सभी लोगों ने इस नल जल योजना को सराहा और कार्य भी करने दिया गया। जब यह योजना धरातल पर शुरू ही तो लातेहार जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हर दिन गलत कार्यों को लेकर ठेकेदार और विभाग के मिली भगत होने की सूचना मिलना शुरू हो गयी। लगातार हम लोगों के द्वारा विभाग के बड़े अधिकारी को संबंधित विभाग के मंत्री को पत्राचार किया। परंतु ठेकेदार और विभाग के लोगों के गठन जोड़ को किसी ने तोड़ नहीं पाया और यह योजना पूरी तरह फेल हो गयी। लगभग 90 प्रतिशत कार्य भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। ग्रामीणों के बीच नल जल योजना बिल्कुल हाथी की दांत साबित हो रहा है। आज जनता फिर से पानी प्यास बुझाने के लिए नदी तालाब झरने की तरफ देख रहे हैं। आज यह आलम है कि अगर ग्रामीण में इलाके में एक गांव में पांच नल जल लगी है तो उसमें से पांच के पांच खराब पड़ी है।

कांग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई : संदीप गुप्ता

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड के जिला परिषद सदस्य और कांग्रेस पार्टी के पंचायती राज कमेटी के जिला अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी के विरोधियों और भीतरघात करने वाले नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि कुछ लोगों ने पार्टी को अंदर से खोखला करने की कोशिश की है। ऐसे लोगों ने पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। यह लोग कांग्रेस पार्टी में रहते हुए कांग्रेस पार्टी को भीतर से कमजोर करते रहे। जिसकी वजह से पार्टी की कई बार फजीहत हुई है। संदीप गुप्ता ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के लोहरदगा विधानसभा प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव के खिलाफ कुछ नेताओं ने चुनाव प्रचार किया था। उन्हें हराने की कोशिश की गयी थी। इन लोगों को चिन्हित करते हुए जांच करने की शिकायत पार्टी आलाकमान से की गयी थी। इन नेताओं में आलोक साहू, राजू कुरैशी उर्फ सोनू, जगदीप भगत, परवेज कुरैशी उर्फ राजू कुरैशी, साजिद अहमद उर्फ चंगु नेसार अहमद, सलीम अंसारी उर्फ बड़े, मोजम्मिल अंसारी, रऊफ अंसारी, गुलाम जिलानी, फहद खान, जफर खान और कुदुस अंसारी जैसे नेता शामिल हैं। यह सभी लोग लोहरदगा विधानसभा चुनाव के समय खुलेआम डॉ रामेश्वर उरांव के खिलाफ काम कर रहे थे। उसने से कुछ नेता ऐसे भी हैं, जो पहले भी पार्टी विरोधी कार्य की वजह से पार्टी से निकाले जा चुके हैं। फिर एक बार ऐसी ही हरकत कर रहे हैं। जो लोग पार्टी विरोधी कार्य कर रहे हैं, इन नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के बजाए आजसू प्रत्याशी के पक्ष में काम किया था। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को लिखित रूप से स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने इन लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। इसके बाद मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें विधायक राजेश कच्छप और कुमार महेश सिंह शामिल हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के आलाकमान से मांग करते हुए कहा है कि जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट सामने कर इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

कोटाम पुलिस ने मवेशी लदे वाहन को पकड़ा

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम पिकेट पुलिस ने सोमवार की अपराह्न 4 बजे तस्करी के लिए पिकअप वाहन में ले जा रहे सात गोवंशीय पशुओं को बरामद किया है। जिनमें दो पशुओं को मृत पाया गया। वही जिम्मेनामा पर पांच पशुओं को ग्रामीणों के बीच वितरण कर दिया गया। छत्तीसगढ़ से एक पिकअप वाहन में गौ तस्कर पशुओं को तस्करी के लिए लोहरदगा ले जा रहे थे। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंची इसके बाद तस्कर पशुओं को पिकअप से नीचे उतार कर पिकअप लेकर फरार हो गए।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बनवारी साहू कॉलेज में पौधारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस महाविद्यालय परिसर गोद लिए हुए गांव बानपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय परिसर में सचिव अंजू गुप्ता एवं प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने पौधारोपण किया एवं छात्राओं को पर्यावरण के प्रति अधिक संवेदनशील होने के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहकर अपने दायित्वों का निर्माण करने हेतु कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सहयोग रविंद्र कुमार स्वीटी कुमारी एवं महाविद्यालय के कर्मचारी सहयोग करते हुए कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कुआं में डूबने से युवक की मौत

भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र के हलवाई बगीचा के समीप भदवा कुंआ में डूबने से युवक की मौत हो गयी। मृत युवक की पहचान भंडरा गांव निवासी स्वर्गीय बिरसा उरांव के पुत्र दशरथ उरांव उम्र 40 के रुप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दशरथ मंगलवार की सुबह घर से नहाने के लिए हलवाई बगीचा स्थित भदवा कुंआ नहाने के लिए आया हुआ था। इसी दौरान पैर फिसलने से कुंआ में गिर गया। कुंआ में गिरकर दशरथ की मौत की जानकारी बकरी चराने गए ग्रामीणों ने घर वालो को दिया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को निकाला गया। साथ ही इसकी जानकारी मृतक के चाचा सह मुखिया इंद्रदेव उरांव को दी गई। इधर भंडरा के ग्रामीणों के अनुरोध पर भंडरा थाना पुलिस पंचनामा कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंजूरमती उच्च विद्यालय महादेव आश्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों ने भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान पाने वाली आरती उरांव (कक्षा 10वीं बी) ने अपनी अद्भुत पेंटिंग से सभी को प्रभावित किया। द्वितीय स्थान पर रही रोहिणी कुमारी (कक्षा 9वीं बी) ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। तृतीय स्थान पर अनुप्रिया मिंज (कक्षा 10वीं बी) ने अपनी पेंटिंग में पर्यावरण के महत्व को दर्शाया। वही शशिकांत सिंह (कक्षा 7वीं ए) ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की ओर से विजेताओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी और उन्हें आगे भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सड़क दुर्घटना में आंगनबाड़ी सेविका की मौत

कैरो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कैरो निवासी मुस्लिम टोली कैरो स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, बूथ नंबर 168 की बीएलओ नसीमा खातून पति सालमिन अंसारी का सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार सोमवार देर शाम नसीमा खातून कैरो घसकटा स्थित अपने घर से कुछ ही दूरी पर स्थित कुएं से पानी लेकर आ रही थी तभी कुडू की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार जे एच 01 एफएल 5087 नसीमा खातून को टक्कर मार दी जिससे वह दूर जा गिरी जिससे उसके सर के पिछले हिस्से में गहरी चोट आयी। वहीं वैगन आर विपरीत दिशा में जाकर पलट गयी, वाहन सवार लोगो को तो कोई जख्म नही आयी परंतु नसीमा खातून अचेत अवस्था मे आ गयी परिजनों के द्वारा आनन फानन में इलाज के लिए कुडू सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया परन्तु रास्ते मे ही उसकी मृत्यु हो गयी।

बारह पड़हा समाज की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। बारह पड़हा हिसरी की बैठक पतरातू गांव में देवान मंगेश्वर भगत के अध्यक्षता में हुआ। इसमें मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा वेल लक्ष्मी नारायण भगत एवं भंडारी गोसाईं भगत उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी के अनेक संगठन होने पर हो रहे बिखंडो पर चर्चा हुई। पहले से जिला राजी पड़हा ही एक मात्र संगठन होने से समाज मजबूत होती थी। सभी गांव से उपस्थित लोगों ने कहा कि जिला राजी पड़हा लोहरदगा वह है जिसे सभी क्षेत्रीय पड़हा के अनेक वेल देवान कोटवार मिल कर बनाया है वही मान्य है। जिला राजी पड़हा लोहरदगा द्वारा 01 मई को अकाशी सम्मेलन में उचित रूप से उपस्थित रहने की बात कही गयी। वही विशु सेंदरा पर विचार किया जाने की बात कही गयी। सभी गांव से आए हुए अपने समाज के लिए अच्छा अनुभव विचार किया गया। लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि हमारे समाज को दूसरों से ज्यादा अपने समाज के दलाल और राजनीति कताओं से डर है। हमारे समाज में कुछ लोगों को अलग अलग तरीके और संगठन बना कर व्यापार और नेताओं से सौदा करने का आदत हो गया है। इसी का लाभ उठा कर दूसरे समुदाय धर्मांतरण एवं लव जिहाद को अंजाम देते हुए आरक्षण और जमीन पर कब्जा कर लिया है। ऐसे गुनहगार को समाजिक एवं न्यायिक दंढ करने में हमें एक साथ काम करना चाहिए। आज हमारी सरकार रहते हुए सरहुल त्योहार रांची पिठोरिया पर अत्यंत दुखी प्रहार किया गया।

बालिका उच्च विद्यालय में स्टीम लेबोरेट्री शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

बालूमाथ। एनएलसी इंडिया लिमिटेड भारत सरकार का रत्न उधम उतरी धाधु (पश्चिम भाग) बालूमाथ द्वारा प्रोजेपरियोजना इन्दिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ मे स्टीम लेबोरेट्री का विधिवत उदघाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव और एनएलसी इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक अभय भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित तथा फीता काटकर किया। परियोजना इन्दिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ में स्टीम लैबोरेटरी का उदघाटन कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम विद्यालय के मुख्य द्वार पर मुख्य अतिथि सोम उरांव महाप्रबंधक अभय भगत और शिक्षक निर्मल सिन्हा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।इसके बाद मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को विद्यालय की छात्राओं ने सम्मान पूर्वक कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाया।वही मुख्य अतिथि महोदय ने फीता काटकर लैब कक्ष का भी उदघाटन किया। सभी उपकरणों का मुख्य अतिथि ने निरीक्षण किया और छात्राओं से जानकारी प्राप्त की। छात्रा सोहानी, सुधा, गुड़िया, प्रिया, सानिया और अन्य ने लैब के उपकरण के बारे में जानकारी दी और इससे होने वाले लाभ के विषय में बतलाया। इसके बाद सभी बच्चों और अतिथियों के साथ प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के पास द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मृतक के परिजनों से मिले कांग्रेसी नेता ऐनुल अंसारी

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम टोली की आंगनबाड़ी सेविका नसीमा खातून की सड़क दुर्घटना में सोमवार को निधन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही कुडू प्रखंड उप प्रमुख सह कैरो प्रखंड कांग्रेस पर्यवेक्षक ऐनुल अंसारी ने मृतिका के आवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी शोक संवेदना प्रकट कर परिवार के लोगो को ढांढस बंधाया। तथा हर संभव मदद की भी बात कही। वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की आंगनबाड़ी सेविका काफी अच्छी स्वभाव की थी वो अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करती थी। लोगों के साथ उनका व्यवहार काफी अच्छा था लोगो के समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा आगे रह रहती थी। उनका इस दुनिया से चले जाना समाज और छेत्र के लोगो के लिए अपूरणीय क्षति है इस मौके पर कैरो प्रखंड अंजुमन के सदर जमील अख्तर, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली, वारिश अंसारी, कांग्रेसी नेता मुजाहिद अंसारी, समरुद्दिन अंसारी,अरशद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, आदि मौजूद थे।

गोसाईं बाग आश्रम के समीप पनशाला का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा गोसाई बाग आश्रम के समीप पनशाला का व्यवस्था किया गया है। पनशाला उद्घाटन के अवसर पर समूह के सदस्यों के द्वारा अघोरश्वर महाप्रभु के चित्र पर माल्यार्पण और विधिवत्त पूजा अर्चना किया गया। उसके पश्चात उपस्थित राहगीरों को मिष्ठान एवं जलपान कराकर पनशाला प्रारंभ किया। उक्त अवसर पर समूह शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह अपने 19 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत मानव मात्र की सेवा के लिए संकल्पित है उसी के अंतर्गत भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए स्वच्छ और शुद्ध जल की व्यवस्था किया गया है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए प्राणीयों के प्रति सद भाव रखते हुए हमें इंसानों एवं पशु पक्षियों के लिए भी सोचना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने अपने घरों के आंगन में, दरवाजे पर एक पात्र में पानी भरकर रखने की अपील किया। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जयसवाल, प्रमेंद्र कुमार सिंहा, नागेंद्र राम, मनोज प्रताप देव, अनूप कुमार सिंहा,गोल्डन ठाकुर, नवनीत कुमार सिन्हा, विनोद चंद्रवंशी, परशुराम शाह, प्रियंका, रजनी, दुर्गावती कुमारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

कोलकाता की कंपनी ने निवेशकों को ठगा

एक व्यक्ति से 3 लाख और दूसरे से 15 लाख हड़पे

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कोलकाता की एक कंपनी ने कई निवेशकों के साथ बड़ी धोखाधड़ी की है। सुदना के पटेल नगर निवासी सतेंद्र ठाकुर ने शहर थाने में इस संबंध में शिकायत दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।

सतेंद्र ने बताया कि उन्होंने 2014 से 2016 के बीच सोबरन कॉमट्रेड प्राइवेट लिमिटेड में 3 लाख रुपये का निवेश किया था। यह कंपनी कोलकाता के टॉलीगंज में स्थित रीजेंट पैलेस में पंजीकृत थी। सतेंद्र ने आईडीबीआई बैंक के माध्यम से पैसे जमा किए थे।

अब कंपनी का कार्यालय भी बंद : कंपनी ने शुरूआत में सिर्फ 20 हजार रुपये का भुगतान किया। इसके बाद पैसों का भुगतान बंद कर दिया। सतेंद्र जब कोलकाता गये तो कंपनी के एमडी प्रियांशु राणा और सीएमडी बिरेन मेहता ने भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में उन्होंने फोन उठाना भी बंद कर दिया। अब कंपनी का कार्यालय भी बंद है। इसी तरह पलामू जिले के चामा गांव के 60 वर्षीय मोहन राम ने भी 15 लाख रुपये का निवेश किया था। कंपनी ने उन्हें हर महीने 5 प्रतिशत रिटर्न का वादा किया था, लेकिन उन्हें एक रुपए भी नहीं मिले। शिकायतकर्ता के अनुसार, कंपनी ने कई अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी की है।

आरपीएस पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

पृथ्वी दिवस एक दिन का नहीं बल्कि प्रतिदिन का संकल्पः प्रधानाचार्या

आजाद सिपाही संवाददाता

कार्यक्रम में शामिल बच्चे और विद्यालय परिवार के लोग।

हुसैनाबाद। आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने धरती मां के संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक प्रार्थना से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने धरती मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी संरक्षण पर चित्रकला और भाषण प्रस्तुत की, जिससे सभी को धरती के प्रति अपने उत्तरदायित्व का बोध हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्या पुबाली रॉय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी धरती मां संकट में है और उसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक बच्चा अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाए और उसका पालन-पोषण करे, तो यह धरती पुनः हरी-भरी हो सकती है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे प्लास्टिक का उपयोग कम करें, जल का संरक्षण करें और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशील बनें। उन्होंने यह भी कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि प्रतिदिन का संकल्प बनना चाहिए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जीएन कान्वेंट स्कूल गढ़वा में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में पृथ्वी दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 5 वीं से लेकर 12वीं के बीच किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् एवं उप प्राचार्य बीके ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण का एक वार्षिक उत्सव है जिसकी शुरूआत 22 अप्रैल 1970 को हुई थी। इस दिन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरणीय समस्याओं जैसे प्रदूषण, वनों की कटाई, प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन कार्बन उत्सर्जन और जैव विविधता के प्रति जागरूक करना है। पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता है की धरती पर जीवन सुरक्षित और संतुलित तभी रहेगा जब हम इसके प्राकृतिक संसाधनों का समझदारी से उपयोग करेंगे और सतत विकास के सिद्धांतों को अपनाएंगे। जब धरती आबाद और हरा भरा रहेगा तभी हमारी जिंदगी सुरक्षित रहेगी।

यह दिन विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने का अवसर देता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारा ग्रह कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां का सामना कर रहा है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई, और जैव विविधता की हानि कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनका हमें वैश्विक धरातल पर समाधान करने की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन शायद हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है। बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण हीट वेव, सुखा और बाढ़ जैसी अनेक घटनाएं, मौसम का परिवर्तन यह सब अधिक बार और गंभीर हो रही है। इन घटनाओं का पारिस्थितिकी तंत्र और उन पर निर्भर समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। जब लोग इन समस्याओं के बारे में जागरूक होते हैं तो वह अधिक पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं जो व्यक्तिगत और सामूहिक बदलाव की दिशा में सकारात्मक योगदान करता है।

इसके अतिरिक्त हरित प्रौद्योगिकियों और वैज्ञानिक नवाचारों को बढ़ावा देने की आवश्यकता को भी रेखांकित करने में मदद कर सकते हैं। अतः हमें धरती को बचाने के लिए सभी स्तरों पर जागरूकता और सक्रियता की आवश्यकता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण से संबंधित विभिन्न कलाकृतियां एवं पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया गया साथ ही स्कूल में इको क्लब की स्थापना भी की गई जो बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक और सचेत करने में मदद मिलेगा। जिसके लिए समस्त छात्र समूह के बीच शपथ दिलाई गई वहीं अपने पर्यावरणीय गीत के माध्यम से शिक्षक कृष्ण कुमार ने बच्चों के बीच नवचेतना जगाने का कार्य किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक खुर्शीद आलम ने और विषय प्रवेश उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन इको क्लब के स्कूल इंचार्ज शिक्षक कृष्ण कुमार ने किया। यह कार्यक्रम नीरा शर्मा के निर्देशन में सम्पादित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से बीरेंद्र गुप्ता, संतोष प्रसाद, मुकेश भारती, नीलम केशरी, ज्योति तिवारी, रागिनी कुमारी आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

संतुलित भोजन ही स्वस्थ जीवन का आधार : प्रधानाध्यापक

आजाद सिपाही संवाददाता

पोषण पखवाड़े कार्यक्रम में शामिल बच्चे और शिक्षक।

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद शहर के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में मंगलवार को पोषण पखवाड़े का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने बच्चों को बताया कि संतुलित भोजन ही स्वस्थ जीवन का आधार है। इसके लिये भोजन में काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, खनिज लवण, जल, रुद्रांक्ष, विटामिन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं एवं बच्चों में खून की कमी से होनेवाली बीमारी 'एनीमिया' आम हो गयी है जिसका मुख्य कारण स्वास्थ्य के प्रति घोर लापरवाही है। इसके अलावे रिकेट्स ,खून का थक्का नहीं जमना आदि आदि बीमारियां भी है। इसके लिए हमसबों को शारीरिक साफ सफाई के साथ पास पड़ोस की सफाई पर ध्यान देना चाहिए। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा पोषण अभियान के तहत आयोजित किया गया। जिसका एकमात्र उद्देश्य कुपोषण से निपटना और पोषण परिणामों में सुधार करना है, पोषण संबंधी जागरुकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। साथ ही पृथ्वी दिवस के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया गया। मौके पर शिक्षक जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, राजेश कुमार सिंहा ने भी छात्र-छात्राओं को पोषण पखवाड़े व पृथ्वी दिवस की विशेषताओं का वर्णन किया।

डंडई प्रखंड में आवास प्लस 2024 सर्वे को लेकर विशेष बैठक, सखी मंडल को दिये गये अहम निर्देश

डंडई (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2024 सर्वे के तहत डंडई प्रखंड में सर्वेक्षित परिवारों का सखी मंडल के माध्यम से सत्यापन कराने को लेकर मंगलवार प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में एक विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने की। बैठक में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला समूहों की अहम भूमिका को रेखांकित किया गया और उन्हें जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। बीडीओ देवलाल करमाली ने सखी मंडल की दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देशित किया कि सर्वे का कार्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाये ताकि कोई भी जरूरतमंद परिवार योजना से वंचित न रहे। बैठक में जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक अभिषेक कुमार सिंह, बीपीओ रंजन कुमार,विनीता देवी, कि स्मा देवी, पंचायत सेवक नरेश ठाकुर, राजकुमार राम, सुनील कुमार, विकास कुमार, अमित द्विवेदी, राहुल कुमार, दीपक कुमार, सुमन देवी, दुलारी देवी सहित बड़ी संख्या में जेएसएलपीएस से जुड़ी सक्रिय दीदियां उपस्थित रहीं। बीडीओ देवलाल करमाली ने यह भी कहा कि सखी मंडल की दीदियों को सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में एक अहम कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। जेएसएलपीएस की दीदियों को समाज में एक भरोसेमंद भूमिका निभानी है और इस सर्वेक्षण को सफल बनाने में उनकी सहभागिता निर्णायक होगी।

घाघरा : बीडीओ ने मुखिया, डीलर और पंचायत कर्मियों के साथ बैठक की

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ ने मुखिया, डीलर और पंचायत कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ एनएफएसए और ग्रीन राशन कार्ड वितरण से संबंधित समीक्षा किया। हापामुनि जन वितरण प्रणाली दुकानदार लालदेव उरांव का वितरण प्रतिशत कम पाया जिस पर कड़ी चेतावनी के साथ एक सप्ताह के अंदर वितरण में वृद्धि हेतु निर्देश बीडीओ द्वारा दिया गया। साथ ही ब्लॉक परिसर में लगने वाले रक्तदान शिविर में अपने क्षेत्र में ब्लड डोनेट हेतु प्रचार करने की बात कही। पीभीटीजी पंचायत के पंचायत सचिव और पंचायत सहायकों को उक्त योजना अंतर्गत स्वीकृत प्राप्त लाभुकों से व्यक्तिगत संपर्क कर आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही जिन लाभकों का द्वितीय, तृतीय किस्त प्राप्त है। वैसे आवासों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही उक्त कार्य की समीक्षा प्रत्येक दिन शाम 5 बजे से संबंधित पंचायत सचिव और पंचायत सहायक से की जायेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा से संबंधित समीक्षा की। साथ ही आगामी 24 मार्च को प्रखंड कार्यालय में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में सभी पंचायत के मुखिया, राशन दुकानदार, पंचायत कर्मी पंचायत से पांच रक्तदान कर्ता को उक्त शिविर में उपस्थित करने का अनुरोध किया।

डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में मनाया गया पृथ्वी दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में धूमधाम से वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा द्वितीय के बच्चों के लिए अर्थ डे एक्टिविटी, कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों ने आर्ट और क्राफ़्ट के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लिया। वहीं कक्षा षष्ठ से अष्टम के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता तथा नवम से द्वादश के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि पृथ्वी दिवस 2025 की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' है। हमारा उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना है ताकि एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हम सुखद भविष्य की ओर बढ़ें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु, एएनओ सेकेंड आफि सर अभिजीत झा, सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ समेत सभी एनसीसी कैडेट एवं इको क्लब के सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। साथ ही कलाकृतियुक्त क्लाथबैग्स के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सिंगलयूज प्लास्टिक की जगह क्लाथबैग्स का उपयोग करने की अपील की। सीनियर विंग कैडेट ताशा झा, जूनियर विंग कैडेट चाहत चितलांगिया, रितु कुमारी, खुशी कुमारी, रानी उरांव, जाह्नवी भारती, अनीशा कुमारी, जूनियर डिवीजन कैडेट शिवकुमार गुप्ता, दिव्यांशु राज केसरी, शौर्य प्रसाद, सूर्यांश केसरी, अभय, श्रेयस शौर्य, प्रीतम ने काफी सुंदर क्लाथ बैग्स बनाये।

मेराल में निर्माणाधीन एनएच पर पानी छिड़काव नहीं करने से लोगों का जीना हुआ मुहाल

गुस्साये लोगों ने सड़क पर उतरकर निर्माण करने वालह कंपनी के खिलाफ की नारेबाजी

कंपनी के अधिकारी द्वारा लिखित आश्वासन देने के बाद लोग हुए शांत

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। प्रखंड मुख्यालय में निमार्णाधीन एनएच सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव नहीं होने से गुसाई लोगों ने मंगलवार को सड़क पर उतरकर कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का कहना है कि निमार्णाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं होने से हम सभी का जीना मुहाल हो गया है। निर्माण कार्य कर रही एमजीसीपीएल के अधिकारियों की लापरवाही से सड़क पर चलने की बात तो दूर सड़क किनारे के घरों में भी लोगों का रहना दुभर हो गया है। लोगों के इस परेशानी से ना तो प्रशासन के अधिकारी कुछ बोल पाते हैं ना ही लोगों के रहनुमा कोई नेता ही आम लोगों के इस परेशानी पर कुछ बोल रहे है। लोगों के सड़क पर उतरने से दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। इसकी सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी यशवंत नायक थाना प्रभारी विष्णु कांत के पहुंचते ही एमजीसीपीएल के इंजीनियर अभिषेक कुमार, सीनियर एडमिन जमीर हसन अपने कई कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गये और गुस्साये लोगों से 24 घंटा नियमित पानी का छिड़काव करने का श्वसन देने लगे। परंतु गुस्साये लोगों ने कहा कि इससे पहले भी कई बार मुंह से कह कर आप सभी चले जाते हैं और यहां यथा स्थिति बनी रहती है। लोगों के कहने पर इंजीनियर अभिषेक कुमार ने लोगों को लिखित आश्वासन दिया कि अब से 24 घंटा पानी का छिड़काव नियमित किया जायेगा साथ ही सड़क पर ग्रेडर चला कर प्लेन किया जायेगा।

लोगों के कहने पर बताया कि एक सप्ताह के अंदर मुख्यालय के सर्विस रोड का कालीकरण कर दिया जायेगा। एजेंसी के इस रवैए का विरोध करने वालों में विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, झामुमो प्रखंड महासचिव जैनेंद्र कुमार उर्फ बबलू सिंह, संजीव कुमार, लल्लू प्रसाद, सत्यनारायण कुशवाहा, मनीष पटवा, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार, सूरज कुमार, लखन मेहता सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

झारखंड नवनिर्माण दल और ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की बैठक आज

घाघरा (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच घाघरा के तत्वाधान में आगामी 23 अप्रैल 2025 को प्रखंड मुख्यालय घाघरा ब्लॉक कैंपस में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बड़ी बैठक आयोजित की गयी है। इस आशय की जानकारी देते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने बताया कि बैठक में सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, विश्वामित्र, बारिश, पल्स, सहित विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के मेहनत के जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग के लिए आगे की भावी रणनीति बनाई जायेगी। जिसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी गुमला को पार्टी के द्वारा दे दी गयी है। वहीं बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय में 24 अप्रैल 2025 को बिशुनपुर में बैठक दिन के 11 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह सहित कई नेता उपस्थित होंगे

अरंगलोया और हेसराग गांव में बैठक आयोजित

बिशनपुर (आजाद सिपाही)। संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम नयी दिल्ली से आए प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के कौशल उन्नयन द्वारा समृद्धि के विषय में चर्चा की। इस संबंध में अरंगलोया एवं हेसराग ग्राम में बैठक आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय महिला पुरुषों ने भाग लिया इस निमित्त बिशुनपुर संकुल में आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयल एवं नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड लिमिटेड द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम अंतर्गत कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 20 युवक और युवतियों से साक्षात्कार किया गया और उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, नयी दिल्ली के सलाहकार अनिल वल्संगकर, मुनिशा चौहान, आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन की टीम और संकुल समन्वयक अजीत उरांव, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

कांडी में दशगात्र घाट और स्नानघर निर्माण करने की मांग

कांडी (आजाद सिपाही)। कांडी गांव की जनता ने अंचलाधिकारी राकेश सहाय को एक आवेदन देकर दशगात्र घाट व स्नानघर निर्माण हेतु सरकारी भूमि का मापी कर सीमांकन करने की मांग किया हैं। कांडी गांव के सैकड़ों लोगों ने सीओ को आवेदन देते हुए कहा है कि कांडी पंचायत के ढबरिया गांव पोखरा के कृत्रिम गभार्धान केंद्र के पास कांडी गांव का दशगात्र का कार्य किया जाता है। वहां पर महिलाओं को स्नान करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस स्थल पर सरकारी भूमि भी है। ग्रामीणों ने उक्त सरकारी भूमि का मापी करा कर सीमांकन करवाने की मांग किया है, ताकि उक्त सरकारी भूमि पर एक दशगात्र घाट और स्नानघर का निर्माण कार्य जल्द हो सके। उक्त आवेदन में ग्रामीणों की मांग को जिला पार्षद सुषमा कुमारी, मुखिया विजय राम और उप मुखिया दिलीप राम ने भी अपनी अनुशंसा करते हुए सही बताया है। सीओ राकेश सहाय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त सरकारी भूमि की मापी करने के लिए दो अमीन धर्मदेव राम और अमीन धर्मेंद्र को लिखित रूप से प्रतिनियुक्त किया गया है।

केड़ेंग में हथियार के साथ एक गिरफ्तार

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के केड़ेंग गांव से सोमवार को एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सन्नी जय पोल खलखो है, जो ग्राम केड़ेंग का रहने वाला है। चैनपुर थाना के सअनि निर्मल रॉय ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सन्नी जय पोल खलखो हथियार लेकर गांव में घूम रहा है और ग्रामीणों को डरा धमका रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सन्नी जय पोल खलखो के घर पर छापेमारी की और उसे अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सन्नी जय पोल खलखो के पास से एक थासा एक नलिया बंदुक बारूद भरा हुआ बरामद किया है। सन्नी जय पोल खलखो के पास से बरामद हथियार के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला है। सन्नी जय पोल खलखो को बिना अनुज्ञप्ति के आग्नेयास्त्र या गोला बारूद रखने एवं ग्रामीणों को डराने धमकाने के आरोप में धारा 351 (3) बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एक संज्ञेय अपराध दर्ज किया गया है।

प्रेम-प्रसंग में युवक ने लगायी फांसी

गुरदरी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चौराहा पाठ निवासी 31 वर्षीय विजय मुंडा ने प्रेमिका के धोखा देने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विजय मुंडा की एक प्रेमिका थी, जिससे वह हमेशा बात कर रहा था। इसी बीच किसी बात को लेकर प्रेमिका ने उसके साथ बात करना बंद कर दिया। जिससे वह काफी परेशान हो गया और लगातार शराब पीने लगा। सोमवार की सुबह घर से निकाला और लापता हो गया। मंगवार को चरवाहों ने देखा की अमती पानी माइंस के पास जंगल का एक पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना की जानकारी चरवाहों के द्वारा परिजनों को दी गयी जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा थाना को सूचित किया गया पुलिस ने शव को पेड़ से उतर कर पंचनामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

कामडारा में टेंपो पलटने से चार लोग घायल

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रायकेरा टोलगा टोली से बाम्हनी शादी समारोह में जाने के दौरान कराकेल पक्की सड़क पर टेंपो पलटने से चार लोग घायल एक गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दो बजे के आसपास विश्राम धान बाम्हनी निवासी 24वर्ष, अधीन सुरीन रायकेरा निवासी 50वर्ष, शंकर उरांव खुंटी जिला लापुंग और मंगरा तोपनो रायकेरा निवासी सभी व्यक्ति एक टेंपो पर सवार होकर रायकेरा टोलगा टोली से बाम्हनी जा रहे थे इसी बीच एक बाइक को बचाने के दौरान टेंपो असंतुलित हो कर पलट गयी जिससे सभी लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सभी घायलों को इलाज के लिए कामडारा सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं विश्राम धान के सर पर गंभीर चोट लगी है। जिसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बाकी सभी घायल खातरे से बाहर है।

घाघरा में थाना दिवस का आयोजन

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जहां सीओ आशीष कुमार मंडल व थानेदार पुनीत मिंज के अलावे राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान 8 मामला थाना दिवस में आया जिसमें चार मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। तीन मामलों पर 15 दिन का समय देते हुए सुनवाई की बात कही। वहीं एक मामले पर न्यायालय जाने का सलाह सीओ के द्वारा दिया गया। इस दौरान आर्मी जवान लक्ष्मण उरांव का भी सुनवाई किया गया। यहां बात दे कि बीते 19 अप्रैल को लक्ष्मण अंचल कार्यालय आकर अपने शरीर में पेट्रोल डाल लिया था और अपने जमीन की मांग करते हुए कह रहा था कि मुझे मेरा हिस्सा दिलाया जाए अन्यथा मैं आत्महत्या कर लूंगा। जिसके बाद सीओ के द्वारा उसे समझा बूझकर थाना दिवस के दिन आने की बात कहा गया था। थाना दिवस में आर्मी जवान लक्ष्मण भी पहुंचा जिसकी सुनवाई की गयी। सीओ के द्वारा लक्ष्मण को सलाह दिया गया कि यदि आप अपने परिवार के मौखिक बंटवारों से संतुष्ट नहीं है तो आप लिखित तौर पर बंटवारा कर सकते है।

243 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच मानव मिती उपकरण वितरित

गुमला (आजाद सिपाही)। समेकित बाल विकास परियोजना और टाटा स्टील फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुमला प्रखंड की 243 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच मंगलवार को मानव मिती उपकरण का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम बाल विकास परियोजना कार्यालय, गुमला में आयोजित किया गया। जिसमें उपकरण का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप चोपड़ा ने किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सेविकाओं से इन उपकरणों का सही उपयोग कर कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने तथा उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुमला को कुपोषण मुक्त बनाना प्राथमिक लक्ष्य है और यह पहल उसी दिशा में एक सराहनीय कदम है। वहीं महिला पर्यवेक्षिका ने सेविकाओं को निर्देशित किया कि बच्चों की लंबाई और वजन को नियमित रूप से मापकर उसका रिकॉर्ड रजिस्टर एवं पोषण ट्रैकर में दर्ज करें। टाटा स्टील फाउंडेशन के जिला समन्वयक विजय शंकर दुबे ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य रखते हुए कहा कि यह तभी संभव है जब सभी मिलकर कार्य करें। मौके पर मौजूद सभी लाभुकों को रौनक ऋतुराज ने उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी। इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन की टीम के साथ-साथ सभी पंचायतों की मानसी मित्र, महिला सुपरवाइजर और सेविकाएं उपस्थित थीं।

प्रधानमंत्री पुरस्कार से सुसज्जित हुआ गुमला, लोगों ने उपायुक्त को दी बधाई

गुमला (आजाद सिपाही)। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए गुमला जिले को प्रधानमंत्री अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है, जो पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन में यह पुरस्कार प्राप्त कर गुमला का मान बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक प्रयास और समर्पण को श्रेय देते हुए उपायुक्त को हार्दिक बधाई दी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि यह पुरस्कार जिलेवासियों की सक्रिय भागीदारी, गंभीरता और उपायुक्त के कुशल नेतृत्व का प्रतिफल है। लगातार दूसरी बार इस सम्मान को प्राप्त करना गुमला के लिए गौरव की बात है। निश्चित रूप से श्री सत्यार्थी के मार्गदर्शन में गुमला विकास की नयी उंचाइयों को छूयेगा। बधाई देने वालों में महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, रोहित उरांव, दीपनारायण उरांव, अमर प्रदीप कुजूर, बैजनाथ, हिमेश कुमार, ओमप्रकाश साहू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर सेरका के ग्रामीणों ने रांची-नेतरहाट मुख्य सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुर। मुख्यालय से हाडूप तक लगभग 14 किलोमीटर सड़क निर्माण की मांग को लेकर सेरका पंचायत के लोगों ने मंगलवार को रांची-नेतरहाट मुख्य सड़क जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी सेरका पंचायत के पूर्वी पठार क्षेत्र में सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। मुख्यालय से हाडूप तक सड़क निर्माण मांग को लेकर पिछले लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का ऐलान किया था ग्रामीणों को समझने में प्रशासन को एड़ी चोटी एक करनी पड़ी थी। ग्रामीणों के अनुसार प्रशासन के द्वारा दिये गये आश्वासन में कहा गया था कि सड़क निर्माण के कार्य प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गयी है मार्च 2024 तक आप लोगों की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दी जायेगी। परंतु प्रशासन के झूठा वादा को देखते हुए हमलोग विवस होकर पुनः सड़क पर उतरकर सड़क जाम किया है। जब तक प्रशासन लिखित आश्वासन हम लोगों को देकर सड़क निर्माण के लिए संतुष्ट नहीं करती है तब तक हम लोग सड़क से नहीं हटेंगे। बौद्धा बृजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा जनमन योजना के अंतर्गत सभी आदिम जनजाति गांव तक सड़क बिजली पानी स्वस्थ आदि बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीधा पीटीजी परिवारों से बात किया था जिससे हम लोगों को काफी उम्मीद था सड़क पहुंचेगी और विकास होगा। परंतु बाकी सरकारी योजनाओं की तरह आदिम जनजाति के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाया गया जनमन योजना भी हम लोगों के क्षेत्र में महज दिखावा साबित हो रहा है। वहीं मंजीता देवी ने कहा कि सरकार हमारे राज्य की हो या फिर केंद्र की निश्चित रूप से हम लोगों को ठगने का काम कर रही है सिर्फ आश्वासन देकर अपना काम निकालने का काम किया जा रहा है जिसको लेकर हमारे पूर्वी पठार क्षेत्र के लोग काफी नाराज हैं जब तक प्रशासन हम लोगों को लिखित आवेदन नहीं देता है तब तक हम लोग सड़क पर डटे रहेंगे।

बता दे की मंगलवार सुबह ग्रामीण काफी संख्या में हाई स्कूल स्टेडियम में एकत्रित हुए जहां से जुलूस की शक्ल में नारे लगाते हुए ब्लॉक गेट पहुंचे जहां पर सड़क पर बैठकर लोगों ने सड़क जाम कर दिया। हाल के प्रखंड प्रशासन के द्वारा लगातार सड़क जाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है, परंतु ग्रामीण किसी का एक नहीं सुन रहे हैं और अपनी मांग पर डटे हुए हैं। हालांकि 7 घंटे बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन पर कहा गया कि 15 दिनों के अंदर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो पुणः अनिश्चितकालीन सड़क जाम किया जायेगा।

जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन मंगलवार को सूचना भवन में किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनी गईं। करीब 30 से अधिक शिकायतकर्ताओं ने सड़क, पेयजल, आवास, नौकरी, राशन, भूमि विवाद, आर्थिक सहायता जैसी समस्याएं रखीं। ज्ञात हो कि रायडीह प्रखंड के लुरु से हेसाग (छापर पोखरा) तक सड़क निर्माण कार्य वर्ष 2024 में शुरू हुआ था, जो अब तक अधूरा है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। उप विकास आयुक्त ने इस मामले में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया। वहीं सिलाफरी पंचायत के भरदा गांव में पेयजल की गंभीर समस्या के मद्देनजर ग्रामीणों ने नागफेनी जलापूर्ति केंद्र से पेयजल आपूर्ति की मांग की, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त पीएम आवास की किस्त, तबादला, अबुआ आवास, नाली निर्माण, जमीन मापी, आश्रित को नौकरी, राशन कार्ड में नाम जोड़ना और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। उप विकास आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि भौतिक सत्यापन कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित की जाये।

मापतौल विभाग की लापरवाही से जिले के व्यापारियों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिले में मापतोल विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर व्यापारिक समुदाय में भारी असंतोष व्याप्त है। मार्च माह के पहले सप्ताह से ही गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी मापतौल विभाग से व्यापारियों के लाइसेंस का नवीनीकरण कैंप के माध्यम से करवाने की मांग कर रहे थे, लेकिन विभाग द्वारा लगातार टालमटोल किया जाता रहा। विभागीय कार्यालय जिला मुख्यालय में स्थित होने के बावजूद चेंबर के सदस्य, पदाधिकारी और आम व्यापारी विभागीय पदाधिकारियों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को चेंबर के पूर्व अध्यक्ष सरजू प्रसाद स्वयं विभागीय कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां ताला लटका मिला। उन्होंने इसकी सूचना वर्तमान अध्यक्ष राजेश सिंह को दी, जो स्वयं मौके पर पहुंचे। लेकिन उन्हें भी निराशा हाथ लगी। यह देखकर राजेश सिंह ने कहा कि यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि समय पर लाइसेंस का रिन्यूअल नहीं कराने पर विभाग द्वारा पेनल्टी वसूली जाती है, जबकि खुद विभागीय कार्यालय में ताला लटका हुआ है और अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोये हुए हैं। जबकि व्यापारी तेज धूप में चक्कर काट रहे हैं। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही इस संबंध में उपायुक्त से मिलकर शिकायत की जायेगी और संबंधित मंत्रालय को भी पत्र भेजा जायेगा।

बाइक से गिरकर युवक की मौत

जारी (आजाद सिपाही)। जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कितम बाजार के समीप अनियंत्रित बाइक से गिरने से हेसाग रायडीह निवासी 27 वर्षीय सोनल बाखला को रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद मंगलवार दिन के 2 बजे शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक युवक कितम बाजार बाइक से गया था। लौटने के क्रम में अनियंत्रित होकर खेत में गिर गया। परिजन उसे जशपुर अस्पताल ले गए। रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में उसकी मौत हो गई। पत्नी सलमा बाखला ने बताया जशपुर अस्पताल में कागजी कार्रवाई अधूरी रहने के कारण सदर अस्पताल गुमला में पोस्टमार्टम कराने में परेशानी हुई। गुमला पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। मृतक के दो बच्चे हैं परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है।

परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर नुक्कड़ नाटक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज, चैनपुर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजनीय पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गयी।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि फादर अगस्तुस एक्का ने पोप फ्रांसिस के जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार उनके जीवन से हमें सेवा, करुणा, पर्यावरण संरक्षण और मानवता की सीख मिलती है।

एनएसएस के विद्यार्थियों ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और पृथ्वी के प्रति हमारी ज़िम्मेदारियों को प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि हम सभी मिलकर प्रयास करें, तो धरती को बचाना संभव है। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने पृथ्वी दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हम जो कुछ भी उपयोग करते हैं जल, वायु, भोजन, संसाधन सब कुछ धरती से प्राप्त होता है। इसलिए यह हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है कि हम इसकी रक्षा करें, इसे प्रदूषित होने से बचाएँ और भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर संसार छोड़ें। कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक, फा अदीप, फा अमृत, फा अमित दांग, डॉ पुष्पलता डुंगडुंग, डॉ अजीता गुलाब मिंज, बुनदीप लकड़ा, लुधिया और स्मिता, अनुपम व्यास आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष संजीव मालानी और सचिव शंकर अग्रवाल बने

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मारवाड़ी युवा मंच, गुमला शाखा की नई कार्यकारिणी समिति में संजीव मालानी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। नयी कार्यकारिणी का गठन सर्व-सम्मति से किया गया। संजीव मालानी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की।

नयी कार्यकारिणी में अध्यक्ष संजीव मालानी, उपाध्यक्ष आकाश गोयल, सचिव शंकर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भूषण नरसरिया, उप सचिव गोकुल अग्रवाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष राहुल गोयल, मीडिया प्रभारी राहुल मालानी, खेल संयोजक शुभम खंडेलवाल, कुणाल अग्रवाल, अक्षय मंत्री, एंबुलेंस सेवा प्रभारी शंकर अग्रवाल, ऑक्सीजन प्रभारी सुमित अग्रवाल, आकाश गोयल, ब्लड डोनेशन प्रभारी रोहित खंडेलवाल, अमित मंत्री (गोलू), अमृतधारा प्रभारी रोशन खंडेलवाल को बनाया गया है। वहीं एमवाईएम संगठन विस्तार की जिम्मेवारी पंकज साबू, हनी मंत्री, सुभाष अग्रवाल को सौंपी गयी है। इस अवसर पर मंच के वरिष्ठ सदस्य सुमित अग्रवाल, विकास मंत्री, नटवर लाल अग्रवाल, पंकज खंडेलवाल, पंकज साबू, चीनू काबरा, अनसुल गोयल, सोनू खंडेलवाल सहित मंच के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

मिशन बदलाव ने सौंपी पीएम मातृ वंदना योजना से वंचित महिलाओं की सूची

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गुमला जिले में धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। मिशन बदलाव की ओर से जिला प्रशासन को इस गंभीर स्थिति से अवगत कराया गया है। संगठन की प्रतिनिधि सैय्यदा खातून ने बताया कि इस योजना के तहत पहली बार गर्भवती महिलाओं को 5000 रु और कन्या संतान होने पर 6000 रु की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में भेजी जाती है। जिससे मां और शिशु के पोषण व देखभाल में सहयोग हो सके। हालांकि गुमला जिले के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन होने के बावजूद भी लाभुकों को अब तक इस योजना का कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। इससे महिलाओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मिशन बदलाव की नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा और नगर सचिव ज्योति गुलरिया कुजूर ने प्रशासन से मांग की है कि योजना को शीघ्र प्रभावी रूप से लागू किया जाये। जिससे माताओं और नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य संबंधी सहायता समय पर मिल सके। उन्होंने लाभुकों के नाम व दस्तावेज सहित सूची उपायुक्त को सौंप दी है। मौके पर प्रमुख रूप से सोनी खातून, पूनम देवी, शारदा कुमारी, तुलसी कुमारी, हिना परवीन, मुस्कान प्रवीण, अप्पू परवीन, रेखा देवी, लक्ष्मी कुमारी, शीतल कुमारी, नुसरत प्रवीण, उमा कुमारी और जेबा परवीन आदि शामिल थी।

स्पोर्ट्स

डबल ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी आर्मंड डुप्लांटिस को साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया

लॉरियस अवॉर्ड्स : वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये डुप्लांटिस और सिमोन बाइल्स

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। मैड्रिड में सोमवार को आयोजित हुए 2025 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स में खेल जगत की कई बड़ी हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में स्वीडन के पोल वॉल्ट खिलाड़ी आर्मंड डुप्लांटिस और अमेरिका की दिग्गज जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने क्रमशः वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष और महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। डबल ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी आर्मंड डुप्लांटिस को साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया। 25 वर्षीय डुप्लांटिस ने टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच, फॉमूर्ला वन विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टापेन और फ्रांस के तैराक लियोन मार्चांद को पीछे छोड़ते हुए यह सम्मान हासिल किया। एथलेटिक्स में यह पुरस्कार पाने वाले वह यूसेन बोल्ट के बाद दूसरे खिलाड़ी बने। अमेरिका की प्रसिद्ध जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बाइल्स ने पेरिस ओलंपिक में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि प्राप्त की। बाइल्स ने यह पुरस्कार चौथी बार जीतकर सेरेना विलियम्स के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

कार्यालयः- जिला परिषद, लातेहार।

विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025-26

चतुर्थ सूचना

क्र	सैरात का नाम	थाना	बन्दोबस्ती का तिथि	समय	बन्दोबस्ती की राशि	जमानत की राशि
1	हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 01.05.2025 से होली 2026 तक)	चन्दवा	26/04/2025	11:00 AM	29,49,319	2,95,000
2	बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक)	चन्दवा	26/04/2025	11:15 AM	25,84,290	2,58,500
3	सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक)	चन्दवा	26/04/2025	11:30 AM	7,485	1,000
4	बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक)	बालूमाथ	26/04/2025	12:00 PM	16,36,462	1,64,000
5	बस पडाव बालूमाथ में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.05.2025 से 31.03.2026 तक)	बालूमाथ	26/04/2025	12:15 PM	433	500
6	कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ।	बालूमाथ	26/04/2025	12:30 PM	16,44,500	1,64,500
7	अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ	बालूमाथ	26/04/2025	12:45 PM	4,93,087	49,500

नोटः-
1. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
2. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाणपत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूलप्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR 350821 (Rural Development) 25-26 (D)

बिहार और झारखंड में तीन नये यार्न स्पिनिंग समूहों की शुरुआत की

2026 तक दो हजार महिलाओं को सशक्त बनाने का इको टसर ने लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। इको टसर एक अग्रणी सामाजिक उद्यम जो ग्रामीण महिलाओं को सस्टेनेबल सिल्क यार्न उत्पादन के माध्यम से सशक्त बनाने के मिशन पर काम कर रहा है, बिहार और झारखंड में तीन नए यार्न स्पिनिंग समूह लांच किये हैं। यह पहल बांका (बिहार) और दुमका (झारखंड) ज़िलों की 85 महिलाओं को लाभ पहुंचा रही है और इको टसर के 2026 तक 2,000 महिलाओं को सशक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर अमेरिका की प्रमुख होम गुड्स रिटेलर वेस्ट एल्म की प्रेसिडेंट, मिस डे कॉर्नब्लुथ ने वर्चुअल रूप से तीन नये यार्न स्पिनिंग समूह का उद्घाटन किया। वेस्ट एल्म, इको टसर का एक दीर्घकालिक सहयोगी रहा है। नवगठित स्पिनिंग समूहों में बौंसी ब्लॉक (बांका) के तीन गांवों की 35 महिलाएं और दुमका के चार गांवों की 50 महिलाएं शामिल हैं। इको टसर के संस्थापक खितिश पंड्या ने कहा कि हमारा मानना है कि रोजगार के अवसर महिलाओं के पास लाए जाने चाहिए, न कि उन्हें अवसरों की तलाश में घर से बाहर जाने की मजबूरी हो। रेशम यार्न उत्पादन न केवल उन्हें आजीविका प्रदान करता है, बल्कि आत्म-सम्मान, स्वतंत्रता और अपने भविष्य को स्वयं गढ़ने की शक्ति भी देता है। इन नये समूहों की शुरूआत के साथ 85 महिलाओं ने आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में पहला कदम बढ़ाया है। इस मॉडल के तहत, यार्न की निश्चित पुनर्खरीद व्यवस्था महिलाओं को सुनिश्चित आमदनी और भरोसेमंद बाजार तक सीधी पहुंच प्रदान करती है, जिससे वे स्थिर और सुरक्षित आय अर्जित कर सकती हैं। इको टसर के बारे में -ईको टसर एक सामाजिक उद्यम है जो आदिवासी रेशमी कोकून उत्पादकों, महिला यार्न निमार्ता, बुनकरों, कारीगरों और वस्त्र मूल्य श्रृंखला के अन्य सूक्ष्म उद्यमियों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है। ईको टसर द्वारा निर्मित हैंड-वोवन टसर सिल्क और लिनन साड़िया न केवल सस्टेनेबल हैं, बल्कि हर रोज पहनने से लेकर खास अवसरों तक के लिए एक टाइमलेस स्टाइल का प्रतीक हैं।

तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहारबरवा के समीप तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि बरवाअड्डा लोहरबरवा निवासी स्वीटी (7), राधा (8) की तालाब में डूब गयी। जिसके बाद आनन-फानन में परिजन ने बच्चियों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी देते हुए बच्चियों के परिजन शिव कुमार ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की दोपहर खेलने के दौरान दोनों बच्चियां तालाब में गिर गयी। जिसके बाद आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी परिजनों को दिया। जिसके बाद परिजन तालाब के पास पहुंचकर बच्चियों को बाहर निकाल कर अस्पताल लाये। जहां चिकित्सकों ने बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। बताते चले कि स्वीटी और राधा सगी बहने थी। इधर बच्चियों की मौत की खबर सुनकर पूरे परिवार में गम का माहौल बन गया है।

बच्चों ने पृथ्वी दिवस पर निकाली अनूठी रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। बच्चों ने अपने सिर पर पृथ्वी का मॉडल रखा और नारे लगाये धरती मां क्या चाहती है, मेरा पुराना रूप लौटा दो, धरती मां क्या चाहती है, मेरी हवा को शुद्ध कर दो। पेड़ लगाओ और धरती बचाओ आदि। रैली की अवधारणा पृथ्वी सबके लिए है, कुछ बच्चे पशुओं की मुखटा पहन कर रैली में चल रहे थे, कुछ बच्चें पृथ्वी दिवस की तख्तियां लिए हुए थे। कुछ रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये गये। सुबह में रैली राजापुर कोलियरी क्षेत्र के पास रजवार बस्ती और कोरीबांध और सहनपहाड़ी क्षेत्र से गुजरी, जहां भूमि पूरी तरह से विनाश हो चुका है। रैली के उपरांत एक कार्यक्रम वसुंधरा वंदना आयोजित किया गया, जहां पृथ्वी के पांच तत्वों वायु, पृथ्वी, जल, अग्नि और आकाश को नमन किया गया। कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस के संस्थापक पिनाकी रॉय ने कहा यह एक रैली नहीं है यह अगली पीढ़ी का आग्रह है, यह पृथ्वी को बचाने की पुकार है। 50 से अधिक बच्चों ने पृथ्वी दिवस मनायी।

डॉ अलका सिंह ने की बच्चों के स्वास्थ्य जांच, गर्मी से बचाव की दी सलाह

धनबाद (आजाद सिपाही)। नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में लगातार तापमान की बढ़ोतरी को देखते हुए मंगलवार को सी एच सी सदस्य डॉ अलका सिंह ने उपस्थित बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच की। सभी बच्चों को गर्मी में धूप से बचने की सलाह देते हुए पानी के ज्यादा सेवन की सलाह दी। जिससे डिहाइड्रेशन से बचाव किया जा सके। गर्मी में बच्चों को मौसमी फल का उपयोग करने को कहा गया, जिससे शरीर को सभी पोषक तत्व प्राप्त हो सके। सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि पहला कदम में दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जाचं हर माह की जाती है, जिससे बच्चे स्वस्थ रह सके। उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाता है।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी में नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शुरू

धनबाद (आजाद सिपाही)। मंगलवार से भारतीय रेडक्रास सोसाइटी धनबाद में बाह्य विभाग की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा डॉ जिम्मी अभिषेक के द्वारा सुचारू रूप से शुरू की गयी, जिसमें नौ पेशेंट ने परामर्श और मुफ्त में आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार दवा और मलहम लिया। इसी क्रम में गणेश चक्रवर्ती ने अपने द्वारा ऑडियोमेट्री परीक्षण का निःशुल्क सेवा देने का एलान किया। वो प्रत्येक गुरुवार को निःशुल्क बहरेपन की जांच, ऑटिज्म बच्चे और हकलेपन के लिए स्पीच थैरेपी की सेवा देंगे। प्रत्येक बुधवार को डाक्टर मेजर चंदन के द्वारा वाह्य विभाग की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेतांबरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेंद्र सिंह, आजीवन सदस्य लीला मांजी, गणेश चक्रवर्ती और अन्य उपलब्ध रहें।

जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पृथ्वी दिवस शामिल हुए विधायक राज सिन्हा

धनबाद (आजाद सिपाही)। मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर बलियापुर रोड स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से धनबाद विधायक राज सिन्हा उपस्थित हुए। जहां उन्हें पौधा देकर पृथ्वी दिवस की बधाई दी गयी। इस मौके पर जेपी हॉस्पिटल और जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस परिसर के चारों ओर विधायक राज सिन्हा, जेपी हॉस्पिटल और जेपी इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर डॉ किमी मंडल भाजपा के जिला महामंत्री मानस प्रसून, प्रबीर मंडल, जेपी नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य,फार्मेसी की प्राचार्य नीलम सिंह ने विभिन्न फलों, फूलों और जनउपयोगी औषधियों का पौधा रोपण किया। इस मौके पर राज सिन्हा ने कहा कि जीवन शैली के कारण दिन प्रतिदिन हमारी पृथ्वी दूषित हो रही है, जिस कारण हम लोग प्रकृति का प्रकोप झेल रहे हैं। इस परिवेश में हमें पृथ्वी के संरक्षण के प्रति बहुत ही सजग होना होगा नहीं तो भविष्य में इसके बहुत दुष्परिणाम होंगे। अब हर व्यक्ति को आवश्यक रूप से वृक्षारोपण पर ध्यान देना चाहिए, तभी हम पृथ्वी को सही मायने में प्रदूषण मुक्त कर सकते हैं। जेपी हॉस्पिटल और जेपी इंस्टीट्यूशन का हर वर्ष के अंतराल में पौधारोपण कार्यक्रम और इसके प्रेरणा का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा कि हर वर्ष के अंतराल में पौधारोपण का कार्यक्रम जेपी ग्रुप द्वारा किया जाता है। जिसमें जेपी ग्रुप के समस्त डॉक्टर, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राए सम्मिलित होते हैं। प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि अपने घरों, ऑफिस और उपयुक्त स्थानों पर नियमित रूप से पौधा रोपण करें, साथ ही पौधे को भली भाती सुरक्षित एवं संरक्षित रखें और विभिन्न मौकों पर लोगों को पौधा भेंट कर पौधारोपण करने की प्रेरणा दें। भविष्य में इसका परिणाम पर्यावरण के मद्दे नजर बहुत सुखद होगा और हमारा आसपास हरा भरा होगा।

डीवीसी के सीटीपीएस में निवेश का चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया स्वागत

गिरिडीह सांसद ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय कोयला और खान मंत्री किशन रेड्डी के प्रति जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने डीवीसी के चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन में अत्याधुनिक 800*2 मेगावाट विस्तार की दो इकाई पावर प्लांट में कोल इंडिया द्वारा 16 500 करोड रुपये का निवेश करने के समझौते का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता झारखंड में रोजगार सृजन की संभावनाओं को बढ़ाने वाला है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन, बोकारो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और उनके सब का साथ सबका विकास के साथ सबका विश्वास का लक्ष्य सार्थक हो सका है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया ने दामोदर घाटी निगम द्वारा संचालित सीटीपीएस, बोकारो में 50-50 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी में 16500 करोड़ का निवेश कराने संबंधित ऐतिहासिक समझौता 21 अप्रैल को किया है। यह समझोता व्यावसायिक दृष्टिकोण के साथ-साथ रोजगार सृजन की संभावनाओं को बढ़ाने वाला है। यह स्वागत योग्य निर्णय है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया ने झारखंड के विकास और झारखंड के युवाओं के लिए रोजगार सृजन में सहयोग किया है। कोल इंडिया का यह सार्थक प्रयास और निर्णय झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

सिंदरी में चार नाबालिग लड़कियों की तस्करी का हुआ उद्भेदन

पुलिस ने चार युवकों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सिंदरी में मुसलमान लडकों के द्वारा चार नाबालिग हिंदू लड़कियों के तस्करी के मामले का उद्भेदन हुआ है। इस मामले में चारों नाबालिग युवतियों की घर वापसी करा दी गयी है और परिजनों ने चारों मुस्लिम युवकों को पकड़कर लिखित शिकायत के साथ पुलिस के हवाले कर दिया है। हिंदू नाबालिग लड़कियों के परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया है कि रविवार को मुसलमान युवकों का एक गिरोह सिंदरी की चार नाबालिग हिंदू लड़कियों की तस्करी कर बाहर ले जाना चाह रहा था। युवकों के गिरोह ने रविवार को ही संध्या लगभग सात बजे 2 हिंदू लडकियों को सिंदरी से पाथरडीह ले गया। पाथरडीह से दूसरा गिरोह झरिया ले गया। झरिया से तीसरा गिरोह धनबाद ले गया। सभी हिंदू नाबालिग लड़कियों को धनबाद में रखा गया था। इन दोनों लड़कियों की गायब की सूचना परिजनों ने बलियापुर पुलिस को दी। बलियापुर पुलिस की खोजबीन में रेलवे पुलिस ने दोनों युवतियों को पकड़कर परिजनों के हवाले कर दिया। परिजनों द्वारा पूछताछ में युवतियों ने बताया कि युवकों द्वारा उन्हें प्रेमजाल में फंसाकर ले जाया जा रहा था और उन दोनों के अलावा दो अन्य हिंदू नाबालिग युवतियों को देर रात सिंदरी से ले लाया जायेगा। परिजनों ने बताया कि दोनों युवतियों की निशानदेही पर उन्होंने दो मुस्लिम युवकों के द्वारा तस्करी कर ले जा रहे दोनों अन्य युवतियों को सिंदरी के ही दो मुस्लिम युवकों सोहैल अब्बास और मो अथसन अली के चंगुल से बचाया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग मंत्री सोनू गिरी ने इस संबंध में बताया कि सुबह सुबह घटना की जानकारी बजरंग दल को हुई। मौके पर मौजूद भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि सभी नाबालिग लडकियों के पिता बलियापुर थाना में मामला दर्ज करवा रहे हैं। इस आधार पर इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने सभी युवकों और युवतियों के परिजनों से पूछताछ की। बलियापुर थाना प्रभारी आशीष भारती ने बताया कि नाबालिग युवतियों के परिजनों की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर कतरी नदी तट पर शुरू हुआ जन जागरण

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। कतरी नदी पर यात्रा कर जन जागरण कार्यक्रम पृथ्वी दिवस के अवसर पर खमारगोडा। प्राथमिक विद्यालय, बाघमारा आंचल से प्रारंभ किया गया। जिसमें झारखंड किसान विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामचंद्र रवानी ने कहा कि संघ का इतिहास बहुत पुराना रहा है संघ ने नदी और प्रदूषण मुद्दे को लगातार उठाने का काम किया है, दामोदर नदी पर कई बार पद यात्रा, साइकिल यात्रा की गयी है, जिससे लोगों में जागरूकता आयी और दामोदर में प्रदूषण कुछ हद तक कम हुआ है, बड़े-बड़े फैक्ट्रियां एवं कल कारखाने ने भी दामोदर में अतिरिक्त कचरा गिरना कम किया है। संघ द्वारा किये गये 1999 की जल समाधि यात्रा को देखते हुए, राष्ट्रीय नदी संरक्षण ने 10 करोड़ 22 लाख रुपये दामोदर की सफाई के लिए आवंटित किया था। जिसकी एक सूचना संघ को भी पत्र देकर की गयी थी। इसी क्रम में कतरी नदी, खमारगोड़ा गांव, बाघमारा से जन जागरण की शुरूआत की गयी है, यह यात्रा पांच जून पर्यावरण दिवस तक चलेगी। झारखंड आंदोलनकारी शहीद काली सिंह और सीताराम सिंह को याद करते हुए, दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर मगधेश कुमार, गोविंद प्रसाद रमानी, किरण देवी, गीता देवी, उमेश ऋषि आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार

कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) में राज्य सरकार के चालू योजना तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना वर्ष 2025–26 एवं कतिपय अन्य योजनाओं जिनका कियान्वयन जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के द्वारा किया जाना संभावित है के अंतर्गत पंगेशियस/GIFT तिलापिया/अमृत कतला/अन्य उपयुक्त बीजों की आपूर्ति ली जानी है। आपूर्ति हेतु उक्त बीजों का अधिकतम दर 1.50/– रू0 प्रति पीस निर्धारित है। उक्त के आलोक में पंगेशियस/GIFT तिलापिया/अमृत कतला/अन्य उपयुक्त बीजों की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। ऐसे आपूर्तिकर्ता जो कार्यालय के नियम एवं शर्तों के अधीन मत्स्य बीज आपूर्ति की इच्छा रखते है वे जिला मत्स्य कार्यालय, राँची को इच्छा की अभिव्यक्ति प्रेषित कर सकते है।

– इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, डोरंडा, राँची।

–इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि– 02.05.2025 (कार्यालय अवधि तक)।

– मत्स्य बीज आपूर्ति की नियम एवं शर्तें प्रकाशित की गई है जो जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है या जिसकी प्रति कार्यालय से निःशूल्क प्राप्त की जा सकती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 350806 Fish (25-26)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL DIVISION, RANCHI

Very Short Tender No.-01 of 2025-26

1	Name of the Department	Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi.
2	Name of the Advertiser	Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi
3	Last date of sale of B.O.Q.	29.04.2025 up to 5.00 P.M.
4	Date and time of receipt of tender	30.04.2025 up to 3.00 P.M
5	Date and time of opening of tender	30.04.2025 at 3.30 PM. in Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi
6	Place of sale of B.O.Q.	• Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi • Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi.
7	Name of Office where receipt of tender	• Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi
8	Contact No	Contact :- 0651-3577997, 9431161242 e-mail :- dwsdmechranchi@gmail.com

Group	Name of work	Estimated Cost (in Rs)	Earnest money (In Rs)	Cost of Tender Document. Non-Refundable.(in Rs.)	Time of Completion
A	Making arrangement for providing 2 nos. pump operator (Semi-Skilled) through outsourcing agency for operating pump set at T.B. Sanatorium Itki Ranchi under D.W. & S. Mechanical Division Ranchi for the year 2025-26.	481880.00	9700.00	750.00	up to 31st March 2026
B	Making arrangement for providing pump driver 3 nos, (outsource) for RINPAS Kanke water supply under D .W. and S. Mechanical Division Ranchi for the year 2025-26.	722820.00	14500.00	1250.00	up to 31st March 2026

नोट – 1. उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा।

2. ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, से संवेदक–निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।

3. निविदा की सूचना तथा नियम शर्ते की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमण्डल,राँची।

PR.NO.350809 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला।

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला द्वारा विभिन्न स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन को उनके मांग के आधार पर भौचालय निर्माण की राशि हस्तांतरित की जाती थी। परंतु अभी तक उनके द्वारा भात प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी इस कार्यालय को नहीं किया गया है। इस हेतु समाचार पत्रों में निम्न स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन को सूचित किया जाता है कि अपने अपने प्रखंड अंतर्गत कनीय अभियंता/प्रखण्ड वॉश कॉडिनेटर से संर्पक कर दिनांक 25.04.25 तक निश्चित रूप से उपयोगिता प्रमाण पत्र/राशि की वापसी/समायोजन करा दिया जाय। अन्यथा बाध्य होकर संबंधित स्वयं सहायता समूह/ग्राम संगठन पर नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

क0सं0	प्रखंड	VO/SHG का नाम	पता	भौचालय की संख्या	भौचालय की राशि
1	बिशुनपुर	जय सरना महिला मंडल, रेहलदाग	ग्राम–रेहलदाग, पंचायत–घाघरा प्रखंड–बिशुनपुर जिला–गुमला।	117 अदद	14,04,000/–
2	बिशुनपुर	गोबरसेला आजीविका महिला ग्राम संगठन	ग्राम–गोबरसेला पंचायत–निरासी, प्रखंड–बिशुनपुर जिला–गुमला।	102 अदद	12,24,000/–
3	बिशुनपुर	लक्ष्मी आजीविका सखी मंडल, अमतीपानी	ग्राम–अमतीपानी, पंचायत–अमतीपानी, प्रखंड–बिशुनपुर जिला–गुमला।	80 अदद	9,60,000/–
4	घाघरा	चमेली महिला मण्डल, दिरगॉव	ग्राम–दिरगॉव पंचायत–दिरगॉव, प्रखंड– घाघरा जिला–गुमला।	115 अदद	13,80,000/–
5	गुमला	संगम महिला मंडल, फसिया लक्ष्मण नगर	ग्राम–फसिया लक्ष्मण नगर, पंचायत–फसिया प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला।	107 अदद	12,84,000/–
6	गुमला	सरना महिला मंडल, बसुआ बारहा टोली	ग्राम–बसुआ बारहा टोली, पंचायत–बसुआ प्रखंड–गुमला। जिला–गुमला।	160 अदद	19,20,000/–
7	पालकोट	चमेली महिला मंडल, ढेकराटोली	ग्राम–ढेकराटोली पंचायत–बघिमा प्रखंड–पालकोट जिला–गुमला।	199 अदद	23,88,000/–
8	पालकोट	अनुराग महिला मंडल,	प्रखंड–पालकोट जिला–गुमला।	35 अदद	04,20,000/–
8	पालकोट	संतोशी महिला मंडल, केराटोली	ग्राम–केराटाली, पंचायत–बिलिंगबीरा, प्रखंड–पालकोट जिला–गुमला।	35 अदद	04,20,000/–
8	पालकोट	आरती महिला मंडल, उमड़ा	ग्राम–उमड़ा पंचायत–उमड़ा प्रखंड–पालकोट जिला–गुमला।	35 अदद	04,20,000/–

कार्यपालक अभियंता–सह–सदस्य सचिव,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गुमला।

PR 350768 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

शरबत पर रामदेव का बयान माफी लायक नहीं : हाइकोर्ट

अपने विचार अपने तक रखें
बयान ने आत्मा झकझोर दी
कोर्ट की फटकार के बाद रामदेव हटायेंगे सारे वीडियो

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली हाइकोर्ट ने मंगलवार को उस वीडियो पर नाराजगी जतायी, जिसमें बाबा रामदेव ने शरबत जिहाद शब्द का इस्तेमाल किया था। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि यह बयान माफी लायक नहीं है। इसने कोर्ट की अंतरआत्मा झकझोर दी। कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि के फाउंडर रामदेव ने कहा कि हम ऐसे सभी वीडियो हटा लेंगे, जिनमें धार्मिक टिप्पणियां की गयी हैं। कोर्ट ने रामदेव को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। बता दें कि बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। बाबा रामदेव ने कहा था कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। इसके खिलाफ रूह अफजा शरबत बनाने वाली कंपनी हमदर्द ने दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

ऐसी बातें अपने तक रखें, जाहिर ना करें : हाइकोर्ट

पतंजलि की ओर से एडवोकेट राजीव नायर ने कहा कि हम सभी वीडियो हटा लेंगे। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि रामदेव एक हलफनामा दें कि आगे इस तरह की बयानबाजी नहीं करेंगे। अदालत ने कहा कि रामदेव ऐसी बातें अपने दिमाग तक सीमित रखें, इन्हें जाहिर ना करें।

मोदी दो दिनी दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे, 21 तोपों की सलामी दी गयी

सऊदी युद्धक विमानों ने एयरस्पेस में पीएम को दी सुरक्षा

एजेंसी

रियाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के दो दिन के दौरे पर पहुंच गये हैं। उनका प्लेन भारतीय समय के मुताबिक 3:20 बजे जेद्दाह में लैंड हुआ। इससे पहले सऊदी के एयरस्पेस में उनके प्लेन के एंटर होने पर सऊदी के लड़ाकू विमानों ने पीएम मोदी के प्लेन को सुरक्षा मुहैया करायी। सऊदी पहुंचने पर उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गयी।

पीएम के तीसरे कार्यकाल में यह पहली सऊदी यात्रा है। मोदी क्राउन प्रिंस से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच योग, मीडिया, मनोरंजन और खेल को लेकर एमओयू साइन किया जाना है। इसके बाद 23 अप्रैल को मोदी सऊदी की एक फैक्ट्री में भारतीय मजदूरों से मिलेंगे।

बता दें कि मिडिल ईस्ट में कुल 92 लाख भारतीय काम करते हैं, जिनमें करीब 27 लाख सऊदी में काम करते हैं। मालूम हो कि क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने पीएम मोदी को सऊदी आने का न्योते दिया था।

भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल बंद करने का निर्णय अगले दो दिन में : सुरेश पुजारी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए अगले दो दिनों में स्कूल बंद करने का निर्णय लिया जायेगा। राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि गर्मी की छुट्टियां जल्दी करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया है। इससे पहले मंत्री ने कहा कि अब सुबह का स्कूल चल रहा है। यदि आवश्यक हो, तो जिलापाल स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्कूल बंद करने का निर्णय ले सकते हैं। ओड़िशा में गर्मियों की स्थिति की समीक्षा जल्द ही की जायेगी। एक या दो दिन में विचार-विमर्श के बाद दिशा-निर्देश जारी कर दिये जायेंगे। सरकार इस बात को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था कर रही है कि भविष्य में तापमान और बढ़ सकता है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं।





आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**